www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:38

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.00 न्यू | 14.02 अधि |
| धर्मशाला | 6.02 न्यू | 18.05 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72026.15 |
| निफ्टी | 21710.80 |

सोना 63,530 चांदी 76,600

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शनिवार, 6 जनवरी 2024 | 22 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 19 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |



डलहौजी में स्थित है श्री रघुनाथ मंदिर...पेज 3

# न लोहा लगा न सीमेंट, शिलाओं को तराश कर बना अयोध्या धाम

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** नगरी को अलौकिक, अद्भुत और दिव्य बनाने के लिए मूर्तिकारों व शिल्पकारों ने अपनी कला का बेजोड़ नमूना पेश किया है। अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर शिलाओं को तराश कर बनाया गया है।




खास बात यह है कि मंदिर निर्माण में लोहे का एक टुकड़ा तक नहीं लगाया गया। यहां तक कि सीमेंट का इस्तेमाल भी नहीं किया गया है। हालांकि, मंदिर के नीचे 14 मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट (आरसीसी) बिछाई गई है। इसे कृत्रिम चट्टान का रूप दिया गया है। मंदिर को धरती की नमी से बचाने के लिए 21 फुट ऊंची प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाई गई है। जिन पत्थरों का इस्तेमाल मंदिर बनाने में किया गया है, उनकी लैब टेस्टिंग की गई है। पत्थर जोड़ने के लिए भी तांबे का इस्तेमाल किया गया है। इसका मकसद यही है कि मंदिर मजबूत हो और हर चुनौती से निपटने में सक्षम हो। यानी बाढ़-आंधी तूफान आने के बाद भी मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचे।



**380** फुट राम मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम)

**250** फुट चौड़ाई

**161** फुट ऊंचाई

**20** फुट हर मंजिल की ऊंचाई तीन मंजिला श्रीराम मंदिर में रहेगी।

**392** मंदिर में कुल खंभे

**44** द्वार होंगे।

**14** मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट (आरसीसी) मंदिर के नीचे बिछाई गई

## पांच मंडप मंदिर में होंगे

- नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप। साथ ही खंभों व दीवारों में देवी-देवता और देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं।
- 32 सीढ़ियां चढ़कर पूर्व दिशा से सिंह द्वार से होगा प्रवेश।
- दिव्यांगजन व वृद्धों के लिए रैंप व लिफ्ट की होगी व्यवस्था।
- मंदिर के चारों ओर आयताकार परकोटा रहेगा।
- चारों दिशाओं में कुल लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फुट होगी।
- चारों कोनों पर सूर्य देव, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव मंदिर बनेगा
- परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा, व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा।

## 50 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

**कन्फेडरेशन** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में 50 हजार करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान जताया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बयान जारी कर कहा कि अभी से ही मार्केट में राम मंदिर से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं की भारी डिमांड है।

## अयोध्या एयरपोर्ट का नाम होगा महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम

**प्रधानमंत्री** नेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने और इसका नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।



## न्यूज शॉर्ट्स

### सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा की तिथियों में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा की तिथियों में बदलाव कर दिया है। कक्षा 10वीं का तिब्बती पेपर जो चार मार्च को होना था, उसे अब 23 फरवरी को लिया जाएगा। 10वीं कक्षा का रिटेल पेपर जो 16 फरवरी को होना था, वो अब 28 फरवरी को होगा। 12वीं का फैशन स्टडीज का एग्जाम अब 11 मार्च की बजाय 21 मार्च को होगा।

### मिजोरम में भूकंप से हिली धरती, 3.5 रही तीव्रता



**नई दिल्ली।** मिजोरम के लुंगलेई में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था।

### शोपियां में मुठभेड़, जवानों ने एक आतंकी किया ढेर

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के चोटीगाम में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया गया। अभी एक और आतंकी के जंगलों में छिपे होने की आशंका है, जिसे मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। चोटीगाम इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर दी। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया।

## टॉप स्टोरीज

डीजीपी कुंडू-एसपी शालिनी का तबादला करने से जुड़े मामले पर फैसला सुरक्षित ...पेज 2

टीम इंडिया के आगे अब इंग्लैंड की चुनौती ...पेज 15

पांच आरोपी 'पॉलीग्राफी' टेस्ट के लिए तैयार, नीलम ने किया मना ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

प्रदेश हाई कोर्ट ने ओबेरॉय ग्रुप की पटीशन की खारिज, दो माह में देना होगा कब्जा

# आखिर हिमाचल सरकार को मिलेगा वाइल्ड फ्लॉवर होटल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** के छराबड़ा स्थित फाइव स्टार होटल वाइल्ड फ्लॉवर हॉल पर मालिकाना हक के मामले में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने ओबेरॉय ग्रुप की रिव्यू पटीशन खारिज कर दी है। प्रदेश सरकार को लंबी अदालती लड़ाई के बाद आखिर शिमला स्थित फाइव स्टार होटल वाइल्ड फ्लावर मिलेगा। कोर्ट ने दो माह में ओबेरॉय ग्रुप को वाइल्ड फ्लॉवर होटल हिमाचल सरकार को सौंपने के लिए कहा है।

जस्टिस सत्यैन वैद्य की बेंच ने यह फैसला प्रदेश सरकार के वारंट ऑफ पॉजिशन पर दिया है। इस फैसले की कंप्लायंस रिपोर्ट 15 मार्च तक कोर्ट को देनी होगी। इससे पहले सरकार ने पिछले साल 18 नवंबर को वाइल्ड फ्लॉवर होटल पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद एचपीटीडीसी होटल के संचालन के लिए वहां अपना एडमिनिस्ट्रेटर भी बिठा दिया था, लेकिन कुछ ही घंटे के भीतर ओबेरॉय ग्रुप हाई कोर्ट से स्टे ले आया था। इसके बाद ओबेरॉय ग्रुप ने कोर्ट में रिव्यू पटीशन डाला था।



- फैसले की 15 मार्च तक कोर्ट को देनी होगी कंप्लायंस रिपोर्ट

### 22 साल चली लड़ाई

**हाई** कोर्ट ने राज्य सरकार को होटल की इक्विटी की अदायगी करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार के सीनियर एडिशनल एडवोकेट जनरल आईएन मेहता ने बताया कि 22 साल की लंबी अदालती लड़ाई के बाद अंततः वाइल्ड फ्लॉवर होटल का मालिकाना हक सरकार को मिलने जा रहा है।

### 1993 में लगी थी भीषण आग

**वाइल्ड** फ्लॉवर पहले एचपीटीडीसी के पास था, मगर पांच अप्रैल 1993 को बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग से लकड़ी से बना होटल जलकर राख हो गया था। इस स्थान पर नया होटल बनाने के लिए राज्य सरकार ने ओबेरॉय ग्रुप की ईस्ट इंडिया होटल कंपनी के साथ करार किया। करार के अनुसार, कंपनी को चार साल के भीतर पांच सितारा होटल का निर्माण करना था। ऐसा न करने पर कंपनी को दो करोड़ रुपए जुर्माना प्रतिवर्ष राज्य सरकार को अदा करना था। वर्ष 1996 में सरकार ने कंपनी के नाम जमीन को ट्रांसफर किया।

### 2002 में कंपनी से रद्द किया था करार

**छह** वर्ष बीत जाने के बाद भी कंपनी पूरी तरह होटल को उपयोग लायक नहीं बना पाई। साल 2002 में सरकार ने कंपनी के साथ किए गए करार को रद्द कर दिया। सरकार के इस निर्णय को कंपनी लॉ बोर्ड के समक्ष चुनौती दी गई। बोर्ड ने कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया था। सरकार ने इस निर्णय को हाई कोर्ट की एकल पीठ के समक्ष चुनौती दी। हाई कोर्ट ने मामले को निपटारे के लिए मध्यस्थ के पास भेजा। मध्यस्थ ने कंपनी के साथ करार रद्द किए जाने के सरकार के फैसले को सही ठहराया था और सरकार को संपत्ति वापस लेने का हकदार ठहराया।

### यह है पूरा मामला

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा था कि लीज पर दी गई 126 बीघा जमीन का एक भी पैसा राज्य सरकार को नहीं मिला है। यह हमारा अधिकार है। सरकारें आती-जाती रहेंगी, लेकिन हम अपनी संपदा लूटने नहीं देंगे। हिमाचल सरकार और ओबेरॉय ग्रुप के बीच हुए एग्रीमेंट के बावजूद पिछले 25-30 सालों से सरकार को एक फूटी कौड़ी नहीं मिली। इससे सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ। सुक्खू ने कहा कि ओबेरॉय ग्रुप ने लगभग 120 करोड़ रुपए हिमाचल को देने थे, लेकिन नहीं दिए।

# 4797 करोड़ की पृथ्वी विज्ञान योजना को मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 4797 करोड़ रुपए की व्यापक योजना 'पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी)' को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।



पृथ्वी विज्ञान योजना को 2021-26 की अवधि के लिए मंजूरी दी गई है। इस योजना में पांच उप-योजनाएं, वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएं, महासागर सेवाएं, मॉडलिंग अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी, ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान, भूकंप विज्ञान और भूविज्ञान और अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संयुक्त लघु उपग्रह के विकास के सहयोग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और मॉरीशस अनुसंधान एवं नवाचार परिषद (एमआरआईसी) के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी है। इसरो और एमआरआईसी के बीच एक नवंबर, 2023 को पोर्ट लुइस, मॉरीशस में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन से अवगत कराया गया।

### केंद्रीय कैबिनेट

- अंतरिक्ष क्षेत्र में इसरो-एमआरआईसी में समझौता ज्ञापन को भी हरी झंडी

### भारत-मॉरीशस संयुक्त रूप से एक छोटा उपग्रह भेजेगा

**भारत** और मॉरीशस संयुक्त रूप से एक छोटा उपग्रह विकसित करेंगे। इस उपग्रह को अगले साल इसरो की ओर से लांच किया जाएगा। भारत और मॉरीशस ने पिछले साल एक नवंबर को विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन की पोर्ट लुइस यात्रा के दौरान एक संयुक्त छोटे उपग्रह के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

### रेलवे में कार्बन उत्सर्जन को रोकने की मंजूरी

**भारतीय** रेलवे को 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने में मदद के लिए भारत और यूएसएआईडी के बीच हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी। भारतीय रेलवे ने एमओयू भारतीय रेलवे को रेलवे क्षेत्र में नवीनतम विकास और ज्ञान को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। डीजल और कोयले जैसे आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

# जेपी नड्डा की अध्यक्षता में कोर ग्रुप ने बनाई लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति

## बिंदल बोले- पार्टी चुनाव के लिए तैयार, आगामी तीन माह के कार्यों पर फोकस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**भाजपा** कोर ग्रुप की बैठक शुक्रवार देर शाम शिमला के पीटरहॉफ में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बताया कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और पार्टी की आगामी रणनीति के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। भाजपा-2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है और आगामी तीन महीने के अंतर्गत क्या कार्य रहने वाले हैं, उसके बारे में भी विस्तृत चर्चा की गई है। राम मंदिर की स्थापना और हिमाचल प्रदेश की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह प्रभारी संजय टंडन, सांसद सुरेश कश्यप आदि मौजूद थे। -संबंधित खबर पेज-3




शिमला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व अन्य।

नई दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री से मिले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू

# कांगड़ा एयरपोर्ट का तेजी से हो विस्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट की। ए320 विमानों के संचालन के लिए कांगड़ा हवाई अड्डे के 1376 मीटर से बढ़ाकर 3010 मीटर तक प्रस्तावित विस्तारीकरण के कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के हवाई अड्डे के निर्माण में शीघ्र कार्रवाई की जाए, जिसके लिए राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी करेगी। पहले चरण में राज्य में प्रस्तावित नौ हेलिपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने का भी आग्रह किया।



नई दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य से मिलते सीएम सुक्खू।

### कुल्लू के लिए शुरू हों अतिरिक्त उड़ानें

**मुख्यमंत्री** ने संजौली हेलिपोर्ट के संचालन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने पर्यटकों की सुविधा के लिए चंडीगढ़ से कुल्लू के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने का आग्रह किया।

### बिजली परियोजनाओं से मिलनी चाहिए रॉयल्टी

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू केंद्रीय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से भी मिले। एसजेवीएन और एनएचपीसी की ओर से निष्पादित बिजली परियोजनाओं में विलंबित रॉयल्टी के कारण होने वाली राजस्व हानि पर चर्चा की। राज्य की विद्युत नीति के तहत मुफ्त बिजली देने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने सहमति जताई कि विद्युत परियोजनाओं में कम से कम 12 प्रतिशत न्यूनतम रॉयल्टी मिलनी चाहिए।



**कामयाबी** फ्यूल सेल तकनीक का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण, स्पेस कैंपेन को मिलेगा बढ़ावा

# इसरो ने हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से बनाई ऊर्जा

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 की सफलता के बाद एक और कारनामा कर दिखाया है। इसरो ने फ्यूल सेल तकनीक (ईंधन सेल प्रौद्योगिकी) का सफल परीक्षण किया है। इससे भविष्य में अंतरिक्ष से जुड़े अभियानों को लेकर प्रणालियों के डिजाइन के लिए आंकड़े एकत्रित करने में मदद मिलेगी।



इसरो ने कहा कि केवल पानी का उत्सर्जन करने वाली यह ईंधन सेल अंतरिक्ष में बिजली उत्पादन का भविष्य है। इससे निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में स्पेस कैंपेन को बढ़ावा मिलेगा। अंतरिक्ष में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और पीने के पानी के लिए यह तकनीक सबसे आदर्श है। इस प्रयोग का उद्देश्य अंतरिक्ष में पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेंब्रेन फ्यूल सेल के संचालन का आकलन करना है। भविष्य के अभियानों के लिए प्रणालियों के डिजाइन को लेकर आंकड़ें एकत्रित होंगे।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को अंतरिक्ष में 100 वॉट श्रेणी के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेंब्रेन फ्यूल सेल पर आधारित पावर सिस्टम (एफसीपीएस) का सफल परीक्षण किया। इसरो ने पहली जनवरी को पीएसएलवी-सी58 मिशन के साथ पीओईएम को लांच किया था। अब अंतरिक्ष में इसका परीक्षण किया गया, जो सफल रहा। इस परीक्षण के दौरान हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस की मदद से हाई प्रेशर वेसल में 180 वॉट ऊर्जा उत्पन्न की है। इसरो ने बताया कि फ्यूल सेल तकनीक की मदद से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से ऊर्जा उत्पन्न की गई। साथ ही इससे पीने का पानी मिला और कोई उत्सर्जन भी नहीं हुआ।

### वाहनों में भी इस्तेमाल हो सकती है तकनीक

**फ्यूल** सेल तकनीक के फायदों के देखते हुए ही अब वाहनों में भी बैट्रीज की जगह इसी तकनीक का इस्तेमाल करने पर विचार किया जा रहा है। इससे न सिर्फ पारंपरिक इंजनों को जल्द रिचार्ज किया जा सकेगा। साथ ही इससे वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर भी बहुत हद तक काबू पाया जा सकेगा।

### आज आदित्य एल-1 को अंतिम कक्षा में पहुंचाने की तैयारी

**इसरो** ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए देश के पहले अंतरिक्ष-आधारित मिशन आदित्य एल-1 को शनिवार को पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर उसकी अंतिम गंतव्य कक्षा में स्थापित करने की तैयारी कर ली है। इसरो अधिकारियों के अनुसार, अंतरिक्ष यान पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल-1) के आसपास एक 'हेलो' कक्षा में पहुंचेगा। 'लैग्रेंज वाइंट' वह क्षेत्र है, जहां पृथ्वी और सूर्य के बीच गुरुत्वाकर्षण निष्क्रिय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 'एल-1 प्वाइंट' के चारों ओर 'हेलो' कक्षा में उपग्रह से सूर्य को लगातार देखा जा सकता है।

## टीएमसी नेता के घर रेड डालने पहुंची ईडी की टीम पर हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राशन घोटाला मामले में टीएमसी नेता शेख शाहजहां के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम पर कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। हमलावरों ने टीम के वाहनों की तोड़फोड़ की है। अधिकारी ने बताया कि जब ईडी अधिकारी संदेशखली इलाके में शेख के आवास पर पहुंचे, तो बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने ईडी अधिकारियों और उनके साथ आए केंद्रीय बलों के जवानों को घेर लिया। हमले में ईडी के सहायक अधिकारी सहित दो अधिकारी घायल हुए हैं। वहीं, ईडी के अधिकारी राज्य में 15 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं और शेख का आवास उनमें से एक है। राशन घोटाला मामले में ईडी ने बनगांव में पूर्व बनगांव नगर पालिका अध्यक्ष शंकर आध्या के आवास पर भी छापेमारी की।

# हरियाणा में पूर्व विधायक के घर से पांच करोड़ का कैश मिला

एजेंसी, चंडीगढ़

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पूर्व विधायक एवं अभय सिंह चौटाला के समधी दिलबाग सिंह के ठिकानों से करोड़ों की नकदी के अलावा शराब और हथियार व सोना बरामद किया है।

ईडी के अधिकारियों की टीमों ने वीरवार को हरियाणा में खनन कारोबारियों के आवास व अन्य प्रतिष्ठानों पर छापा मारा था। यह छापेमारी शुक्रवार सुबह तक जारी रही। ईडी ने सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार और यमुनानगर से इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के आवास और घर पर भी छापेमारी की। दिलबाग सिंह के ठिकानों से पांच करोड़, विदेशी हथियार, 300 कारतूस, तीन सोने के बिस्किट, विदेशी शराब की 100 से ज्यादा बोतलें व विदेश में बनाई कई संपत्तियों के कागजात समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं। ईडी ने वीरवार को हरियाणा में अवैध खनन मामले को लेकर 20 जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने इनेलो नेता और पूर्व विधायक रह चुके दिलबाग सिंह के घर भी छापेमारी की गई थी।



- विदेशी हथियार, 300 कारतूस और सोना भी बरामद
- विदेश में बनाई संपत्तियों के कागजात भी मिले



अनिल शर्मा
ब्यूरो प्रभारी जिला मंडी
9418980288
8263880288

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



नूतन प्रकाश ठाकुर
संवाददाता दैनिक अनंत ज्ञान, उपमंडल बालीचौकी
मोबाइल- 7018652743












### हिमाचलियों और पंजाबियों ने मिलकर करवाया था मंदिर का निर्माण

# डलहौजी में स्थित है श्री रघुनाथ मंदिर

**एमएम डैनियल / मुकेश कुमार, चंबा/डलहौजी**

डलहौजी घूमने के लिए ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था से भी जाना जाता है। यहां हर धर्म से जुड़ी संस्कृति की अटूट मिसाल देखने को मिलती है, जिसमें डलहौजी के गांधी चौक पर निर्मित भगवान श्री रघुनाथ मंदिर भी एक है। मंदिर का निर्माण डलहौजी के स्थानीय लोगों व पंजाब वासियों ने भगवान श्रीराम के प्रति आस्था का परिचय देते हुए करवाया है। मंदिर में स्थापित भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व पवन पुत्र हनुमान की मूर्तियां सफेद संगमरमर युक्त संपूर्ण अभूषणों एवं धनुष सहित आशीर्वाद मुद्रा मौजूद हैं।

श्री रघुनाथ मंदिर संस्था प्रधान सुभाष चौहान, मुख्य सचिव वीरेंद्र ठाकुर, मुख्य कार्यकर्ता रणजीत चौहान मंदिर में सेवाएं दे रहे हैं, जबकि वर्ष 2009 से पंडित सुनील शास्त्री मंदिर प्रधानाचार्य आचार्य रूप में मंदिर सेवाएं दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों व विशेषकर युवाओं द्वारा भी समय-समय पर मंदिर कमेटी को अपनी सेवाएं प्रदान कर भगवान श्रीराम व अन्य देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

मंदिर में प्रतिवर्ष हिंदू धर्म के अंतर्गत आने वाले समस्त देव पूजन, व्रत खासकर जन्माष्टमी, शिवरात्रि और भाद्रपद मास में भगवान श्रीगणेश के नूतन विग्रह की 11 दिन पूजा होती है। वहीं, वर्ष में आने वाले नवरात्र का पूजन विधिवत करवाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### 1988 में किया गया था श्री रघुनाथ मंदिर का निर्माण



**श्री** रघुनाथ मंदिर गांधी चौक डलहौजी में मंदिर की स्थापना एवं नूतन विग्रह स्थापना में भगवान श्रीराम परिवार, मां दुर्गा, श्री राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना वर्ष1988 में पंजाब राज्य के जालंधर, अमृतसर सहित हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के पर्यटक स्थल डलहौजी वासियों के संयुक्त तत्त्वावधान से किया गया। जबकि वर्ष 2010 में भगवान शिव परिवार मंदिर की स्थापना अप्रैल 2010 में पंडित सुनील शास्त्री द्वारा करवाई गई है। इसी वर्ष 2010 के अगस्त मार्च में पवन पुत्र पंचमुखी हनुमान के स्वरूप की स्थापना भी की गई है। वर्ष 2012 में मंदिर के प्रांगण में शनि देव के स्वरूप एवं शीला स्वरूप की स्थापना की गई।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट में जयराम ठाकुर अभी भी मुख्यमंत्री

# हिमाचल प्रदेश में दो मुख्यमंत्री!




**कपिल पंडित, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान खासखबर

हिमाचल में सत्ता परिवर्तन हुए एक साल से अधिक का वक्त हो गया है। पूर्व भाजपा सरकार सत्ता से चली गई है और सुक्खू सरकार सत्ता में काबिज हैं, लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट में जयराम ठाकुर अभी भी मुख्यमंत्री और राम सुभाग सिंह मुख्य सचिव ही हैं।

बता दें कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत महिला एवं बाल विकास की वेबसाइट में स्कीम वाले सेक्शन में मुख्यमंत्री बाल सुपोषण योजना की जानकारी को लेकर एक पीडीएफ अपलोड है।

पीडीएफ में योजना के बारे में विस्तृत जानकारी है। इस पीडीएफ में अब भी हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर हैं और मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह हैं। इसमें मुख्यमंत्री के तौर पर जयराम ठाकुर और मुख्य सचिव के तौर पर राम सुभाग सिंह का संदेश है। हैरानी इस बात की है कि सत्ता परिवर्तन के एक साल बाद भी वेबसाइट से पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह के संदेश युक्त स्कीम की पीडीएफ को हटाने की जहमत नहीं उठाई गई है। मुख्यमंत्री बाल सुपोषण योजना की बात करें तो यह हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक पोषण योजना है।






योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाना है, ताकि बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हो सके। इस योजना में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को शामिल किया गया है। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना भी इस योजना का उद्देश्य है। बाल सुपोषण योजना पूर्व सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई थी, विभाग के बाल पोषण अभियान के दौरान उक्त योजना को शुरू किया गया था, लेकिन यह योजना अधिक सफल नहीं हो पाई।



### सुक्खू सरकार के एक साल के कार्यकाल के बाद भी विभागीय जानकारी कर रही गुमराह

प्रदेश सरकार एवं विभाग द्वारा बाल पोषण को लेकर एक नई योजना जल्द शुरू की जाने वाली है। पूर्व सरकार द्वारा शुरू की गई बाल सुपोषण योजना को वेबसाइट से अभी तक नहीं हटाया गया है और यही कारण है कि उसमें जानकारी पूर्व में अपलोड किए गए दस्तावेजों के आधार पर है। अशोक कुमार शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी कांगड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, नड्डा बोले- तीन राज्यों की हैट्रिक 2024 में दिल्ली हैट्रिक की गारंटी

# सोलन में नड्डा का रोड शो, शिमला में अभिनंदन

**अनंत ज्ञान टीम, सोलन/शिमला**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का शुक्रवार को सोलन में रोड शो हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। रोड शो मॉल रोड स्थित चिल्ड्रन पार्क से पुराना बस स्टैंड तक आयोजित किया गया। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और अन्य भाजपा के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

इस मौके पर नड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास से साबित हो गया कि देश में एक ही गारंटी है वह है मोदी की गारंटी। नड्डा ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस ने जो भी वादा किया था वह पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिला सशक्ति करने के लिए कार्य किया है आज शत प्रतिशत महिलाएं उज्ज्वला योजना से लाभान्वित हुई हैं।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के सोलन में रोड शो करने के बाद शिमला पहुंचने पर पीटरहाफ में आयोजित अभिनंदन समारोह में शिरकत की। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिमला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नड्डा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में संगठनात्मक जिला महासू से करीब 3000 कार्यकर्ता और संगठनात्मक जिला शिमला से 2500 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि झूठ बोलकर राजनीति नहीं चलती है, लोगों को धोखे में डालकर राजनीति नहीं होती, इसलिए देखते ही देखते छत्तीसगढ़ में कांग्रेस साफ और राजस्थान में भी भाजपा का कमल खिल गया। नड्डा ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में आज भाजपा की सरकार है और ये हैट्रिक इस बात की गारंटी है कि 2024 में दिल्ली में हैट्रिक होगी और वहां भी हमारी सरकार आएगी। नड्डा ने कहा कि नया साल राममय होने वाला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अपने घरों में राम ज्योति के पांच दीपक जलाएं। साथ ही 14 से 22 जनवरी तक मंदिरों में सफाई अभियान चलाएं। नड्डा ने कहा कि आज तक कांग्रेस ने जनता के साथ किया एक भी वायदा पूरा नहीं किया। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पक्की गारंटी होती है और गारंटी पूरी होने की भी गारंटी होती है।



सोलन में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन सवीकार करते जेपी नड्डा।

### नड्डा ने की शिमला माल रोड की सैर



शिमला के माल रोड की सैर करते जेपी नड्डा व भाजपा के पदाधिकारी।

**जेपी** नड्डा ने शुक्रवार शाम के समय शिमला के माल रोड की सैर करते हुए अपने पुराने दिनों को भी याद किया। इस दौरान उन्होंने अपने पुराने दोस्तों के साथ इंडियन कॉफी हाउस में कॉफी का भी लुत्फ उठाया। इस दौरान राष्ट्रीय भाजपा उपाध्यक्ष सौदान सिंह, पुर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा हिमाचल अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद रहे।

### न महिलाओं को मिले 1500, न युवाओं को रोजगार

**प्रदेश** सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस एक भी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई है। न महिलाओं को 1500 रुपए मिले हैं न ही बेरोजगारों को रोजगार मिल पाया है। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की भी पीठ थपथपाई।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रेक फेल होने से पलटी एचआरटीसी की बस

**सरकाघाट।** सरकाघाट पथ परिवहन निगम डिपो की बस की अचानक ब्रेक फेल हो गई। इस दौरान ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए बस को सड़क के किनारे पहाड़ी से टकरा दिया और बस पलट गई। हादसा शुक्रवार सुबह 7:15 बजे हुआ। बस जमनी से सरकाघाट के लिए रवाना हुई। भलयारा गांव के पास सवारी बिठाकर जैसे ही बस 100 मीटर आगे गई तो ड्राइवर के ब्रेक लगाने पर ब्रेक नहीं लगी। सवारियों की जान बचाने के लिए ड्राइवर ने पहाड़ी के साथ बस को टकरा दिया और बस पलट गई। बस पलटने के दौरान उत्तर प्रदेश का मजदूर सुनील कुमार घायल हुआ है, जिसे मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया गया है। ड्राइवर ओम प्रकाश, कंडक्टर रमेश चंद व दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना का पता चलते ही रीजनल मैनेजर सरकाघाट मेहर चंद स्पॉट पर पहुंचे । उन्होंने बताया कि मंडी से वर्कर्स मैनेजर की अगुआई में टीम पहुंच चुकी है, जो हादसे के कारणों का पता करेगी।

### उद्घोषित अपराधी कंडाघाट से गिरफ्तार

**सुंदरनगर।** पीओ सेल मंडी टीम ने जिला न्यायालय के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-एक में विचाराधीन दुर्घटना मामले में उद्घोषित अपराधी को सोलन जिला के कंडाघाट से गिरफ्तार किया है। पीओ सेल टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को पुलिस थाना औट के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक कुमार पुत्र भगत राम गांव दोलग डाकघर कंडाघाट तहसील कंडाघाट जिला सोलन पर पुलिस थाना औट में वर्ष 2017 में दुर्घटना की एफआईआर दर्ज की गई थी। वहीं, आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-एक मंडी के न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। वहीं, ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से लगातार गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे 16 मई, 2023 को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया। पीओ सेल मंडी टीम ने एचएचसी मोहिंद्र सैणी व रवि कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल विवेक भंगालिया और दिनेश चौधरी की टीम ने आरोपी को जिला सोलन के कंडाघाट से गिरफ्तार किया गया है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी सौम्या सांबशिवन ने की है।

### अफीम के साथ मंडी का व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के भुंतर में मंडी ज़िले के एक युवक को 80 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना भुंतर के अंतर्गत पुलिस ने एक व्यक्ति रामू (31) पुत्र पूर्ण चंद गांव घ्यूंधार डॉ. व तहसील रिवालसर जिला मंडी के कब्जे से 80 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है, जहां उसे पुलिस रिमांड पर लेने की अर्जी लगाई जाएगी।

### दो कमरों के शेड में आग, अढ़ाई लाख का नुकसान

**कुल्लू।** कुल्लू के जरड़ में दो कमरों के शेड में आग लग गई, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना भुंतर के अंतर्गत एक व्यक्ति राम सिंह पुत्र रुलिया राम निवासी गांव जरड़ डाकघर व तहसील भुंतर जिला कुल्लू के दो कमरे के शेड में आग लग गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस आगजनी में करीब 2.5 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है, जबकि घटना में किसी तरह का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### बगैर स्वीकृति के काट डाले चीड़ के 50 पेड़

**बिझड़ी।** उपमंडल मुख्यालय बड़सर के करीबी इलाके में तकरीबन 50 चीड़ के पेड़ काटने का मामला प्रकाश में आया है। इस सिलसिले को लेकर जब किसी ने शिकायत की तो वन विभाग भी हरकत में आ गया। यह पेड़ किसने काटे वन विभाग को पहले तो पता ही नहीं चल पाया, लेकिन जब हो हल्ला हुआ, तो विभाग भी हरकत में आ गया और डैमेज रिपोर्ट तैयार करके संबंधित लोगों पर जुर्माना डाला गया। यह सारे पेड़ वन विभाग की स्वीकृति के बगैर काटे गए थे, जिस जगह से पेड़ काटे गए वहां की निशानदेही नहीं हुई थी। राकेश कुमार नंदा का कहना है कि 50 के करीब क्या के पेड़ किसानों द्वारा कटवाए गए थे। एलपीए एक्ट के तहत जुर्माना लगा दिया गया है।

# उपराष्ट्रपति आज पहुंचेंगे हमीरपुर

## दोसड़का में पुलिस ग्राउंड और एनआईटी में होंगे कार्यक्रम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के एक दिन के दौरे को लेकर हमीरपुर में जबरदस्त पुलिस व्यवस्था की गई है। उपराष्ट्रपति के हमीरपुर में दो कार्यक्रम हैं। पहला कार्यक्रम दो सदका में स्थित पुलिस लाइन में होगा, जबकि दोपहर का भोजन करने के बाद उनका दूसरा कार्यक्रम एनआईटी में होगा।

उपराष्ट्रपति करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के छात्र शिक्षक संवाद कार्यक्रम के तहत संवाद करेंगे। यूनिवर्सिटी का यह कार्यक्रम एनआईटी और आईआईटी के छात्रों के संवाद के रूप में होगा। उपराष्ट्रपति के दौरे के दूसरे कार्यक्रम के वक्त उनकी धर्मपत्नी सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के दाड़ला भलेठ में जा सकती हैं, जहां पर आंगनबाड़ी केंद्र है। वह वहां पर पहुंचकर अलग से कोई अनुभव करना चाह रही हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक इसकी व्यवस्था कर दी गई है, जब तक का कार्यक्रम चलेगा उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी वहां का दौरा करके एनआईटी लोट आएंगी। उपराष्ट्रपति के दौरे के दौरान बिलासपुर, भोरंज, ऊना से आने वाली बसें और अन्य वाहन दोसड़का और सुजानपुर व नादौन क्षेत्र से आने वाले वाहन मेन मार्केट बस स्टैंड से पुलिस लाइन तक पहुचेंगे। वहां से लोगों को उतारने के बाद उनके लिए बडू में पार्किंग व्यवस्था कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर होंगे साथ

**उपराष्ट्रपति** सुबह करीब 11:20 बजे एनआईटी हेलिपैड पर उतरेंगे और उसके तुरंत बाद दोसड़का के पुलिस ग्राउंड के लिए रवाना होंगे। इस दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के अलावा उपराष्ट्रपति के दौरे के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 'मिनिस्टर इन वेटिंग' के रूप में नामित किए गए कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी भी उपराष्ट्रपति के साथ रहेंगे। जगदीप धनखड़ पुलिस ग्राउंड में 'एक से श्रेष्ठ' के 500वें केंद्र के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। दोपहर बाद दो बजे उपराष्ट्रपति राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के सभागार में 'विकसित भारत-2027 में युवाओं की भूमिका' विषय पर एनआईटी और करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी सुजानपुर के एक आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा करेंगी। शाम को करीब चार बजे उपराष्ट्रपति दिल्ली लौट जाएंगे।

### मैदानी क्षेत्रों में छह तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट

# प्रदेश के कई भागों में नौ और दस को बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में बीते कई दिनों से लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश भर में लोगों को लंबे समय से बारिश और बर्फबारी का इंतजार है, जिससे कड़ाके की ठंड से निजात मिल सके।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी पुर्वानुमानों के अनुसार प्रदेश के कई भागों में तीन दिन बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आठ जनवरी की रात से सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य के कई भागों में नौ और दस जनवरी तक बारिश-बर्फबारी होने की संभावना हैं। 11 जनवरी से मौसम साफ रहने के आसार हैं। उधर, मैदानी क्षेत्रों में छह जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट है।

अगले दो दिनों के दौरान मंडी, बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा, सिरमौर और सोलन के कुछ एक क्षेत्रों में सुबह के समय अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। सुबह के समय वाहन सावधानी से चलाने की सलाह दी गई है। शुक्रवार को राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि, मैदानी क्षेत्रों में कोहरा पड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार सुबह ऊना, मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन व सिरमौर के मैदानी क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा।

### राज्य के कई क्षेत्रों में तापमान शून्य से नीचे



**राज्य** में पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते कई क्षेत्रों में न्यूनतन तापमान शुन्य से नीचे आ गया है। सुंदरनगर और कल्पा में तापमान शुन्य डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। सुंदरनगर 0.5, भुंतर -0.9, कल्पा -1.8, शिमला में 4.0 डिग्री सैल्सियस, धर्मशाला 6.2, ऊना 1.5, नाहन 6.6, पालमपुर 3.0, सोलन 1.0, कांगड़ा 3.7, मंडी 0.5, चंबा 3.0, डलहौजी 4.1, जुब्बड़हट्टी 5.2, कुफरी 3.5, रिकांगपिओ 0.2 बरठीं 0.6 डिग्री सैल्सियस रहा।

### विंटर कार्निवाल — माइनस तापमान में हुस्न के जलवे बिखेर रहीं देशभर की सुंदरियां

# किसके सर सजेगा ताज, फैसला आज

**कमलेश वर्मा, मनाली**

विंटर कार्निवाल का आकर्षण रहने वाली शरद सुंदरी प्रतियोगिता अब रोचक दौर में पहुंच गई है। शुक्रवार को जहां दिन के समय ग्रूमिंग सेशन हुआ वहीं, रात को देशभर की 27 सुंदरियों ने माइनस तापमान में रैंप पर हुस्न के जलवे बिखेरे। इस दौरान कड़े मुकाबले में 27 में से अब टॉप-देन प्रतिभागियों के बीच शरद सुंदरी का चयन किया जाएगा।

विंटर क्वीन बनने की चाह में पहुंची हुस्न की परियों ने विंटर कार्निवाल में भारी ठंड के बावजूद हुस्न के जलवे बिखेरे। देशभर की 28 सुंदरियों ने विंटर क्वीन प्रतियोगिता में भाग लिया। शुक्रवार को इन 28 में से 18 सुंदरियां बाहर हुईं। अब मैदान में दस सुंदरियां शेष रह गई हैं।

मनु रंगशाला में आयोजित विंटर क्वीन की प्रतिभागियों ने ट्रेडिशनल राउंड में पारंपरिक परिधानों को पहल कैट वॉक किया। सभी प्रतिभागियों ने मनु रंग शाला में बैठी दर्शक दीर्घा को अपनी पारंपरिक वेशभूषा का विस्तृत ब्यौरा भी दिया। विंटर कार्निवाल मनाली में विंटर क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहता है। इसके रंगशाला में वायस ऑफ कार्निवाल के प्रतिभागियों ने भी इस दौरान एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। ग्रूमर दिव्यांगना मेहत्ता ने बताया कि शनिवार को शरद सुंदरी का चयन किया जाएगा। विंटर कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने बताया कि सभी प्रतियोगिता में पारदर्शिता लाने को विशेषज्ञ जजों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि विंटर कार्निवाल रौचक दौर में पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)




मनु रंगशाला में विंटर क्वीन प्रतिभागिता के दौरान रैंप पर प्रस्तुति देतीं सुंदररियां।

### स्वास्थ्य मंत्री ने 102 व 108 एंबुलेंस सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

**शिमला।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल ने शुक्रवार को 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन और रखरखाव पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एंबुलेंस सेवा प्रदाता को अपनी सेवाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता से शिकायतें मिली हैं कि कंपनी मानदंडों के अनुसार एंबुलेंस नहीं चला रही है।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों द्वारा जन प्रतिनिधियों के ध्यान में यह बात लाई गई है कि एंबुलेंस सेवा प्रदाता द्वारा चलाई जा रही 102 व 108 एम्बुलेंस में या तो बुनियादी सुविधाओं, जैसे कि सहायता प्रदाता, ऑक्सीजन सिलेंडर या अन्य चिकित्सा उपकरण का अभाव है या फिर इन बुनियादी सुविधाओं का पर्याप्त रखरखाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही इन सेवाओं में सुधार नहीं किया गया और लोगों की शिकायतें जारी रहीं, तो सेवा प्रदाता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# डीजीपी कुंडू-एसपी शालिनी का तबादला करने से जुड़े मामले पर फैसला सुरक्षित

## हाई कोर्ट में दिनभर चली सुनवाई, 26 को दिए थे वर्तमान पदों से हटाने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

डीजीपी संजय कुंडू और एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री का तबादला करने से जुड़े आदेशों को वापस लेने से जुड़े आवेदनों पर प्रदेश हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। दिनभर चली सुनवाई के पश्चात मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने सभी पक्षकारों की ओर से दी गई दलीलों को सुनने के पश्चात अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।



पालमपुर के कारोबारी निशांत कुमार शर्मा की सुरक्षा और मामले की स्वतंत्र जांच को लेकर इस मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई हो रही है। कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी कर कारोबारी को उचित सुरक्षा मुहैया करवाने के आदेश पहले ही जारी कर रखे हैं। इस मामले में निशांत शर्मा ने कोर्ट से एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री को निलंबित करने की मांग की। प्रार्थी निशांत शर्मा ने एसपी कांगड़ा पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोताही का आरोप लगाया। डीजीपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उनका निशांत से संपर्क करने का इरादा केवल इतना था कि वह दोनों पक्षकारों के बीच मध्यस्थता कर मामले को सुलझाना चाहते थे। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह तीन माह के भीतर रिटायर होने वाले हैं। इसलिए बेकसूर होने के नाते चाहते हैं कि वे पुलिस महकमे से सम्मानजनक सेवानिवृत्ति लें। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत पाने के बाद कुंडू ने एक आवेदन कर उन्हें किसी अन्य पद पर ट्रांसफर करने के हाई कोर्ट के फैसले को वापस लेने की गुहार लगाई है।

एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने भी अपने खिलाफ दिए आदेशों को वापस लेने की मांग से जुड़ा आवेदन दायर किया है। हाई कोर्ट ने गत 26 दिसंबर को डीजीपी संजय कुंडू और एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री को अपने वर्तमान पदों से हटाने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने गृह सचिव को इस बाबत शीघ्र ही जरूरी कदम उठाने के आदेश दिए। इसके पश्चात कुंडू ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत पाते हुए अपने तबादले पर स्थगन आदेश प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने पकड़ा मोबाइल चोर गिरोह

**पठानकोट।** थाना डिवीजन नंबर-दो पुलिस ने चोर गिरोह के तीन सदस्यों को चोरी किए गए पांच मोबाइल समेत नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि उक्त गिरोह के सदस्यों ने लोगों के घरो से मोबाइल चुराए थे। इनके खिलाफ पहले भी चोरी के मामले दर्ज है। पुलिस पुलिस द्वारा पकड़े गए गिरोह के 3 सदस्यों से पूछताछ की जा रही है।

### इंदौरा में पुलिस ने नष्ट की कच्ची लाहन

**इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा को एक गुप्त सूचना मिली थी के थाना डमताल के अंतर्गत भगनाल गांव के पास छोंछ खड्ड में अवैध रूप से एक व्यक्ति जंगल से अवैध तौर पर लकड़ी काटकर शराब की भट्टी चल रहा था। इसपर बीओ तथा अन्य जंगलात कर्मचारियों को वहां पर भेज तथा मौके पर पाया गया के उसने अवैध रूप से लकड़ी काटकर देसी दारू शराब निकल रहा है तथा इसकी सूचना तुरंत थाना प्रभारी डमटाल कल्याण सिंह को दी। इस पर कार्रवाई करते हुए तुरंत एएसआई सतेंद्र तथा एएसआई कुलदीप को मौके पर पहुंचे तथा लाखों मिलीलीटर अवैध शराब को कच्ची लाहन को नष्ट किया गया तथ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है

### बृजेश पठानिया बने प्रांतीय अध्यक्ष

**धर्मशाला।** सोशल फॉर इंडिया के अंतर्गत की गई बैठक के बाद हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा से संबंध रखने वाले बृजेश पठानिया को संस्था द्वारा हिमाचल प्रांत का प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। मुस्तय हसन संस्था के प्रांत संयोजक चुने गए। बृजेश पठानिया वर्तमान समय में शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं और मानवीय सेवा व वातावरण को शुद्ध व सुरक्षित बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। इनका चयन सत्र 2023-2024 के लिए किया गया है। बृजेश पठानिया ने दायित्व प्रदान करने पर संस्था का आभार जताया और कहा कि वे भविष्य में भी अपने वचन को लेकर प्रतिबद्ध हैं और संस्था के साथ-साथ समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करते रहेंगे।

### रानीपुर चिकला में पुलिया का काम शुरू

**शाहपुरकंडी।** शाहपुरकंडी के साथ लगते गांव रानीपुर चिकला में पिछले कई दिनों से गांव की ओर जाने वाले लिंक मार्ग की पुलिया टूटी होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गांववासियों ने इस संबंध में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के सीनियर नेता ठाकुर अमित सिंह मंटू से उच्च समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाई गई थी। इसके चलते आज मंडी बोर्ड विभाग की ओर से पुलिया का काम शुरू करवा दिया गया। काम शुरू होने के बाद आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि पिछले कई महिनों से पुलिया टूटी होने के कारण लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था।

### लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड करवाएं जमा

**बैजनाथ।** मुख्य संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल ने एसडीएम कार्यालय बैजनाथ में विधानसभा क्षेत्र के तहत हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी और लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी हाइड्रो प्रोजेक्ट्स के प्रबंधन को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत स्थानीय क्षेत्रों के विकास में अपना रचनात्मक सहयोग सुनिश्चित करना चाहिए उन्होंने कहा कि जिन हाइड्रो प्रोजेक्ट्स द्वारा लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड जमा नहीं करवाया है वह सभी प्रोजेक्ट्स संचालक लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड जमा करवाने के लिए कारगर कदम उठाएं।

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में रोष

**जवाली।** वित्त विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा सभी विभागाध्यक्षों को वर्ष 2003 से पहले नियुक्त अनुबंध कर्मचारियों को सेंट्रल सर्विस रूल्स के तहत पुरानी पेंशन में लेने के लिए पत्र लिखा गया है। इसमें समस्त विभागों ने इस विषय पर कर्मचारियों का ब्योरा वित्त विभाग को दे दिया है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग में अभी तक इस पर कोई भी जानकारी वित्त विभाग को उपलब्ध नहीं करवाई है। इस कारण स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारी वर्ग में रोष है। हिमाचल प्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का रवैया काफी सुस्त दिख रहा है। इसके चलते कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटक रहा है।

### निधन पर शोक जताया

**पालमपुर।** पालमपुर के करोबारी शिवानी सूद धर्मपत्नी अनुराग सूद (बुटेल सेल्स वाले) का वीरवार रात को दिल्ली निधन हो गया। शिवानी बहुत ही सफल कारोबारी होने के साथ-साथ एक सोशल वर्कर भी थी तथा अनुराग का बिजनेस में पूरा सहयोग करती थी। घर में बच्चों और परिवार की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही थी। हम सभी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं, सूद सभा का सारा परिवार संकट इस घड़ी में आपके साथ है। ईश्वर इस परिवार को यह असहनीय दुख सहने शक्ति प्रदान करें।

### शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के भवन के पास पसरी रहती है गंदगी, डस्टबिन होने के बावजूद इधर-उधर दिखाई देते हैं कूड़े के ढेर

# स्मार्ट सिटी को कर रहे दागदार, जगह-जगह लगे कूड़े के अंबार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एक ओर सरकार सफाई अभियान से लोगों को जोड़कर शहरों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक कर रही है, वहीं स्मार्ट सिटी धर्मशाला में सफाई का बुरा हाल है। यहां लोगों के घरों और व्यवसायिक संस्थानों से कूड़ा संग्रहित किया जाने के बावजूद शहर में कूड़े के ढेर नजर आते हैं।

जहां सड़कों पर इधर-उधर गंदगी दिखाई देती है, वहीं हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के भवन के पास काफी समय से खुले में कूड़ा फेंका जा रहा है। इससे पता चलता है कि स्मार्ट सिटी में सफाई के प्रति लोग व यहां का प्रशासन कितना गंभीर है। लिहाजा, पर्यटन नगरी होने के नाते इस तरह से पसरी गंदगी से पर्यटन नगरी धर्मशाला में व्यवस्था की छवि खराब होती है।



स्मार्ट सिटी धर्मशाला में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर से पर्यटक हो रहे परेशान।





**500**

**रुपए** स्मार्ट सिटी में कूड़ा खुले में फेंकने पर जुर्माना है, लेकिन यहां शिक्षा बोर्ड परिसर के साथ कूड़े का ढेर लगा हुआ है।

### पटरी पर नहीं व्यवस्था

**धर्मशाला** में करोड़ों रुपए की लागत से वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का काम शुरू कर चुका है, वहीं सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पाई है। शहर के कूड़े को प्रतिदिन प्रोसेस करने के दावे भले ही किए जा रहे हों, लेकिन असल में कूड़ा उठ ही नहीं पा रहा है। ऐसे में सुधेड़ से कूड़े का पूरी तरह निष्पादन होने में सालों लग सकते हैं।

### योल में भी कूड़ा ही कूड़ा

स्मार्ट सिटी में कई जगहों के अलावा योल के पीरू सिंह चौक के पास भी सड़क के किनारे कूड़ा पसरा नजर आता है। धर्मशाला से चामुंडा माता मंदिर मार्ग पर योल के पास दो तीन जगह काफी कूड़ा पड़ा होता है।

"घरों से गारबेज क्लेकशन का काम शुरू कर दिया है। फिर भी लोग खुले में कूड़ा फेंक रहे हैं तो इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर जाकर कारवाई की जाएगी। खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-नीनू शर्मा, अध्यक्ष नगर निगम धर्मशाला।**

### स्मार्ट सिटी के साथ लगती पंचायतों का यह हाल

## सिद्धबाड़ी और बाघणी के किसान लावारिस पशुओं के नुकसान से परेशान

**धर्मशाला** स्मार्ट सिटी के साथ लगती सिद्धबाड़ी व बाघणी पंचायत के किसानों ने लावारिश पशुओं से तंग आकर फसलें न बीजने का मन बना लिया है। वाघणी के प्रधान सुरेश कुमार पप्पी ने बताया कि ग्रामीण हर रोज शिकायतें करते हैं कि हम लावारिश पशुओं से बहुत परेशान हैं। ग्रामीणों की यही शिकायत रहती है कि शाम ढलते ही सभी लावारिस पशुओं के झुंड खेतों की ओर चले जाते हैं और रात भर फसल को चट कर सुबह खेतों से भागकर जोरावर सिंह मैदान में आराम से बैठे रहते हैं। प्रधान ने कहा कि लावारिश पशुओं के साथ टैग लगे पशुओं को भी सड़कों मे घूमते हुए और खेतो में बीजी फसलों को उजाड़ते हुए देखा गया है। प्रधान के साथ ग्रामीणों ने सरकार व प्रशासन से लावारिश पशुओं के लिए गो सदन बनाने की मांग रखी है और टैग लगे पशुओं के मालिकों की पहचान कर उन पर कारवाई करने की भी गुहार लगाई है, ताकि किसान अपनी फसलों को बीज कर आसानी से अपनी रोजी रोजी चला सकें।





# फोरलेन के काम से रास्ते हुए बाधित तीन पंचायतों के लोग हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा शहर के साथ लगती तीन पंचायत के लोग फोरलेन सड़क निर्माण के कारण बाधित हुए रास्तों के कारण काफी परेशान हो रहे हैं। इस दौरान तीन पंचायत के लोगों ने संयुक्त बैठक ललेहड़ में पंचायत बैठक कर प्रधान इंदिरा देवी की अध्यक्षता में की। ग्राम पंचायत ललेहड़ की विशेष पंचायत बैठक में प्रधान इंदिरा देवी ने लोगों की समस्या को सुना। ग्राम पंचायत प्रधान इंदिरा देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत ललेहड़ की आबादी 1495, ग्राम पंचायत जोगीपुर की आबादी 4534, वह ग्राम पंचायत कच्छियारी की आबादी 2704 और संयुक्त तीनों पंचायत की कुल आबादी 8733 2011 की जनगणना के अनुसार की गई थी। जो कि अब 11 हजार से अधिक हो चुकी है।

इन तीनों पंचायत के कई रास्ते फोर लाइन सड़क निर्माण के बाद पूरी तरह बाधित हो चुके हैं। इससे इन तीनों पंचायत के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन पंचायत के लोगों को श्मशानघाट जाने वाले रास्ते में जाने के लिए दिक्कत हो रही है व अपने खेतों में खेतीबाड़ी के लिए जाने के लिए भी परेशानी आ रही है, इन पंचायत के लोगों द्वारा टांडा मेडिकल कॉलेज जाने के लिए पैदल रास्ते का प्रयोग भी किया जाता था जो की फोरलाइन निर्माण के बाद बंद हो गया है। वहीं, उन्होंने मीडिया के माध्यम से उच्च अधिकारियों से विनती की है कि तीनों गांव के बीच में जो रास्ता शनिदेव मंदिर से गांव ललेहड़ के श्मशानघाट तक जाता है। उसमें दोनों और सर्विस लाइन बनाकर व एक चौक बनाकर तीनों पंचायत को संयुक्त क्रॉसिंग का रास्ता दिया जाए। वहीं, इस मामले में ग्राम पंचायत ललेहड़ द्वारा समय-समय पर उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भी भेजे जा चुके हैं, जिसमें उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं।

### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**वहीं,** तीनों पंचायत के लोगों ने उम्मीद रखी है कि उनकी समस्याओं का समाधान राज्य व केंद्र सरकार अवश्य निकालेंगी अन्यथा व आने वाले समय पर अपने हकों के लिए उग्र प्रदर्शन फोरलेन पर करेंगे। अपने हक के लिए इन बातों पर कच्छियारी पंचायत व जोगीपुर पंचायत के प्रधान ने भी सहमति जताई है। उन्होंने ललेहड़ पंचायत का अपने हकों के लिए पूरा साथ देने की बात की है।

### बेसहारा पशुओं को छोड़ता ट्राला पकड़ा

**जवाली।** प्रदेश में जहां बेसहारा पशुओं का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। लोगों ने फसलें तक उगाना बंद कर दी हैं। वहीं, उपमंडल जवाली के तहत नढ़ोली में देर रात कुछ लोगों ने फसलों को बचाने के लिए पहरा लगाया था। इसमें एक ट्राले में बेसहारा पशुओं को उतारते हुए पकड़ लिया। साथ ही उन्होंने उतारे हुए बेसहारा पशुओं को पकड़ लिया। साथ ही ग्रामीणों रवि सरोच, गुलशन कुमार, कर्मचंद, जगदीश चंद, उधम सिंह, ज्ञान सिंह, दयानंद, करनैल सिंह, उपप्रधान अनिल जरियाल, रघु शर्मा, जिंदू जरियाल ने ऑल्टो गाड़ी व एक ट्राले को जब्त कर लिया। साथ ही सुबह आरोपियों को नढोली में बुलाया गया। तथा पंचायत उपप्रधान अनिल जरियाल सहित 200 के करीब लोगों की मौजूदगी में आरोपियों के घर बेसहारा पशुओं को बांधने की सहमति जताई।

### दोस्त के हवाले किया मृतक का शव

**मैक्लोडगंज।** जिला के पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत होटल में मृत मिले तिब्बत के नागरिक का शुक्रवार को क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में पोस्टमार्टम करवाया गया। करीब 30 वर्षीय मृतक सैमटन के शव को मैक्लोडगंज में रहने वाले उसके दोस्त के हवाले कर दिया गया है। मौत की असल वजह का पता पोस्टमार्टम तथा फोरेंसिक जांच को भेजे गए बिसरा की रिपोर्ट के बाद लग पाएगा। बताते चलें कि वीरवार को पुलिस को मिली जानकारी के बाद पुलिस टीम ने होटल के कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव तक पहुंची थी।

### दोहरे हत्याकांड मामले पर एक आरोपी धरा

**पठानकोट।** पीओ स्टाफ ने दोहरे हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए एक आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुनील कुमार निवासी राजस्थान जिला झुंझुनू गांव कोट के रूप में हुई है। पीओ स्टाफ के अधिकारी के मुताबिक वर्ष 2005 में पठानकोट के अबरोल नगर क्षेत्र में आरोपी सुनील कुमार ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर मां-बेटी को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद तीनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर जिले से फरार हो गए। थाना डिवीजन नंबर-एक में तीनों आरोपियों पर विभिन्न धाराओं तहत केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। वहीं, कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को काबू किया है।

इशांत जसवाल ने संभाला एसडीएम कांगड़ा का पदभार

### कांगड़ा में नए एसडीएम ने संभाला कार्यभार

**कांगड़ा।** कांगड़ा के नए एसडीएम के रूप में इशांत जसवाल ने अपना पदभार संभाल लिया। कांगड़ा के नए एसडीएम इशांत जसवाल को एसडीएम कांगड़ा सोमिल गौतम ने शुभकामनाएं दी। एसडीएम कांगड़ा के रूप में पद ग्रहण करने वाले इशांत जसवाल बिलासपुर जिला के घुमारवीं क्षेत्र से संबंध रखते हैं और वह 2021 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांगड़ा उपमंडल की समस्याओं के बारे में जानने के उपरांत उन पर कार्य किया जाएगा।

### पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने खिलाड़ियों में भरा जोश

**परागपुर।** खेलों से दर्शकों का मनोरंजन तो होता ही है, साथ की खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता भी मजबूत होती है। खेलों से परस्पर सहयोग और टीम वर्क की भावना को बल मिलता है। यह बात हिमाचल के पूर्व उद्योग मंत्री व वर्तमान विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहे। ग्रामीण एथलेटिक्स टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं से मादक द्रव्यों से दूर रहने और समाज को मादकता से दूर रखने में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने इस अवसर पर 11000 की राशि के साथ-साथ विजयी खिलाड़ियों को अलग से नकद राशि देकर सम्मानित किया।

मांगों को लेकर विद्युत बोर्ड कर्मचारी उग्र

### मांगें नहीं मानी तो होगी बिजली बंद

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ जिला कांगड़ा द्वारा वेतन, पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्य अभियंता (परिचालक) वृत्त कांगड़ा स्थित धर्मशाला के कार्यालय के प्रांगण में एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण काप्टा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला के समस्त पदाधिकारी, तकनीकी कर्मचारी और पेंशनर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर मौजूद फील्ड व तकनीकी कर्मचारियों ने सरकार और विद्युत बोर्ड प्रबंधन खिलाफ जम कर नारेबाजी कर अपना रोष व्यक्त किया। ाज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण काप्टा ने सरकार और विद्युत बोर्ड को चेतावनी करते हुए कहा कि यदि सरकार ने सोमवार तक बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के मांगें नहीं मानी तो पूरे प्रदेश में बिजली बंद कर दी जाएगी तथा यह आंदोलन और उग्र रूप धारण कर लेगा।

### राधा-कृष्ण मंदिर डाडासीबा में भंडारा आज

**डाडासीबा।** प्राचीन जीणोद्वार कमेटी डाडासीबा द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर डाडासीबा में छह जनवरी को 12वें वार्षिक भंडारे का व जागरण का आयोजन प्राचीन जीणोद्वार कमेटी द्वारा किया जा रहा है। भंडारे का समय दोपहर 12 से तीन बजे तक रखा गया है। स्थानीय निवासियों से निवेदन है कि भंडारे व जागरण में आकर भंडारे की शोभा बढ़ाएं।

### सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दर में हुई बढ़ोतरी

**देहरा।** भारत सरकार द्वारा 10 वर्ष तक की तमाम कन्याओं के चलाई जा रही समृद्ध सुकन्या, समृद्धि लाभकारी योजनाओं को लेकर नैहरनपुखर मे एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, इस दौरान मंडल देहरा के अधिक्षक बलबीर चंद ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश भर में दस वर्ष तक की सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता खोल कर उन्हें भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ पहुंचाना है। सरकार ने एक जनवरी से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए सुकन्या समृद्धि योजना पर मिलने वाली ब्याज दर में 0.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस योजना में निवेश करने पर अब सालाना आठ प्रतिशत के बजाय 8.20 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा। मंडल अधिक्षक बलबीर चद ने कहा कि इस स्कीम के जरिए अभिभावक आसानी से अपनी बेटी के लिए लाखों रुपए का फंड तैयार कर उसका भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। एक परिवार में अधिकतम दो लड़कियों के लिए यह खाता खोला जा सकता है।

# पर्यटकों को भा रहे धर्मशाला के नजारे

### खिली धूप में शहीद स्मारक और स्टेडियम देखने को बढ़ा पर्यटकों का क्रेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दिल्ली में लोग धूप देखने को जहां तरस रहे हैं तो वहीं पर्यटन शहर धर्मशाला के धूप में खिले स्वरूप को देखकर दिल्ली के लोग दाद दे रहे हैं और इसे स्वर्ग की संज्ञा दे रहे हैं। दिल्ली से आई पूजा के अनुसार उसके सोशल मिडिया एकाउंट में खिली धूप में धर्मशाला की तस्वीरें देख कर उसके दिल्ली में बैठे दोस्त प्रशांसा कर रहे है। बताते चलें कि ऑफ सीजन के बावजूद यहां रोजाना सैकड़ों पर्यटक पहुंच रहे हैं। क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर सेलिब्रेशन तक अप्पर टूरिज्म सर्किल के मैक्लोडगंज, नड्डी भागसू तथा धर्मकोट में टूरिस्ट के बढ़ने के ट्रेंड से पर्यटन कारोबारी खुश हैं तो वहीं ऑफ सीजन में भी सैलानी धर्मशाला के पर्यटन बिंदुओं में पहुंच रहे हैं।

यहां पहुंच रहे देश भर के सैलानी शहीद स्मारक पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। दिल्ली, कोलकाता तथा पंजाब आदि राज्यों के सैलानी यहां के पर्यटन बिंदुओं की सैर कर रहे हैं। कुछ सैलानियों ने बताया कि वो यहां सनो फाल देखने की आस लेकर पहुंचे थे लेकिन उनकी आस पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां की खुबसूरती खुब भा रही है। दिल्ली से आई पूजा तथा हेमंती के अनुसार यहां का मौसम तथा लोगों का व्यवहार दोनों चीजें उन्हें बहुत भायी। उन्होंने बताया कि खिली धूप में धर्मशाला के फोटोग्राफ पोस्ट करने के बाद दिल्ली में रहने वाले दोस्त यहां की खुबसूरती को कमेंट कर के दाद दे रहे हैं। कोलकाता से बेटियों संब पहुंचे सुजय सिन्हा के अनुसार पहली बार यहां आकर उन्हें ये जगह बहुत पसंद आई।



धर्मशाला के शहीद स्मारक में घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

### यहां का मौसम बहुत बढ़िया है

**दिल्ली** से आए नाजिया तथा जुबैर के अनुसार वो पहली बार धर्मशाला आए हैं तथा यहां का मौसम बहुत बढ़िया है।

### पर्यटन को लगेंगे पंख

**उधर,** इस बारे में जब होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष जगदीश बाम्बा से बात की गई तो उन्होंने दोहराया कि धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में विश्व कप 2023 के पांच मैचों का सकारात्मक असर धर्मशाला के पर्यटन कारोबार पर पड़ना तय है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप वेन्यू होने के नाते धर्मशाला की अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग से पर्यटन कारोबार को लंबे समय तक लाभ मिलेगा।

# एनडीपीएस के मामले बढ़े महिला-बाल क्रूरता के केस घटे

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत सड़क हादसों में कुछ कमी आई है। साल 2022 में 29 सड़क हादसों के मुकाबले 21 सड़क हादसे हुए हैं।

पुलिस थाना कांगड़ा के तहत 2022 में दो तथा 2023 में हत्या के दो मामले दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हत्या के प्रयास के 2022 में जीरो केस के मुकाबले 2023 में ऐसे दो मामले दर्ज हुए तथा तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ होने वाले 2022 में तीन मामलों के मुकाबले 2023 में एक मामला दर्ज किया गया।

वहीं, 2022 में बलात्कार के तीन तो 2023 में चार मामले दर्ज हुए तथा पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा महिलाओं से क्रूरता के 2022 तथा 2023 में एक-एक मामला दर्ज किया गया है। 2022 में हुड़दंग के चार मामलों के मुकाबले 2023 में लगभग दोगने यानि सात मामले दर्ज किए गए हैं तथा करीब 152 लोगों को नामजद किया गया है। 2022 में चोरी के नौ मुकाबलों के मुकाबले 2023 में आठ तथा सेंध लगाने के तीन के मुकाबले 2023 में छह मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा विविध अपराधों के 2022 में 67 के मुकाबले 2023 में 96 मामले दर्ज किए गए हैं। कांगड़ा थाना में एनडीपीएस एक्ट के 2022 में चार मामलों की तुलना में 2023 में 22 मामले दर्ज किए गए हैं। एक्साइज एक्ट के 2022 में 23 मुकाबलों की तुलना में 52 मामले दर्ज किए गए हैं। जिला में कुल मिलाकर साल 2022 में दर्ज हुए 161 मामलों की तुलना में 2023 में 235 मामले दर्ज किए गए हैं।

### कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**उधर,** आंकडों की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि कांगड़ा पुलिस थाना के तहत पुलिस समय-समय पर अपराधिक तत्वों के खिलाफ कारवाई को अंजाम दे रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अपराधों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है तथा कानून के खिलाफ कोई भी हरकत करने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### प्रदेश में ये थे बड़े मामले

**प्रदेश** में इतनी बड़ी मात्रा में एलएसडी जैसे नशे की 550 स्टांप तथा नकदी बरामद करने का पहला मामला था। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लाखों रुपए की कीमत वाली 550 स्टांप को बरामद किया। कांगड़ा बाइपास पर छोटा हरिद्वार के समीप कांगड़ा की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने दो व्यक्तियों से एलएसडी (लिसर्जिक एसिड डायथाइल एमाइड) के 550 टिकट जब्त किए गए। कांगड़ा की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को गुप्त जानकारी मिली थी कि कांगड़ा शहर में लाखों रुपए की डील होने वाली है। इसमें एलएसडी ड्रग की बिक्री और खरीद शामिल है।

### गैंगस्टर कनेक्शन का मामला

**कांगड़ा** पुलिस थाना के तहत टांडा में मिले अवैध देशी हथियारों का मामला भी खुब बहुचर्चित रहा। इस मामले की आरंभिक जांच में गैंगस्टर कनेक्शन भी पाया गया तथा पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। बताते चलें कि कांगड़ा जिले में छह सितंबर को टांडा अस्पताल के पास मिले हथियारों के मामले में पंजाब तथा कांगड़ा के दो लोगों को गिरफ्तार किया था।

**समारोह** वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान विधायक ने चार कमरे विद्यालय को किए समर्पित

# आशीष बुटेल ने खलेट स्कूल में होनहारों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

हिमाचल प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ीकरण पर आठ हजार 828 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। यह जानकारी मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खलेट में वार्षिक उत्सव में लोगों को संबोधित करते हुए दी। सीपीएस ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इससे पहले उन्होंने विद्यालय में 38 लाख से निर्मित चार कमरे विद्यालय को समर्पित किए। आशीष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों को बैठने के लिये 40 हजार डेस्क उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से छात्रों को इंग्लिश मीडियम से भी पढ़ाई की सुविधा इस सत्र से आरंभ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पालमपुर में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए डेढ़ करोड़ रुपए से लाइब्रेरी बनाई जा रही है, ताकि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थान उपलब्ध हो सके। बुटेल ने विद्यालय में सभी मांगों को पूर्ण करते हुए चारदीवारी, मंच, मैदान जल निकासी, डंगा लगाने, नव निर्मित भवन के दूसरे तल पर हॉल बनाने, आधुनिक शौचालय, बास्केट बॉल पोल लगवाने के लिए धन उपलब्ध करवाने की घोषणा की। उन्होंने गांव में जिम स्थापित करने के अढ़ाई लाख देने की घोषणा भी की। आशीष ने कहा कि खलेट से सिद्धपुर सरकारी सड़क के रिपेयर, आदर्श कॉलोनी सड़क की टारिंग के लिए विभाग को आदेश दिए गए हैं। उन्होंने रोड़ी में 10 लाख रुपये सामुदायिक भवन निर्माण को भी देने की घोषणा की।




कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित करते विधायक आशीष बुटेल।

### साढ़े छह करोड़ से बनेगी विंद्रावन-फरेड़ सड़क

**पालमपुर।** मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने नगर निगम विंद्रावन के फाटा में रवि दास मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली सरकार है और संवेदनशीलता से आखिरी पंक्ति में खड़े लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए कल्याणकारी योजनाओं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की क्लीयरेंस के बाद अब रविदास मंदिर फाटा के साथ सामुदायिक भवन बन कर तैयार होगा। उन्होंने मंदिर की चारदीवारी के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला मंडलों को सम्मान के लिए 15-15 हजार उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उन्होंने कहा की विंद्रावन से फरेड़ सड़क के सुधार और विस्तार पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पर साढ़े छह करोड़ खर्च होंगे। कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर गोपाल नाग, पार्षद संजय राठौर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद, रवि दास कमेटी के प्रधान राकेश कुमार, सचिव रमेश कुमार, डिंपल कुमार, राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बहरहाल, मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने नगर निगम विंद्रावन के फाटा में रवि दास मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।

## न्यूज ब्रीफ

### पालमपुर में नेत्र मेटी ने संभाला कार्यभार



**पालमपुर।** उपमंडल पालमपुर में हाल ही में हुए एसडीएम के तबादले में नियुक्त हुई आईएएस नेत्र मेटी ने कार्यभार संभाल लिया है । वह एचएएस डॉक्टर अमित गुलेरिया के स्थान पर आई है । उन्होंने वीरवार को पत्रकारों को कार्यभार संभालने के बाद बताया कि 2021 बैच की सिविल सर्विस परीक्षा पास करने के बाद इनकी पहली नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा की पालमपुर एक बहुत ही खूबसूरत जगह है तथा यह पर्यटन के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण है।

### केसी दियोल ने संभाला कार्यभार



**नूरपुर।** बीटीसी राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूरपुर में केसी दियोल ने प्रधानाचार्य का पद विधिवत रूप से संभाल लिया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य चंद्ररेखा शर्मा ने इस विद्यालय तथा नूरपुर क्षेत्र का नाम शिखर पर पहुंचाने का प्रयास किया। उन्ही के नक्शे कदम पर चलकर वह इस विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को चरम सीमा पर पहुंचाने का भरस्क प्रयास करेंगे। इस मौके पर एसएमसी प्रधान भूषण शर्मा व कमेटी सदस्य व समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा की

**धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कांगड़ा की बैठक जिला अध्यक्ष नरेंद्र पठानिया की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला अध्यक्ष भाजपा सचिन शर्मा, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा उपाध्यक्ष सर्वचंद गलोटिया, जिला प्रभारी विक्रम जरयाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मोर्चे द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों और पार्टी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई व अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। आगामी लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति मोर्चा रात दिन कार्य कर के केंद्र में नरेंद्र मोदी की एक बार फिर सरकार बनाने में अपना योगदान देगा।

### 68 मरीजों का किया निशुल्क उपचार



मनियाला में एक मरीज के घर में उपचार करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**गरली।** मनियाला गांव के बार्ड नबर-तीन में शुक्रवार को पंचायत प्रधान सुषमा देवी व वार्ड सदस्य सपना देवी की अध्यक्षता में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य कैंप का निशुल्क सफल आयोजन किया गया। इसमें एमओ डॉक्टर विजय जरियाल के नेतृत्व में आई लैब टेक्नीशियन अनुराधा, फार्मासिस्ट सरबजीत, सहयोगी रविंद्र कुमार स्वास्थ्य टीम ने यहां भिन्न-भिन्न बीमारियों से पीड़ित 68 मरीजों का स्वास्थ्य की जांच की गई।

### हाइपरटेंशन पर लोगों को किया जागरूक



टटैहल में बीमारियों पर लोगों को जागरूक करने का दौर।

**डरोह।** ग्राम पंचायत टटैहल में दि हंस फाउंडेशन की टीम भवारना द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 37 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान टीम द्वारा शिविर में बीपी शुगर इत्यादि बीमारियों का चेकअप किया गया। टीम भवारना द्वारा गांव टटैहल में लोगों को हाइपरटेंशन से होने वाले लक्षण, कारण और उपचार के बारे में जानकारी दी गई तथा लोगों ने टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चिकित्सक अंकिता शर्मा ने कहा कि हाइपरटेंशन या रक्तचाप, के बारे में लागों का जानकारी दी। इस कार्यक्रम में चिकित्सक अंकिता शर्मा, एसपीओ सुमित कुमार, फार्मासिस्ट आकृति, लैब टेक्नीशियन सोनू कुमार तथा पायलट विकास परमार उपस्थित रहे।

### वीरेंद्र ठाकुर को सदस्य किया मनोनीत

**डाडासीबा।** ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कौलापुर चामुक्खा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विरेंद्र ठाकुर प्रदेश ईको टूरिज्म सोसायटी गवर्निंग बॉडी के सदस्य नियुक्त हुए है। प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरेंद्र ठाकुर की कार्यशैली को देखते हुए उन्हें इस पद पर मनोनीत किया है। बताते चले वीरेंद्र ठाकुर माजूदा समय में जसवां परागपुर कांग्रेस ब्लॉक मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कांग्रेस हिम उर्जा के बतौर डायरेक्टर अपनी सेवाएं दे रहे है। वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि हिमाचल सरकार ने जो हमे जिम्मेदारी सौंपी है में इसके लिए रात दिन कड़ी मेहनत करके राजनिति से भी ऊपर उठकर हर कार्य को बेखूबी से निभाया जाएगा। इस दौरान वीरेंद्र ठाकुर ने प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सकुखू व पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याणी बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का आभार जताया।

### वेतन व पेंशन न मिलने पर तीसरे दिन बिजली बोर्ड उपमंडल कार्यालय नूरपुर में फूटा कर्मचारियों का गुस्सा

# बिजली बोर्ड कर्मियों-पेंशनरों ने पुतला जलाकर जताया विरोध

**संजीव महाजन, नूरपुर**

लगातार तीसरे दिन भी भोजन अवकाश के समय हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत कर्मचारी यूनियन ने ज्वाइंट फ्रंट पावर इंजीनियर एंड इंप्लाइज के आह्वान पर नूरपुर विद्युत मंडल के प्रांगण में रिटायरी फॉर्म यूनियन के साथ मिलकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। बिजली बोर्ड उपमंडल कार्यालय नूरपुर में कर्मचारी व पेंशनरों ने पुतला जलाकर विरोध जताया। यह विरोध-प्रदर्शन कर्मचारी यूनियन के राज्य संगठन सचिव अश्विनी ठाकुर, रिटायर फॉर्म यूनियन के प्रधान मान सिंह, सचिव अरुण सहोत्रा तथा पावर इंजीनियर की ओर से वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता विकास ठाकुर और वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता 220 के बी इंजीनियर सुरजीत धीमान की अध्यक्षता में किया गया।

विरोध सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के पदाधिकारी ने कहा कि पांच तारीख हो जाने के बाद भी विद्युत बोर्ड के अधिकारियों ने कर्मचारी और पेंशनरों को मासिक वेतन और पेंशन की अदायगी नहीं की गई। जो कि एक बहुत ही दुख का विषय है। एक दिहाड़ीदार मजदूर रेहड़ी फड़ी लगाने वाला भी शाम को जब अपने घर जाता है, तो वह अपने साथ सारे दिन की हुई मेहनत के पैसे अपनी जेब में डालकर घर लेकर जाता है। मगर बिजली बोर्ड के कर्मचारियों पेंशनरों और अधिकारियों को आज 36 दिन के बाद भी उनकी जेबे और हाथ खाली है। ज्वाइंट फ्रंट बोर्ड के प्रबंधक वर्ग से और प्रदेश की सरकार से मुख्यमंत्री से कहना चाहता है मुख्यमंत्री जी आपने सभी विभागों में पुरानी पेंशन लागू कर दी। मगर बिजली बोर्ड को पुरानी पेंशन से आज दिन तक वंचित रखा। यह बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के साथ सरा सर धोखा है, सौतेला व्यवहार किया है। आज इस विरोध सभा के माध्यम से हम माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कहना चाहते हैं कि शीघ्र ही कर्मचारियों के वेतन और पेंशन की अदायगी की जाए और बोर्ड में पुरानी पेंशन को शीघ्र बहाल किया जाए। (अनंत ज्ञान)



वेतन व पेंशन न मिलने पर तीसरे दिन बिजली बोर्ड उपमंडल कार्यालय नूरपुर में बोर्ड प्रबंधक के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मी व पेंशनर्ज।

#### कर्मचारियों ने जमकर की नारेबाजी

**बैठक** को संबोधित करते हुए कर्मचारी यूनियन के मेंबर ऑफ अडवाइजरी कार्उसिल पवन मोहल ने कहा कि बिजली बोर्ड के कर्मचारी व पेंशनर्ज बड़े कठिन दौर से गुजर रहे हैं और आज बोर्ड में पेंशन व वेतन न मिलना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और चिंतनीय है। इस धरने-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों इंजिनियों व रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा विद्युत बोर्ड प्रबंधन का पुतला दहन किया गया और बोर्ड प्रबंधन सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

#### प्रदर्शन में ये रहे उपस्थित

**इस** विरोध सभा में एसडीओ सुलीयाली इंजीनियर शंकर सिंह, एसडीओ आशीष धीमान, भूपिंद्र सिंह एसडीओ रोहित भाटिया, यूनिट प्रधान विक्रम सिंह, सचिव राजू, गनोह यनिट के प्रधान रोहित शर्मा, सचिव प्रवीण कुमार, नूरपुर यूनिट से प्रधान अरविंद महेश, सचिव बबलू ठाकुर, रिटायरी फोर्म से राज कुमार, जोगिंद्र सिंह, लक्ष्मीनारायण सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

## 'शिटाके' मशरूम को पहचान दिलाने के लिए उठाए जाएंगे कारगर कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कृषि निदेशक कुमुद सिंह शिटाके मशरूक केंद्र पालमपुर की जांच करते हुए।

कृषि निदेशक कुमुद सिंह ने कहा कि शिटाके मशरूम के उत्पादन में बढ़ोतरी करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्रीय मेलों प्रदर्शनियों, शीतकालीन ग्रीष्मकालीन उत्सवों के माध्यम से शिटाके मशरूम को पहचान दिलाई जाएगी।

इसके साथ ही इसे लोकप्रिय बनाने के संबंध में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकें करने का भी निर्देश दिए गए, ताकि होटल कारोबारियों द्वारा अपने व्यंजनों में शिटाके को शामिल करने से शिटाके मशरूम का उपयोग कृषक समुदाय के लिए शिटाके के विपणन को बढ़ाने में मदद करेगा। शुक्रवार को कृषि निदेशक कुमुद सिंह ने जाइका समर्थित फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत स्थापित शिटाके मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण केंद्र, पालमपुर का निरीक्षण किया तथा शिटाके मशरूम व इस केंद्र द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। शिटाके विशेषज्ञ डॉ. सपन ठाकुर एवं डॉ. नागेंद्र नाग ने निदेशक (कृषि), को इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जाइका समर्थित) के माध्यम से कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में शिटाके मशरूम खेती प्रशिक्षण केंद्र (एससीटीसी) स्थापित किया गया है, जिसमे 3.25 करोड़ रुपए खर्च किए गए है। जाइका परियोजना के दूसरे चरण में एससीटीसी के लिए 5.9 करोड़ रुपयों का प्रावधान रखा गया है।

### बाल स्कूल परागपुर में छात्रों को बांटी नकद राशि

**परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर के अध्यापकों की एक अनोखी पहल देखने को मिली है। यहां शुक्रवार को स्कूल प्रधानाचार्या सीमा कौसल की अध्यक्षता में सम्मानित वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें उपरोक्त स्कूल में तैनात प्रवक्ता इतिहास चंद्रशेखर व प्रवक्ता सुभाष ठाकुर द्वारा वर्ष 2023 में प्लस वन व टू की बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले तमाम सभी छात्रों को अपने जेब खर्चे से प्रोत्साहित किया गया। जानकारी देते हुए प्रवक्ता सुभाष ठाकुर ने बताया कि इसमे दौरान प्लस टू की छात्रा तनीषा को 6100 रुपए कृति धीमान बारहवीं की छात्रा 3100, शिवानी को 1500, कृतिका को 1100 व श्वेता को 1100 रुपए की नकद राशि दी गई। वहीं, प्लस वन के अंकित, सानिया, दिव्यांशी, कांशिका व सूरज को 4000 रुपए की राशि प्रदान की गई। प्रवक्ता शास्त्र सुभाष ठाकुर ने तनीषा को 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने पर 1100 की राशि प्रधानाचार्या सीमा कौशल के द्वारा बच्चों को दिलाई गई। बहरहाल, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला प्रागपुर के अध्यापकों की एक अनोखी पहल देखने को मिली है।

## केंद्रीय विवि की स्थापना को लेकर चल रहे धरने का साथ देंगे शांता कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला से समाजसेवी अतुल भारद्वाज एक प्रतिनिधि मंडल के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री शांता कुमार से उनके निवास स्थान पर केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के मुद्दे को लेकर मिले।

इस मुलाकात का उद्देश्य शांता कुमार से केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण के लिए चल रहे धरने पर सक्रिय सहयोग की अपील करना था। शुक्रवार को धर्मशाला में आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए समाजसेवी अतुल भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने शांता कुमार से यह भी आग्रह किया कि वह केंद्र सरकार से कांगड़ा-चंबा लोकसभा की जनता की ओर से आग्रह करें कि केंद्र सरकार प्रदेश सरकार पर दबाव बनाए, ताकि प्रदेश सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हेतू तुरंत 30 करोड़ रुपए जमा करवाए। राशि जमा न किए जाने की स्थिति में केंद्र सरकार हिमाचल सरकार की वित्तीय राशि पर रोक लगाए क्योंकि यदि जनता को इसका फायदा नहीं होना है तो फिर इस सरकार के मायने भी नहीं रह जाते हैं। अतुल भारद्वाज ने बताया कि शांता कुमार ने कहा है कि सभी आंदोलन करने वाले एक जुट होकर लड़ाई लड़ें और यदि सभी एकजुट होकर लड़ाई लड़ते हैं तो वह अवश्य संघर्ष में एक दिन का समय निकालेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि वह जनता के इस संघर्ष में साथ हैं। अतुल भारद्वाज ने बताया कि जनता की ओर से चल रहे आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। कांगड़ा-चंबा लोकसभा के नेताओं व समाजसेवी से निरंतर संपर्क किया जा रहा है। धर्मशाला की जनता से भी संपर्क करने का क्रम चल रहा है जिसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार से एक सदस्य एक-एक दिन धरने पर बैठेने का अनुरोध किया जा रहा है।

### हिम आईकॉन अपार्ट कार्यक्रम 21 को

**गरली।** हिम जागृति मंच अगामी 21 जनवरी को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आईकॉन अपार्ट का विशाल आयोजन करने जा रहा है। वहीं, इस दौरान जागृति मंच हिमाचल भर की उन 20 नामी हस्तियों को हिम आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करेगा, जिन्होंने नेक कार्य करके एक नया रुतबा हासिल किया है। जानकारी देते हुए जागृति मंच की चेयरमैन मंजु जसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में देवभूमि के होनहार उभरते हुए चाइल्ड को भी मंच द्वारा अवॉर्ड दिए जाएंगे। मंजु जसवाल ने कहा कि आईकॉन अवॉर्ड 21 जनवरी को केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा में हो रहा है। इसमें मुख्य तौर पर डॉक्टर ज्योतिष्ण जैन के आलावा हिमाचल भर के लोक प्रिय पहाड़ी गायक सुनील राणा, अमूल लाल शर्मा, करनैल राणा, धीरज शर्मा, संजीव दीक्षित, कुमार साहिल, अभिषेक सैनी, राखी गौतम, पूनम भारद्वाज, पोलाराम आदि शामिल होंगे।

## सुरक्षा दीवार लगाने का मामला पहुंचा जिलाधीश कार्यालय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



शेर सिंह।

वर्ष 2022 की बरसात में भारी बारिश के कारण खतरे में आई करीब चार कनाल भूमि के बचाव के लिए सुरक्षा दीवार को लगाने की लंबित मांग का मामला शुक्रवार को जिलाधीश कार्यालय पहुंचा। यह मामला पालमपुर तहसील के अंतर्गत गांव घनेटा का है। भूमि बचाव के लिए सुरक्षा दीवार लगाने की लंबित मांग को लेकर प्रभावित शेर सिंह ने जिलाधीश कांगड़ा को मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि वर्ष 2022 की बरसात में उनकी जमीन खतरे में आ गई थी।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम की समाप्ति के बाद मृदा संरक्षण विभाग मंडल पालमपुर ने मौके का निरीक्षण किया और प्रभावित भूमि के बचाव के लिए सुरक्षा दीवार लगाने का 3.10 लाख रुपए का एस्टिमेट बना कर जिलाधीश कांगड़ा को आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित किया, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। शेर सिंह ने बताया कि गत वर्ष हुई बेरहम बारिश के कारण जमीन और अधिक खतरे में आ गई है और यदि जल्द से जल्द उक्त जमीन की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार नहीं लगाई गई तो आने वाली बरसातों में और अधिक नुकसान हो सकता है। शेर सिंह ने जिलाधीश कांगड़ा से मांग की है कि उक्त मामले में कोई ठोस निर्णय लेते हुए सुरक्षा दीवार को बनाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी करें। जिलाधीश कांगड़ा को सौंपे मांग पत्र में शेर सिंह ने मृदा संरक्षण विभाग, मंडल पालमपुर की रिपोर्ट भी संलग्न की है। जिलाधीश कांगड़ा निपुण जिंदल ने प्रभावित शेर सिंह की मांग को सहानुभूतिपूर्वक सुनते हुए उक्त मामले में जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## नशे की लत है ऐसी, जो जिंदगी कर दे नर्क जैसी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



सड़क सुरक्षा के बारे में जानते जलोट स्कूल के स्टूडेंट्स को जानकारी देते थाना प्रभारी रमेश ठाकुर।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलोट के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को नगरोटा बगवां पुलिस थाना का दौरा कर पुलिस की कार्यप्रणाली बारे जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने बच्चों को सड़क सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभावों, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया एवं अन्य कानूनों की जानकारी बच्चों को उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर लेक्चरर सतीश कुमार, टीजीटी श्रुति चौधरी व अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## देहरा के अमित राणा रणजी मैच में करेंगे अंपायरिंग

**अनंत ज्ञान, देहरा**



अंपयार अमित राणा।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 26 जनवरी को होने जा रहा है। इस मैच में छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में अंपायरिंग देहरा के अमित राणा करेंगे।

अमित हिमाचल प्रदेश से दूसरे ऐसे अंपायर हैं, जिन्हें फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अंपायरिंग करने का मौका मिला है। अमित राणा को जुलाई 2019 में बीसीसीआई ने राष्ट्रीय मान्यता दी थी। इससे पहले वह हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के लिए रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अंपायरिंग कर चुके हैं। अमित देहरा नगर परिषद के पार्षद और देहरा बार काउंसिल के अध्यक्ष भी रहे हैं। रायपुर में होने वाला यह रणजी मैच दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होगा। छत्तीसगढ़ इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की कोशिश करेगी। जबकि आंध्र प्रदेश इस मैच में जीतकर अपना सफर जारी रखने की कोशिश करेगी। इस मैच का आयोजन शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में छाई छात्रा प्रिशु

**नूरपुर।** बीटीसी राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूरपुर में एक सादे समारोह का आयोजन गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा प्रिशु जोकि 26 से 31 दिसंबर तक 50वीं राष्ट्रीय वाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन महाराष्ट्र के पूणे में किया गया था। उसमे प्रदेश स्तर पर उक्त छात्रा ने भाग लिया था तथा विद्यालय व पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। आज विद्यालय में पहुंचने पर उपरोक्त छात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस समारोह मे विद्यालय के प्रधानाचार्य केसी दियोल व एसएमसी प्रधान भूषण शर्मा ने उक्त छात्रा को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के सी दियोल ने विद्यालय की समस्त छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हमें ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, ताकि हम अपने क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

**समारोह** वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर बांधा समां

# सलेटी स्कूल में 'झांझर बना ले पैर दी' गाने पर धमाल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान प्रस्तुतियां देते स्टूडेंट्स।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलेटी में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल की प्रधानाचार्या अनुराधा सूद और एसएमसी प्रधान राकेश कुमार सहित स्कूल स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि सुरेंद्र मनकोटिया को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सबसे पहले छात्रों ने सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया। इसमें छात्राओं ने बाबन गज का दामन, पाबी मुंडा केड़े पिंड दा, झांझर बना ले पैर दी और निक्की जिनी गुजरी आदि गानों पर छात्र-छात्राओं ने खूब धमाल मचाई। इसके अलावा डूंगे नालुये गाने पर किरण, कशिश, अंशिका, आर्यन, कनिष्का, गिन्नी, रिया व अनुष्का ने देशभक्ति गाने पर अनस मोहम्मद, मिंटू, मोनू, लक्ष्य और रोहित ने प्रस्तुति दी। नृत्य, डोगरी, पहाड़ी नाटी, पंजाबी, गिद्दा, लघु नाटक और सोलो डांस ने भी खूब वाहवाही लूटी। नाटक माध्यम से विद्यार्थियों ने एक तरफ नशे पर चोट की तो दूसरी तरफ सबसे बड़ी समस्या बन चुके मोबाइल की लत पर शानदार प्रस्तुति ने तालियां बटोरीं।

इसके अलावा देशभक्ति आदि विषयों पर पेश किए गए नाटकों ने माहौल को कभी गमगीन तो कभी खुशगवार बना डाला। स्कूल की प्रधानाचार्या अनुराधा सूद ने स्कूल की वर्षभर की उपलब्धियां एवं सफलताएं मुख्यातिथि, अभिभावकों और दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत कीं। मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी सफलता प्राप्त करने के लिए विशेष प्रतिभा की जरूरत नहीं होती। सच्ची लगन और मेहनत कठिन से कठिन मंजिल को भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने समाज में नशे के बढ़ते चलन और मोबाइल की लत पर चिंता जाहिर की। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि किशोरावस्था की दहलीज पर कदम रखने पर बच्चों की छोटी से छोटी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। मोबाइल का सदुपयोग करें। वहीं, मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान राकेश कुमार, कुड़ना(सलेटी) पंचायत प्रधान रेणु शर्मा, नजदीकी पंचायतों के प्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ सदस्यों सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## किशोरी लाल ने शगुन योजना के लाभार्थियों को वितरित किए चेक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। किशोरी लाल ने उपमंडल अधिकारी कार्यालय बैजनाथ में मुख्यमंत्री शगुन योजना के 20 पात्र लाभार्थियों को छह लाख 20 हजार रुपए के चेक वितरित किए। इससे पहले सीडीपीओ बैजनाथ राजेश ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एसडीएम बैजनाथ डीसी ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ अन्य लाभार्थी उपस्थित रहे। बहरहाल, मुख्य संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए कृतसंकल्प है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**मैं प्रताप चंद** उम्र 69 साल सुपुत्र श्री किरपा राम गांव व डाकघर दरंग, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा, यह घोषणा करता हूं कि मेरा असली नाम सभी प्रमाण पत्रों में प्रताप चंद दर्ज है लेकिन पासपोर्ट में प्रताप सिंह है, जोकि गलत है। मेरा असली नाम प्रताप चंद ही पढ़ा जाए। कृपया सभी संबंधित नोट करें।

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का अभिनंदन






पीटर हाफ में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य भाजपा नेता।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को शिमला दौरे पर पहुंचे। इस दौरान पीटर हाफ में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में नड्डा का स्वागत करते कार्यकर्ता।



मालरोड पर कॉफी हाउस में कॉफी का लुत्फ लेते हुए जेपी नड्डा और प्रतिपक्ष नेता जयराम ठाकुर।

# हितकारी निर्णय लेकर हर क्षेत्र में निरंतर विकास कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को कोटखाई उपमंडल में होटल गंगा पैलेस, हुल्ली में जुब्बल, नावर व कोटखाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार हितकारी निर्णय लेकर हर वर्ग एवं हर क्षेत्र में निरंतर विकास कर रही है और राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, जोकि सामान्य परिवार से संबंध रखते हैं, उपेक्षित एवं शोषित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और मानवीय संवेदनाओं को अधिमान दिया जा रहा है।

रोहित ने बताया कि मानसून में आपदा के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं ग्राउंड जीरो पर मोर्चा संभाला और नायक की भूमिका में नजर आए तथा राज्य आपदा राहत मैन्युअल में संशोधन करके उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा प्रदान करके उन्हें संकट की घड़ी में मरहम प्रदान किया। वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को पारदर्शी ढंग से रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध है और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहा है।



बैठक में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

# पीजीआई में धक्के खा रहे हिमाचल के कैंसर पीड़ित मरीज

## सरकार व प्रशासन की लापरवाही, मशीन खरीदने के लिए छह माह पहले पूरी हो चुकी टेंडर प्रक्रिया, शिमला के कैंसर अस्पताल में स्थापित होगी मशीन

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सरकार व प्रशासन की लापरवाही से हिमाचल के कैंसर पीड़ित मरीज पीजीआई चंडीगढ़ में अपना उपचार करवाने के लिए धक्के खा रहे हैं।

लापरवाही यह है कि प्रदेश के एकमात्र कैंसर अस्पताल शिमला में 24 करोड़ रुपए की लागत से एक लीनियर एक्सीलिटर मशीन स्थापित होनी है, मशीन को खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया करीब छह माह पहले पूरी हो चुकी है, लेकिन स्थिति ऐसी बन चुकी है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी के बाद भी अभी तक मशीन स्थापित नहीं हो पाई है।

प्रशासन का दावा था कि मशीन को नीदरलैंड से मंगवाया जाना है। अब मशीन खरीदने को लेकर सरकार व प्रशासन दोनों अश्वासन पर आश्वासन दे रहे हैं। यहां तक मशीन को लेकर अब लोगों के सवाल उठने शुरू हो गए हैं। सवाल तो यह है कि प्रशासन के पास इसके लिए पैसा भी काफी समय पहले आ चुका है। बावजूद इसके हिमाचल के मरीजों को बाहरी राज्य में जाकर भारी पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। लोग इस मशीन के लिए काफी सालों से इंतजार कर रहे हैं। अगर इस मशीन को स्थापित कर लिया जाता है, तो प्रदेश के लोगों को कैंसर का इलाज करवाने के लिए बाहरी राज्य में नहीं जाना पड़ेगा और लोगों के पैसों की भी बचत होगी। 1986 से एक ही भवन में दयनीय व्यवस्था में चल रहे कैंसर अस्पताल में स्पेस की काफी ज्यादा कमी खल रही थी। अब प्रशासन ने नया भवन तैयार किया है, जहां मशीन स्थापित होनी है। (अनंत ज्ञान)



लीनियर एक्सीलिटर मशीन।

**मशीन से ऐसे होता है इलाज**

लीनियर एक्सीलिटर मशीन से सीधे कैंसर ट्यूमर वाले हिस्से पर रेडिएशन डाला जाता है, जो दूसरे सेल को खत्म करने के बजाए केवल कैंसर सेल को खत्म करता है। इसमें दूसरी मशीनों के मुकाबले ज्यादा रेडिएशन निकलता है। इसी कारण इसे चलाने के दौरान रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट का होना जरूरी है।

### कीमोथेरेपी की दो मशीनें, मरीजों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार

प्रदेश में प्रति वर्ष लगभग 5000 नए कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत आईजीएमसी में पंजीकृत होते हैं। अस्पताल में यहां थेरेपी की मात्र दो मशीने हैं, जबकि इलाज करवाने वालों की संख्या रोजाना 200 से अधिक होती है। मशीनें कम होने के कारण मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। मरीजों को काफी ज्यादा परेशानी हो रही है। इस अस्पताल में जल्द ही कीमोथेरेपी की भी सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।



मशीन को खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। कोशिश की जा रही है कि शीघ्र ही मशीन स्थापित होगी। मशीन को खरीदने के लिए थोड़ा समय लगता है। अब ज्यादा समय नहीं लगेगा मशीन शीघ्र ही आ जाएगी।

**डॉ. सीता ठाकुर, प्रिंसिपल आईजीएमसी।**



आईजीएमसी में लीनियर एक्सीलिटर मशीन स्थापित होनी है। टेंडर प्रक्रिया में थोड़ा समय लग गया था, लेकिन अब मशीन को शीघ्र खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार कैंसर पीड़ित मरीजों को यह एक बेहतरीन सुविधा उपलब्ध करवाने जा रही है। इससे एक तो मरीजों के पैसे की बचत होगी और बाहरी राज्य का रुख भी नहीं करना पड़ेगा।

**डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल, स्वास्थ्य मंत्री हि.प्र।**

# पंचायतों में जन्म और मृत्यु का ऑनलाइन पंजीकरण करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जिले के सभी खंड विकास अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के साथ शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु ऑनलाइन पंजीकरण के संबंध में अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

आदित्य नेगी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सभी पंचायतों में जन्म एवं मृत्यु का ऑनलाइन पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। खंड विकास अधिकारी जन्म एवं मृत्यु का छह साल तक का ही रिकॉर्ड अपने पास रख सकते हैं, उससे पुराने रिकॉर्ड को सभी जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण 21 दिनों के भीतर करना होता है, उसके उपरांत 21 से 31 दिनों के भीतर दो रुपए विलंब शुल्क के साथ स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म व मृत्यु) के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेखा चोपड़ा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचआर ठाकुर, जिला पंचायत अधिकारी यशपाल शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त आदित्य नेगी।

# तत्तापानी मेले की तैयारियां जोरों पर, चिन्हित किए प्लॉट

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

तत्तापानी में मनाए जाने वाले लोहड़ी मकर संक्रांति मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। मेले को आर्कषक बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर, उन्हें मेले की तैयारियों के संबंध में विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

खंड विकास अधिकारी चुराग की देख-रेख में मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोगों के भी सुझाव लिए जा रहे हैं, ताकि मेले को आकर्षक बनाया जा सके। खंड विकास अधिकारी चुराग वैशाली शर्मा ने बताया कि मंडी जिले के करसोग उपमंडल के तहत आने वाले धार्मिक पर्यटन स्थल तत्तापानी में हर वर्ष लोहड़ी मकर संक्रांति मेले का आयोजन 13 से 15 जनवरी तक किया जाता है। इस वर्ष भी मेले का आयोजन पूर्व की भान्ति पूरे हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। जिस संबंध में तैयारियां शुरू की दी गई हैं। शुक्रवार के दिन मेला मैदान को समतल किया गया, ताकि मैदान में दुकानें आदि लगाने में व्यापारियों को आसानी हो। इसके अतिरिक्त मेला मैदान में प्लॉट भी चिन्हित किए गए, जिन्हें अब आगे व्यापारियों को अलॉट किया जाना है।



तत्तापानी में मेला स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी।

# कार्निवाल में फैली गंदगी की सफाई की

## महापौर सुरेंद्र चौहान ने की सफाई व कर्मचारियों के साथ की मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में विंटर कार्निवाल के बाद निगम ने अपना कार्य करना शुरू कर दिया है। विंटर कार्निवाल में लाखों की संख्या में पर्यटक शिमला पहुंचे, जिसके बाद शिमला शहर थोड़ा असत-व्यस्त पड़ा हुआ है।

विंटर कार्निवाल के दौरान यहां पर गंदगी भी फैल चुकी थी जगह-जगह पर कूड़े के ढेर भी पड़े हुए थे, जिसको साफ करने के लिए ब्रांच और एमसी मिलकर शहर को साफ करने का काम कर रही है। शिमला में 25 दिसंबर से शुरू हुए विंटर कार्निवाल में शहर को सजाया गया था, जिसके समापन के बाद शहर की सफाई का काम शुरू हो गया है। कार्निवाल के समय निगम के सफाई कर्मी पूरी रात रिज और मॉल से कूड़ा उठाते रहे। वीरवार को शहर के कई क्षेत्रों में पानी से भी सफाई की गई।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षदों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। इसमें महापौर के साथ अंकुश वर्मा, आलोक पठानिया, अनीता शर्मा और वीरेंद्र ठाकुर मौजूद रहे।



कार्निवाल के समापन पर कर्मचारियों के साथ सफाई करते महापौर सुरेंद्र चौहान।

### 200 टन कूड़ा उठाया

शिमला में विंटर कार्निवाल में करीब 200 टन कूड़ा शहर से उठाया गया। निगम के सफाई कर्मी रात दो से तीन बजे तक कार्य कर रहे, जिससे कार्यक्रम में किसी तरह की दिक्कतें पेश नहीं आई।

टीम को लीड करने का मतलब भाषण देना ही नहीं, बल्कि उसमें हाथ बंटाना भी होता है। शिमला शहर फिर से उसी स्थिति में आ जाए इसके लिए सभी अपना योगदान दे रहे हैं। सफाई कर्मी से लेकर पार्षद सभी कार्य कर रहे हैं। **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

# फोटोयुक्त मतदाता सूची-2024 का अंतिम रूप हुआ प्रकाशित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**पुनरीक्षण के दौरान 12,199 नए मतदाताओं के नाम दर्ज**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रमानुसार शिमला के समस्त आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य एक जनवरी, 2024 की तिथि के आधार पर पूर्ण हो चुका है तथा भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व अनुमोदन से फोटोयुक्त मतदाता सूची-2024 पांच जनवरी को अंतिम रूप में प्रकाशित कर दिया गया है।

प्रारूप प्रकाशन के समय जिले की मतदाता सूची में कुल 5,84,081 मतदाताओं के नाम दर्ज थे। पुनरीक्षण के दौरान 12,199 नए मतदाताओं के नाम दर्ज हुए हैं तथा 5,963 मतदाताओं के नाम मृत्यु, स्थान परिवर्तन या दोहरे पंजीकरण आदि के कारण मतदाता सूचियों से अपमार्जित किए गए हैं। इस प्रकार मतदाता सूची 2024 में 6,236 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

जिले के मतदाताओं का विधानसभा क्षेत्रवार विवरण के अनुसार 60-चौपाल में कुल मतदाता 82.500, जिसमें 42,520 पुरुष और 39,980 महिलाएं हैं।

# 'ढोलो रा धमाका' पहाड़ी गाने पर झूमे दर्शक

## गेयटी थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में शुक्रवार को ठियोग फागू स्टूडेंटस वेलफेयर एसोएिशन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोकगीत कलाकार नाटी किंग कुलदीप शर्मा की नाटी में लोग खूब झूमे।

उन्होंने ढोलो रा धमाका और दरोगा जी पहाड़ी गाने पर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम में पहाड़ी नाटी आकर्षण का केंद्र बनी। इस कार्यक्रम में संस्कृति व परंपरा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रों ने अनेक प्रकार की प्रस्तुति दी। इसमें पंजाबी गानों व नाटियों ने भी सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की विलुप्त हो रही पहाड़ी संस्कृति से युवाओं को अवगत करवाया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह और मेयर सुरेंद्र चौहान ने शिरकत की।



गेयटी थियेटर में ठियोग फागू छात्र संगठन के आयोजित कार्यक्रम में झूमते स्टूडेंट्स।

### पर्यटकों ने उठाया लुत्फ

शिमला घूमने आए पर्यटकों ने भी पहाड़ी संस्कृति को कैमरों में कैद किया। वहीं, छात्र संगठन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसमें लड़कियों ने वेस्टन डांस, लड़कों व लड़कियों ने पहाड़ी नाटी भी की। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से आपसी प्रेम को भी बढ़ावा मिलता है। युवाओं को प्रतिभा व संस्कृति को भी दिखाने का मौका मिलता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पहाड़ी कलाकार रहे।

# कोरोना काल के बाद आज से शुरू होंगी हॉबी क्लासिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**छुट्टियों में अपनी छुपी प्रतिभा को निखारेंगे बच्चे**

गेयटी थियेटर में आज यानी शनिवार से विंटर हॉबी क्लासिस शुरू होंगी। यह क्लासिस पूरे तीन साल बाद हो रही हैं। कोरोना से लेकर अभी तक यह कक्षाएं नहीं ली जा रही थी। साल 2024 से इसकी शुरुआत फिर से हो गई है। यह आज से पांच फरवरी तक चलने वाली है। हॉबी क्लासिस के लिए पंजीकरण प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई थी।

अक्सर देखा जाता है कि छोटे बच्चे अवकाश के समय घरों में समय का दुरुपयोग करते हैं। इन क्लासिस से बच्चों को काफी फायदा पहुंचता है। बच्चों में छीपी प्रतिभा को बाहर निकाला जाता है। हर कक्षा के लिए बच्चों की संख्या 50 निर्धारित की थी। इसमें आठ से 16 वर्ष की आयु के बच्चों को अभिनय, शास्त्रीय नृत्य और पेंटिंग सिखाई जाएंगी। हर कक्षा का शुल्क 300 रुपए निर्धारित किया है। इसमें जो विद्यार्थी एक से अधिक विषयों में प्रवेश लेंगे, उनसे 250 रुपए प्रति कक्षा का शुल्क लिया जाएगा। बच्चों के लिए उनके शीतकालीन अवकाश का सदुपयोग करने और उनकी ऊर्जा को उचित दिशा में प्रयोग करने के मकसद से हर वर्ष यह कक्षाएं संचालित की जाती हैं।

**कार्यक्रम** सुन्नी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ

# शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को किया पुरस्कृत

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी का वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ।

समारोह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य तथा समाज सेविका सत्या वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार रघुवंशी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर मौजूद अतिथिगणों को स्कूल में आयोजित वर्ष 2023 व 24 की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की। बच्चों की ओर से पहाड़ी, हिंदी, पंजाबी तथा हरियाणवी नृत्य पेश किया गए। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत नाटक के माध्यम से सोशल मीडिया की लत और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से स्कूल के सेवानिवृत्त अध्यापिका शाइना बेगम तथा हरभजन कौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बाहरवीं कक्षा की छात्राओं ने शानदार नाटी प्रस्तुत की।

इस दौरान शैक्षणिक गतिविधियों एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यातिथि की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता के अंडर-19 छात्रा वर्ग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्नेहा शर्मा तथा हाकी प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने के लिए महक, रेखा, भूमिका, हिमानी और दिव्या को पुरस्कृत किया गया। मुख्यातिथि ने बच्चों के प्रोत्साहन हेतु 11000 रुपए की राशि प्रदान की। इस दौरान पार्षद रूप लाल, हेत राम हरनोट की ओर से भी छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु प्रोत्साहन राशि भेंट की। (अनंत ज्ञान)



सुन्नी स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

### इन खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर शैक्षणिक परिणामों में मृदुल शर्मा, गीतिका शर्मा, पायल, अरुण शर्मा, श्रद्धा शर्मा, कविता वर्मा, कनिका वर्मा, रवि कुमार, रोहित कुमार, राहुल, हर्षित को प्रथम पुरस्कार दिया गया, जबकि खेलकूद गतिविधियों की हॉकी प्रतियोगिता के अंडर-14 छात्र वर्ग में संजय व रमन के राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेने के लिए पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता के अंडर-19 छात्र वर्ग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रूपेश कुमार, फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-19 छात्र वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रत्यूष व हितेंद्र को पुरस्कृत किया गया, जबकि एथलेटिक्स के अंडर-19 की 200 मीटर में रवि तथा 400 मीटर में हिस्सा लेने के लिए रितिक को पुरस्कार दिया गया। हॉकी के अंडर-19 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने के लिए पंकज, नितेश, लीला कृष्ण, तरुण, करण और रितिक को सम्मानित किया गया।

# पहाड़ी गाने पर नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में वार्षिक परितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह में सुन्नी बांध परियोजना के प्रमुख संजय सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन तथा छात्राओं की ओर से प्रस्तुत सरस्वती वंदना से किया गया। मुख्यातिथि को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।

स्कूल के प्रधानाचार्या मीना संदल ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर विंटर कार्निवाल में आयोजित वर्ष भर की गतिविधियों से अतिथिगणों तथा समारोह में मौजूद अन्य गणमान्यों को अवगत करवाया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गई। बच्चों की ओर से पेश पहाड़ी, हिंदी तथा पंजाबी नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान शैक्षणिक गतिविधियों एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यातिथि की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक परिणामों में रक्षिता, कृति, निकिता, तनवी, मनीष, रंजना ,निकिता, तनवी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि मनीष, रंजना, निकिता, मोहित, निकिता, मनीषा, पियूष, प्रियांशु और हर्षित को बाहरवीं कक्षा में अव्वल प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छात्र वर्ग में ललित कुमार को वॉलीबाल, गगन को कबड्डी तथा छात्रा वर्ग में अंजलि को कबड्डी, हर्षिता को बैडमिंटन, रंजना और संध्या को कबड्डी के लिए पुरस्कार दिया गया। इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवी ममता और पियूष को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अथिति के तौर पर उपस्थित हुए प्रधान चेवड़ी छविंद्र पाल ने 5100 रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप भेंट की।



खैरा स्कूल में मुख्यातिथि को सम्मानित करते प्रधानाचार्या।

## न्यूज ब्रीफ

### रोटरी क्लब पांवटा ने बताई पक्षियों की महत्ता



रोटरी क्लब पांवटा साहिब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर मौजूद बच्चे।

**पांवटा साहिब।** रोटरी क्लब पांवटा साहिब ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया गया। इसमें रोटरी क्लब की प्रधान कविता गर्ग ने बीवी जीत कौर स्कूल के बच्चों को बताया कि पक्षियों की देखरेख हमारे लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं मिट्टी के बर्तन भी बांटे गए। इससे बच्चों में यह संदेश गया कि हम इंसानों को इन पक्षियों के लिए खाने एवं पानी की व्यवस्था भी करनी चाहिए। इस प्रोजेक्ट के दौरान आईटीआई के बच्चे उपस्थित थे।

### सोलन विस क्षेत्र की मतदाता सूची प्रकाशित

**सोलन।** सोलन जिले के 53-सोलन (अजा) निर्वाचन क्षेत्र के प्रारूप में दिए गए संशोधनों की फोटो युक्त मतदाता सूचियां प्रकाशित कर दी गई हैं। यह जानकारी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने दी। कविता ठाकुर ने कहा कि यह सूची निरीक्षण के लिए एक सप्ताह तक उपमंडलाधिकारी कार्यालय सोलन, सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी तहसीलदार सोलन, कंडाघाट और ममलीग के कार्यालय सहित सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह सूची प्रथम जनवरी, 2024 की अर्हता तिथि के संदर्भ में एवं निर्वाचक पंजीकरण नियम 1960 के अनुसार तैयार की गई है।

## वेतन नहीं मिलने पर बिजली बोर्ड कर्मचारियों में रोष, चेतावनी दी

# रोक देंगे बिजली की सप्लाई


बिजली बोर्ड मंडल नालागढ़ कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में गेट मीटिंग के जरिए मांगों को पूरा करने की मांग उठाई।

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

बिजली मंडल नालागढ़ के कर्मचारियों ने शुक्रवार को वेतन न मिलने को लेकर रोष प्रकट किया। कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में दोपहर एक से दो बजे तक गेट मीटिंग के जरिए मांगों को पूरा करने की मांग उठाई।

बिजली कर्मचारी यूनियन के नालागढ़ के अध्यक्ष देवेन्द्र संधू की अध्यक्षता में कार्यालय के समक्ष अपनी मांगों को लेकर गेट मीटिंग की। उन्होंने कहा कि पिछले 52 वर्षों के इतिहास में कभी नहीं हुआ, जब कर्मचारियों को वेतन न मिला हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो सरकार बनी है और बिजली बोर्ड की नाकामी के कारण कर्मचारियों को दिसंबर माह का वेतन नहीं मिला है, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने बिजली बोर्ड के प्रबंधन वर्ग को जिम्मेदारी ठहराते हुए कहा कि क्योंकि उन्हें तीन माह से पता था कि ऐसी स्थिति आने वाली है, के बाद भी उचित कदम नहीं उठाया, बल्कि बिजली शुल्क से होने वाला 560 करोड़ के करीब के रेवेन्यू से दूसरे राज्यों को बिजली की अदायगी कर दी है क्योंकि सर्दियों के मौसम में बिजली की अधिक लागत के चलते बाहर से लेनी पड़ती है।

देवेंद्र ने कहा कि बोर्ड अपने कर्मचारियों के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है, जो कि दिन व रात काम कर रहा है। उन्होंने बोर्ड मैनेजमेंट व सरकार के प्रति रोष जताया है।

उन्होंने कहा कि बोर्ड को तोड़ने की कोशिश की जा रही है क्योंकि पहले भी ऐसी साजिशें रची गई हैं। उन्होंने कहा कि ज्वाइंट फ्रंट की वार्ता सरकार से चली हुई है, अगर ऐसे ही हालात रहे तो बिजली सप्लाई को बंद कर देंगे। इस मौके पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संगठन ने पुलिस जवानों की समस्याओं की दी जानकारी

### पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने किया कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब**

पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला सिरमौर ने नववर्ष के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन होटल ग्रैंड रवेरा में किया गया। कार्यक्रम में सहायक समादेशक छठीं आइआरबीएन धौलाकुआं बबीता राणा व एसएचओ पांवटा अशोक चौहान अतिथि रहे।

वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन किया गया, साथ ही इस संगठन की उपलब्धियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी का नववर्ष के आगमन पर स्वागत किया।

कन्नू वर्मा और उनकी टीम ने गाने प्रस्तुत किए। वहीं, संगठन के सदस्य हीरा सिंह ने पुलिस जवानों की समस्याओं को मुख्य अतिथि के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि आज लाखों नौजवान पुलिस में कार्यरत हैं, मगर पुलिस फोर्स जब कहीं बाहर जाती है तो उनके रहने और खाने की उचित व्यवस्था नहीं रहती है।

उनके सामने कई दिक्कतें आती हैं। इस दौरान मौजूद एएसपी बबीता राणा ने कहा कि सिरमौर का सेवानिवृत्त संगठन बेहतरीन कार्य कर रहा है और जवानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहा है। एएसपी बबिता राणा ने कहा कि जो भी आप लोगों की समस्याएं हैं, सरकार के समक्ष रखें। इस दौरान गुरशरण सिंह मिंटा, भीम सिंह, दया राम ठाकुर, शमशेर सिंह, अरुण कुमार, प्रकाश चंद सहित कई लोग मौजूद रहे।


पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के कैलेंडर का विमोचन करती मुख्यातिथि।

## जोबर्स को दी हित लाभों की जानकारी

### दीपक स्पिनर्स मिल में जोबर्स के लिए लगाया निशुल्क जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

बद्दी की दीपक स्पीनर्स मिल ने कंपनी के जोबर्स (लाइन इंचार्ज) के लिए एक जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें ईसआईसी से सेवानिवृत्त सहायक निदेशक ने स्वेच्छा से जोबर्स को ईएसआईसी से मिलने वाले हित लाभों के बारे में जानकारी दी।


जोबर्स को निगम के हित लाभों की जानकारी देते सेवानिवृत्त सहायक निदेशक।

कंपनी के वाइस प्रेजिडेंट एचआर श्याम सुंदर सक्सेना की देखरेख में लगाए गए इस जागरूकता शिविर में देवव्रत यादव ने जोबर्स को बताया कि ईसएसआईसी में पंजीकृत कामगारों को बच्चों के लिए डॉक्टर की पढ़ाई के लिए आरक्षण का प्रावधान है। बहुत कामगार इसका लाभ भी ले रहे हैं। पहले ही दिन से निगम में व्याप्त कामगार व उसके परिजन केस टू केस बैसिस पर अपने व अपने परिवार का मुफ्त अति विशिष्ट उपचार कराने का हकदार है। इस बारे में जब तक न्यायालय का फैसला नहीं आता है, तब तक यह व्यवस्था जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि निगम के पणधारी की सेवा छह माह हो जाती है और इस दौरान उसकी हाजिरी 78 दिन हो तो अति विशिष्ट उपचार का हकदार है। परिवार के मामले में एक साल की सेवा और 156 दिन होना जरूरी है। प्रसूति हितलाभ के मामले में नौ माह की सेवा अवधि के दौरान 70 दिन की हाजिरी होने पर उसे छह माह का पूर्ण वेतन के साथ अवकाश मिलता है। दो बच्चों तक यह हितलाभ मिलता है। दो बच्चों को बाद बीमाकृत महिला को 84 दिन का अवकाश शत-प्रतिशत वेतन के साथ मिलता है। इसके अलावा अन्य लाभ भी बताए गए।

इस मौके पर कंपनी के वरिष्ठ जनरल मैनेजर वीके भट्ट, आशीष वाहाल, एजीएम अरुण कुमार मोर्या, राजेंद्र सिंह, पबित्रा मोहन दास, अनुप सिंह, हंसराज, हेमराज, सीताकांत बराल व पंकज कुमार उपस्थित रहे।

## नड्डा के रोड शो में जेब कतरे रहे सक्रिय

**सोलन।** सोलन में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के स्वागत कार्यक्रम में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने माल रोड को यातायात के लिए कुछ देर के लिए बंद तो कर दिया, पर रोड शो के दौरान जेब कतरे भी सक्रिय रहे। इस कारण कुछ लोगों की जेबें कटने के मामले सामने आए हैं। कई लोग शिकायत लेकर सोलन पुलिस के पास भी पहुंचे। पुलिस सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाल रही है। राजगढ़ के छोकराली निवासी भीम सिंह की जेब से करीब 50,000 रुपए गायब होने का मामला पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


भीम सिंह

वहीं, नाहन के एक व्यक्ति का पर्स भी पुलिस को गिरा हुआ मिला, जिसे पुलिस ने उसे वापस लौटा दिया। हालांकि पर्स में पैसे मौजूद नहीं थे, लेकिन व्यक्ति के अन्य दस्तावेज पर्स में मौजूद थे। इस पर इस व्यक्ति ने पुलिस का आभार भी जताया है।

## सौर ऊर्जा से राज्य की आर्थिकी होगी सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, अर्की**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के माध्यम से राज्य की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। संजय अवस्थी आज सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुघार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने इससे पूर्व 70 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुघार के अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा के उपयोग के अंतर्गत लोग अपनी खाली भूमि में सौर ऊर्जा इकाई स्थापित कर बेहतर आय अर्जित कर सकती है।

उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने के लिए जलाणा क्षेत्र में 50 बीघा भूमि चिन्हित की गई है। स्कूल के निर्माण के लिए लगभग 20 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। मुख्य संसदीय सचिव ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुघार में शौचालय के निर्माण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय में अतिरिक्त कमरे बनाने के लिए बजट का प्रावधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को 2100 तथा आयोजन समिति को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।मुख्य संसदीय सचिव ने इस अवसर पर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंध अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में संजय अवस्थी बच्चों को सम्मानित करते हुए।

**बुघार स्कूल में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले संजय अवस्थी**

## किसानों की हड़ताल जारी एक समान मांगा मुआवजा

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

**रेलवे से उचित मुआवजा न मिलने से तेज हो रहा किसान आंदोलन**

चंडीगढ़-बद्दी रेलवे प्रोजेक्ट में एक समान मुआवजा न मिलने के चलते किसानों का आंदोलन बड़े स्तर पर फैलता जा रहा है। अब आसपास के करीब नौ गांवों के लोग भी समर्थन में आ चुके हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक एक समान मुआवजा नही मिलता है, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

शुक्रवार को हड़ताल का चौथा दिन रहा, जहां किसानों ने अपनी डिमांड पूरी न होने को लेकर रोष जताया। ऐसे में किसानों की हड़ताल के चलते रेलवे प्रोजेक्ट का कार्य लगातार प्रभावित हो रहा है।

रेलवे प्रोजेक्ट में प्रभावित किसानों ने कहा कि जब तक एक समान मुआवजे की डिमांड पूरी नहीं होती, तब तक किसानों की हड़ताल जारी रहेगी। किसानों की हड़ताल में हरिपुर संडोली, कल्याणपुर, शीतलपुर, लंडेवाल, केंदूवाल, स्वराजमाजरा, चक्कजंगी के कई गांव शामिल हो चुके हैं।

किसान सिमरन जीत, चरणदास लंबरदार, भाग सिंह, सुरेश, श्याम लाल, नसीब सिंह, मोहन लाल, गुरमीत, सोमनाथ, अवतार सिंह, नसीब ज्ञान, जसविंदर, भाग सिंह, हरमेश, गुरमेल, सतनाम, सतपाल, अंगद राम, राजकुमार, मनदीप, निर्मल, अच्छर सिंह, सौरभ संजय, रिंकू, हीरा लाल, दिनेश कौशल, प्यारा ठाकुर, मोहन लाल समेत सैकड़ों किसानों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया।

उन्होंने प्रशासन से कहा कि अगर जल्द से जल्द डिमांड पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज करेंगे।

## कोटा पाब स्कूल के भवन को 25 लाख देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अपने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास कार्यक्रम के दूसरा दिन आज कोटा-पाब में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधि व स्थानीय लोगों ने मंत्री से मुलाकात की तथा क्षेत्र की सामूहिक व व्यक्तिगत समस्याएं उनके समक्ष रखीं।

उद्योग मंत्री ने इनमें से अधिकांश समस्याओं का निपटारा मौके पर किया तथा अन्य को संबंधित विभागों को जल्द समाधान के लिए प्रेषित किया। उद्योग मंत्री ने इस दौरान कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है।

आज शिलाई विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक योजनाएं क्रियान्वित हैं, जिनकी सुविधा शीघ्र ही क्षेत्र के लोगों को प्राप्त होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के विकास में स्थानीय लोगों के सहयोग की भी अपील की। हर्षवर्धन चौहान ने क्षेत्र के लोगों को जनजाति दर्जा मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि लोगों के लंबे संघर्ष के बाद यह संभव हो सका है। उन्होंने इस संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आभार व्यक्त किया।


शिलाई विस क्षेत्र के दौरे के दौरान लोगों से मिलते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

**मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सुनी लोगों की समस्याएं कइयों को मौके पर निपटारा**

उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की यह विशेषता रही कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से चला और अंततः अपने मकाम तक पहुंचा।

उन्होंने कहा कि आज यह मामला न्यायालय में चला गया है, जिस कारण इस पर कोर्ट द्वारा रोक लगाई गई है, परंतु जिस प्रकार हम सब लोगों ने मिल-जुलकर इस संघर्ष को इस मुकाम तक पहुंचाया है, यदि हम सभी मिल-जुलकर कोई रास्ता निकालेंगे तो कोर्ट की रोक को हटाया जा सकता है।

उद्योग मंत्री ने इस अवसर पर अनेक घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कोटा पाब स्कूल भवन के लिए 25 लाख, उठाउ पेयजल योजना कांडी-क्याना के लिए 10 लाख, संपर्क सड़क पाब के लिए पांच लाख, महिला मंडल पाब के लिए दो लाख तथा लिंक रोड कांडी से च्याली तक पांच लाख तथा महिला मंडल भवन कांडी के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की।

इससे पूर्व उद्योग मंत्री शिलाई से कोटा पाब तक विभिन्न स्थानों पर रुके, जहां गांव के लोगों ने उनका स्वागत किया तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया।

**ये रहे मौजूद**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीता राम शर्मा, पूर्व प्रधान पूनम चौहान, ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष प्रवेश शर्मा, एसडीएम कफोटा राजेश वर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विजय अग्रवाल सहित पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधि, कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लंबित देनदारी को लेकर वन टाइम सेटलमेंट फिर से शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

वित्त वर्ष 2023-2024 की त्रैमासिक प्रोग्रेस रिपोर्ट को लेकर जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के 33 शाखा के मैनेजर्स और हेड ऑफिस के एजीएम के साथ चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा और बैंक के प्रबंध निदेशक पंकज सूद ने निजी होटल में बैठक ली। वित्त वर्ष 2023-2024 की 31 दिसंबर तक नौ माह में बैंक का व्यवसाय संतोषजनक रहा है और इसे बेहतर करने के लिए बैंक के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए।

जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक में लंबित देनदारी और एनपीए अकाउंट को लेकर वन टाइम सेटलमेंट फिर से शुरू किया गया है, जो कि 31 मार्च तक लागू रहेगी।

बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने सभी लंबित पड़े मामलों को सुलझाने के लिए ग्राहकों से निवेदन किया है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। पिछले तीन महीने में बेस्ट परफॉर्मेंस बैंक के मैनेजर को भी सम्मानित किया गया।

बैंक के एजीएम कुलदीप कुमार, एजीएम राम पॉल, एजीएम हरीश कुमार, गुरमीत सिंह, भारत भूषण तहसीलदार रिकवरी करम सिंह हिमराल आदि मौजूद रहे।


जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक में एनपीए अकाउंट की वन टाइम सेटलमेंट की क्लीयरेंस देते चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा।

**अवैध कब्जा** — रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में मिली हैं दुकानें; फिर भी रास्ते पर कब्जे, राहगीर परेशान

# सपरून में फुटपाथ पर ही सजा दीं अवैध रेहड़ियां

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने कहने को तो शहर के लाइसेंसधारक रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में करीब 54 दुकानों का आवंटन कर दिया है, बावजूद इसके सपरून फुटपाथ के लिए प्रस्तावित जमीन में अवैध रूप से रेहड़ी-फड़ी चालकों का कब्जा हो गया है। इससे यहां पैदल चलने वाले लोगों को अब वाहनों के बीच जान जोखिम में डालकर सड़क में चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि निगम ने यहां पर फुटपाथ बनाने के दावे तो किए, पर सूरत-ए-हाल देख लगता है कि चुने हुए प्रतिनिधियों को लोगों की सुविधा की चिंता ही नहीं है।

नगर निगम ने पिछले वर्ष सपरून में लंबित फुटपाथ निर्माण के कार्य को 31 मार्च तक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया था, पर करीब एक वर्ष बीत जाने के बावजूद कच्चा रास्ता तक नहीं बन पाया। यहां रेहड़ियों का कब्जा होने से लोगों का इसके प्रति रोष के देखने को मिल रहा है। पिछले वर्ष यहां प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचआई पेडस्टल मार्ग का निरीक्षण करवाया था, तब लोगों को फुटपाथ निर्माण की उम्मीद जगी थी।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने भी आश्वासन दिया था कि निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं स्थानीय पार्षद व तत्कालीन डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने इस मामले को प्रदेश सरकार के आला अधिकारियों सहित केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के ध्यानार्थ भी लाया, पर निर्माण में देरी होती रही और रेहड़ियों के कब्जे बढ़ते गए।

**चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सहूलियत :** सपरून में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों को लोगों को सहूलियत मिलेगी। इससे हाउसिंग कॉलोनी, सपरून पंचायत, क्लीन, रबोन, आंजी, देऊघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी।

सपरून का फुटपाथ फोरलेन निर्माण से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को मुख्य सड़क क्रॉस करना जोखिम भरा हो चुका था।

स्लीप रोड बनने से लोगों को फोरलेन क्रॉस करने से तो निजात मिली, लेकिन अधूरे कार्य से फुटपाथ की कमी से अभी भी लोगों को दिक्कत पेश आ रही है। इसी को देखते हुए लोग फुटपाथ की निर्माण कर पुराने फुटपाथ को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


सपरून में प्रस्तावित फुटपाथ पर अवैध रूप से लगी रेहड़ियां।

**फोरलेन निर्माण के लिए गिराया था फुटपाथ**

**सपरून** में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को गिरा दिया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची। इससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे चलना जोखिम भरा हो चुका है। लोगों की मांग पर यहां स्लिप रोड का निर्माण तो हुआ पर रेहड़ियों के कब्जे से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची है।

**रेहड़ियां कम होने के बजाए बढ़ गईं**

**लोगों** को उम्मीद थी कि रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद फुटपाथ में लगी रेहड़ियों को हटा दिया जाएगा, पर यहां रेहड़ियां कम होने के बजाए दिनोंदिन बढ़ रही हैं। यहां नगर निगम की कार्यप्रणाली से पिछले एक वर्ष के दौरान अवैध तौर पर दर्जनों रेहड़ी चालकों के कब्जे हो गए। स्थानीय सामाजिक संस्थानों के विरोध के बावजूद नगर निगम ने आज तक रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई नहीं की। इससे खासकर वार्ड-13 की क्लीन सुधार सभा, वार्ड-14 की कमल ऑर्चर्ड वेलफेयर सोसायटी और रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी में खासा रोष है।

> सपरून में बनी वेंडर मार्केट में लाइसेंसधारक रेहड़ी चालकों को दुकानों का आवंटन हो चुका है। लाभार्थियों को 15 दिन में शिफ्ट करने का समय दिया गया है। निगम जल्द अवैध रूप से लगी रेहड़ियों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की कार्रवाई करेगा।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

## मालभाड़े में बढ़ोतरी का नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने भी किया विरोध

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

नालागढ़ ट्रक यूनियन व बीबीएन इंडस्ट्री के बीच मालभाड़े की बढ़ोतरी को लेकर विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। अब यूनियन के विरोध में नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन भी खुलकर उतर आई है। नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन (एनआईए) ने भी बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन के समर्थन में आकर यूनियन के द्वारा मालभाड़े में बढ़ोतरी का विरोध किया है।

बीते माह नालागढ़ ट्रक यूनियन व नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने बैठक करते हुए मालभाड़े में 450 किलोमीटर तक 12 फीसदी बढ़ोतरी का फैसला लिया था, जिस पर एनआईए ने भी अपनी सहमति जताई थी लेकिन मामला गर्माता देखा नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने अपना बयान बदलकर साफ इंकार कर दिया था कि मालभाड़े को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। शुक्रवार को नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने कहा कि बीते दिन नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन की बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ बैठक हुई थी और एनआईए ने अपना समर्थन दिया था। नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना त्यागी ने कहा कि पिछले माह ट्रक यूनियन के साथ हुई बैठक में माल भाड़े को लेकर बढ़ोतरी पर किसी तरह की चर्चा नहीं हुई थी।

अर्चना त्यागी ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि इस तरह के मामले में तुरंत हस्तक्षेप जरूर करें जिससे औद्योगिक वातावरण खराब न हो।

**उद्योग हाई कोर्ट के आदेशों पर करें काम : त्यागी**

नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन की अध्यक्षा अर्चना त्यागी ने औद्योगिक इकाइयों से अपील करते हुए कहा कि हाईकोर्ट से इंडस्ट्री को माल ढुलाई में वाहनों के इस्तेमाल की स्वतंत्रा मिली है, जिसका फायदा लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी इंडस्ट्री हाई कोर्ट से मिले आदेशों के तहत कार्य करें, ताकि इंडस्ट्री पर आर्थिक बोझ न पड़े।

## 13 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू नौ को

**सोलन।** मैसर्ज पनेशिया बायोटेक बद्दी में पांच पद तथा मैसर्ज बीआरडी मैडिलैब यूनिट-दो में आठ पदों की भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू नौ जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय सोलन में प्रात: 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन संदीप ठाकुर ने दी।

उन्होंने कहा कि उक्त पदों की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक विभागीय पोर्टल पर लॉगइन कर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को EEMIs पर candidate Login Tab के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी registration Profile पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-227242 तथा मोबाइल नंबर 78768-26291 व 70189-18595 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कुल्लवी नाटी संग लोक संस्कृति का बिखेरा रंग

**1200** महिलाओं ने मालरोड पर डाली महानाटी | **123** महिला मंडलों ने लिया हिस्सा | **1** लाख रुपए इनाम नाटी विजेता टीम को मिलेगा | **50** हजार मिलेगा उपविजेता को



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के चौथे दिन मालरोड मनाली में महानाटी डालती महिलाएं।

कमलेश वर्मा, कुल्लू

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के चौथे दिन मालरोड मनाली में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने महानाटी डाली। इस दौरान मालरोड मनाली वाद्ययंत्रों से गूंज उठा। इस मौके पर राइट बैंक के 123 महिला मंडलों की 1200 महिलाओं के कदम मालरोड पर एक साथ थिरके। शुक्रवार को मनाली घाटी के दाएं तट की महिलाओं ने मालरोड में कुल्लवी नाटी डालकर संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। विंटर कार्निवाल का आकर्षण रहने वाली महानाटी में हर बार की तरह इस बार भी वामतट व दाएं तट की महिलाओं में मुकाबला हो रहा है।

कार्निवाल के दूसरे दिन जहां वामतट की महिलाओं ने नाटी में भाग लिया था वहीं, चौथे दिन दाएं तट की महिलाओं ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहने वाली टीम को एक लाख रुपए इनाम मिलेगा, जबकि दूसरे स्थान वाली टीम को 50 हजार से संतोष करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)



### मोहा मन

सुबह साढ़े 11 बजे जैसे ही काला पट्टू व धाठु लगाकर महिलाएं माल रोड में पहुंची तो दृश्य मनमोहक हो गया। मनाली के माल रोड में कुल्लवी परिधानों में सजकर महिलाओं ने शानदार नृत्य किया।



### गूंजा संगीत

मंच से कुल्लूवी गायकों ने कुल्लवी गीत गाकर सभी महिलाओं को थिरकने पर विवश किया। इस महानाटी को देखकर मनाली पहुंचे हजारों पर्यटक हिमाचली संस्कृति के दीवाने हो गए।



### महानाटी में दिखी लोक संस्कृति की छटा

महानाटी आयोजन समिति के सदस्य बालक राम ने कहा कि महिलाओं ने पौराणिक आभूषणों में चंद्र हार, बालू, बाजू बंद, पंजेब, तीन फूल वाले पट्टू पहनकर कुल्लवी नृत्य किया और संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया। मनाली के एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि विंटर कार्निवाल को सफल बनाने के हरसंभव प्रयास किए गए हैं। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मानव जाति के विकास के इतिहास में संस्कृति की भूमिका महत्वपूर्ण है। संस्कृति का संरक्षण व सवर्धन जरूरी है और मनाली की महिलाओं ने खूबसूरत महानाटी डालकर महिला सशक्तिकरण सहित संस्कृति का संरक्षण व सवर्धन का संदेश दिया।



दो से छह जनवरी तक आयोजित हो रहे विंटर कार्निवाल का शनिवार को समापन होगा। पांच दिनों तक पर्यटकों के मनोरंजन और उन्हें कुल्लवी संस्कृति से रू-ब-रू करवाने के उद्देश्य से मालरोड में अनेकों सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। शनिवार को सभी महिला मंडलों व अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्यातिथि भुवनेश्वर गौड़ सम्मानित करेंगे। -**रमण शर्मा, एसडीएम मनाली।**

## न्यूज ब्रीफ

### ब्यास-पार्वती में बने टापुओं से मलबा हटाने का कार्य शुरू

**भुंतर।** प्रदेश सरकार के आदेशानुसार प्रशासन द्वारा अब ब्यास और पार्वती नदी में बने डेंजर प्वॉइंट से टापुओं को हटाने का कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को एसडीएम कुल्लू से साथ खनन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग व विभिन्न विभागों की टीम जिया पहुंची थी। जिया में पार्वती व ब्यास नदी में बने टापुओं से मलबा हटाने के लिए कार्य शुरू है। फिलहाल संगम स्थल पर बने टापू का मलबा इकट्ठा करने का कार्य शूरू है। एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर पूरा जायजा लिया। एसडीएम विकास शुक्ला ने कहा कि नदियों से वैज्ञानिक तरीके से मालवा उठाया जाएगा। बड़े-बड़े बोल्डर नदी के किनारों पर लगाए जाएंगे, ताकि बरसात में पानी का जलस्तर बढ़ने से उस एरिया को नुकसान न पहुंचे। शुक्रवार को जिया पहुंचने पर पार्वती नदी फोरलेन पुल के नीचे बने टापू का भी एडीएम कुल्लू ने विभिन्न विभागों से आई टीम के साथ जायजा लिया। इस डेंजर प्वाइंट को देखकर उन्होंने मौके पर ठेकेदार को टापू से मटेरियल हटाने के आदेश दिए।

### देवी-देवताओं की आपत्तिजनक फोटो वायरल होने पर रोष

**कुल्लू।** कुल्लू जिला के देवी-देवताओं की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने पर पुजारी कल्याण संघ जिला कुल्लू में भारी आक्रोश है। कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष धनीराम चौहान एवं तमाम पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि जिस व्यक्ति के द्वारा यह कार्य किया गया है, उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में किसी भी तरह का द्वेष न फैल सके। इसी मुद्दे को लेकर ढालपुर में पुजारी कल्याण संघ से जुड़े हुए प्रतिनिधियों के द्वारा बैठक भी की गई और प्रदेश सरकार से उचित कार्रवाई की मांग उठाई। धनीराम चौहान ने कहा कि अब अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की भी प्रतिष्ठा होनी है और पूरे देश में इस बात की भी खूब चर्चा है। ऐसे में कुछ लोग दो समुदाय के बीच द्वेष बढ़ाने की भावना से इस तरह की गलत हरकत कर रहे हैं, ताकि दो समुदायों के बीच मनमुटाव हो सके। वहीं एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि कुल्लू पुलिस की टीम ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार भी कर लिया जाएगा।

### जगमोहन के शव की फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की खराहल घाटी के सोलह टांकी के पास मिले शव को पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार बुधवार रात को खराहल घाटी के जंगल में गली सड़ी अवस्था में मिला था। उसके बाद पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया था। जांच के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया और आज उसे नेरचौक भेजा गया है, जबकि पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। थाना प्रभारी मुनीष का कहना है कि जगमोहन की मौत का कारण एफएसएल की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

### निशुल्क बैडमिंटन कोचिंग शिविर का शुभारंभ

**कुल्लू।** उपायुक्त एवं जिला क्रीड़ा संघ कुल्लू के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने आज नवनिर्मित बैडमिंटन खेल परिसर में 21 दिवसीय निशुल्क प्रोफेशनल बैडमिंटन कोचिंग शिविर का शुभारंभ किया। इस तरह का कुल्लू जिले में पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य तथा नए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला में पहली बार फ्री प्रोफेशनल बैडमिंटन कोचिंग शिविर का आयोजन नवनिर्मित इनडोर बैडमिंटन कांप्लेक्स, कैटल ग्राउंड ढालपुर कुल्लू में किया जा रहा है। यह शीतकालीन शिविर पांच से 26 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसमें आठ से 17 वर्ष के कोई भी बालक बालिकाएं निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कविता ठाकुर सहित विभिन्न खेलों के कोच भी उपस्थित थे।

### हंस फाउंडेशन मरीजों के लिए बनी जीवनदायनी

**बंजार।** हंस फाउंडेशन मोबाइल स्वास्थ्य सेवा मरीजों के लिए जीवनदायनी साबित होती जा रही है। घर द्वार ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा मिलने से ग्रामीण इलाकों में लोगों को अपनी बीमारी का इलाज करवाने का लाभ मिल रहा है। द हंस फाउंडेशन मोबाइल स्वास्थ्य इकाई-चार बंजार द्वारा बंजार उपमंडल की ग्राम पंचायत बलागाड़ के गांव बेहलो और बलोन में 64 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य जांचा गया एवं दवाइयां टेस्ट उपलब्ध करवाए गए। वहीं, मधुमेह संबंधी बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक किया। जिला परिषद सदस्य मान सिंह सहित ग्रामीण इलाकों का लोगों का कहना है कि मोबाइल सेवा से लोगों को काफी राहत मिल रही है। द हंस फाउंडेशन द्वारा इस सेवा को घरद्वार पर देने बुजुर्ग, महिलाओं, बच्चों को घर द्वार सुविधा मिल रही है।



## न्यूज ब्रीफ

### गागल आश्रम में कल होगा सत्संग

**मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल का नववर्ष का प्रथम मासिक सत्संग सात जनवरी को गागल धाम आश्रम (बल्ह) में होगा। इस दौरान प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक सत्संग- संकीर्तन और ओम का उच्चारण कर संगत गुरु देव का आशीर्वाद हासिल करेगी। यह जानकारी मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि सत्संग में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को चक्कर से गागल तक सुविधा जनक पहुंचने के लिए गाड़ी प्रातः 10.45 बजे, 11 बजे और 11-45 तक उपलब्ध रहेगी। सत्संग के समापन पर भंडारे की व्यवस्था गुरु प्रसाद के तौर पर की जाएगी। उन्होंने सभी भक्तजनों से आह्वान किया है कि समय पर सत्संग में पधारें।

### समखेतर फीडर में कल पावर कट

**मंडी।** 11केवी अस्पताल तथा समखेतर फीडर में विद्युत की क्षमता बढ़ाने के लिए सात जनवरी को कार्य किया जाएगा। इसके कारण सात जनवरी को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक पैलेस, हॉस्पिटल, गणपति रोड, सैण, मोती बाजार, समखेतर, टाउन हाल, बालकरूपी, खत्री सभा व इनके साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता नरेश ठाकुर ने दी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### चांगर में अवैध शराब सहित एक धरा

**सुंदरनगर।** बीएसएल थाना सुंदरनगर की टीम ने गश्त के दौरान चांगर क्षेत्र में अवैध देशी शराब सहित एक व्यक्ति को धरा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार बीएसएल थाना पुलिस का दल वीरवार देर शाम चांगर क्षेत्र में थाना प्रभारी बोधराज के नेतृत्व में गश्त पर था। इस दौरान आयकर विभाग के कार्यालय के निकट पुलिस ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को रोक कर उसके बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 5,250 मिली लीटर संतरा ब्रांड देसी शराब बरामद हुई। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी राम सिंह निवासी चांगर के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### जान से मारने की धमकी पर केस दर्ज

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना में मारपीट को लेकर क्रॉस प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज प्राथमिकी में बुद्धि सिंह पुत्र उपेंद्र सिंह निवासी गांव व डाकघर कलौहड़ ने कहा है कि जब वह अपने ऑटो में सवारी छोड़ कर वापस लौट रहा था, तो रास्ते में दुर्गा सिंह निवासी भौण बाड़ी व अनु निवासी धनेश्वरी ने उसका रास्ता रोका और मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से अरुण कुमार पुत्र दुर्गा दास निवासी गांव धनेश्वरी ने कहा है कि उसके पिता दुर्गा सिंह घर से कुछ दूरी पर चिकन कार्नर पर चिकन लेकर आ रहे थे तभी बुद्धि सिंह ने रास्ता रोक पर गाली-गलौज, मारपीट की और किसी रॉड से हमला किया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### रामनगर के 13 मेधावियों को मिले टैब

**मंडी।** स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रामनगर मंडी के 13 मेधावियों द्वारा बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर शिक्षा विभाग की ओर से टैब प्राप्त हुए हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र गुलेरिया ने बताया कि इन 13 मेधावियों ने न केवल स्कूल बल्कि अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। इन सब विद्यार्थियों को ये टैब वितरित कर दिए गए साथ ही इन्हें इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी गई हैं। प्रधानाचार्य ने इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को उनकी व उनके शिक्षकों व स्टाफ की कड़ी मेहनत का फल बताया व उनकी सराहना की। जिन विद्यार्थियों को यह टैब प्राप्त हुए हैं उनमें निशा, कृति बैंजवाल, श्रद्धा, प्रिंसी, अदिति, स्वाति कौंडल, सिमरन, तमन्ना, अंशुल भट्ट, अविनाश गुलेरिया, शिवांश मेहता व सार्थक शर्मा शामिल हैं। इनकी इस उपलब्धि से अध्यापक, विद्यार्थी व अभिभावक अति प्रसन्न हैं।

### जोगिंद्रनगर में नशे के खिलाफ कार रैली



एंटी ड्रग्स कार रैली के दौरान कार्यकारी एसडीएम डॉ. मुकुल शर्मा व अन्य।

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल में नशा माफिया के खिलाफ बिगुल बज गया है। अब हर घर से नशा दूर होगा। शुक्रवार को रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर की इस अनूठी पहल में पुलिस प्रशासन के साथ उपमंडल के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एंटी ड्रग्स कार रैली निकालकर इस अभियान का आगाज किया। कार्यकारी एसडीएम डॉ. मुकुल अनिल शर्मा ने उपमंडल में शुरू हुए इस अभियान की सराहना की। एंटी ड्रग्स कार रैली में मौजूद न्यू क्रिसेंट स्कूल के प्रबंध निदेशक विजय शर्मा, दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल प्रबंधन के महासचिव विजय जम्वाल, आईटीआई डोहग की प्राचार्य इंजीनियर नवीन ने एंटी ड्रग्स रैली में हिस्सा लेकर इस मुहिम की सराहना की। वहीं सौम्या सांबशिवन पुलिस अधीक्षक मंडी ने कहा कि जिला के जोगिंद्रनगर में नशे के खिलाफ पुलिस व प्रशासन की ढाल बनकर सामाजिक संगठनों के साथ रोटरी क्लब ने जो अभियान शुरू किया है इससे हर घर से नशा दूर होगा।

### गोसदन मैगल में पशुओं को लगाए टैग

**मंडी।** गोसदन मैगल में सभी लावारिस पशुओं को शुक्रवार को टैग लगाए गए। भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से जीव जंतु कल्याण प्रतिनिधि एम पटियाल ने बताया कि वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. दिलीप मेहता और एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर के दिशा-निर्देशों से गोसदन में नगर निगम मंडी सहित अन्य क्षेत्रों से जमा किए गए लावारिस पशुओं को टैग लगाएंगे। पटियाल ने बताया कि पशुपालन विभाग से डॉक्टर तमन्ना टंडन और ओम प्रकाश ठाकुर फार्मासिस्ट, दीप कुमार सहायक फार्मासिस्ट ने इस प्रक्रिया में भाग लिया। हाल ही में उपमंडल अधिकारी सदर एवं नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा सहित अन्य ने औचक निरीक्षण किया था, इस दौरान सभी व्यवस्था बेहतरीन ढंग की पाई गई।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**मंडी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा सदर मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल वर्मा ने मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों व मंडल विशेष आमंत्रित सदस्यों की नियुक्तियां कर दी हैं। मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा के अनुसार मोर्चा में नरेश कुमार, खेम चंद वर्मा, चेत राम व लाल सिंह सैनी को उपाध्यक्ष, विपिन सैनी व विनोद कुमार को महामंत्री व कमलेश वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। रविंद्र सिंह, जय सिंह, टेक चंद वर्मा, सुनील कुमार, गौरव सैनी, हेमंत सैनी, अभिषेक को कार्यालय सचिव बनाया गया है। माणिक सैनी को मीडिया, रीना सैनी को सोशल मीडिया का व पंकज कुमार को आईटी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में दीपक सैनी, भूप सिंह सैनी, हेम सिंह सैनी, गोपाल कृष्ण सैनी, जोगिंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, टेक चंद, हितेश कुमार, भाग सिंह, श्याम चंद, सुरेश, मुनीश, अभिषेक व अमृत लाल को नियुक्त किया गया।

# बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

## जोगिंद्रनगर विद्युत मंडल परिसर में विद्युत परिषद तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई गरजी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई विद्युत मंडल जोगिंद्रनगर के कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों ने विद्युत मंडल परिसर में दोपहर एक बजे से दो बजे के बीच अभी तक वेतन व पेंशन की अदायगी न करने में असफल बोर्ड प्रबंधक वर्ग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। बोर्ड की लचर कार्यप्रणाली की आलोचना की।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य सलाहकार तकनीकी कर्मचारी संघ दुनी चंद ठाकुर ने कहा कि 52 साल के इतिहास में पहली बार कर्मचारी एवं पेंशन धारक वेतन की अदायगी से महरूम हुए हैं। विद्युत परिषद की माली हालत को इस दयनीय स्थिति में पहुंचने के लिए मात्र और मात्र बोर्ड प्रबंधन ही कसूरवार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रबंध निदेशक के पास एक से अधिक विभागों का प्रभार है, इसलिए कारगार ढंग से बिजली बोर्ड के कार्यालयों को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं।

दुनी चंद ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा के एवज में देय सब्सिडी की रकम को तुरंत बोर्ड को जारी किया जाए ताकि बिजली बोर्ड को आर्थिक तंगहाली से उबारा जा सके। कर्मचारियों को प्रताप सिंह इकाई एवं जिला सचिव, शंभू राम ठाकुर इकाई प्रधान, सुरेंद्र पराशर, कांशी राम कोषाध्यक्ष पेंशन फार्म, चंदन सिंह ठाकुर इत्यादि ने संबोधित किया।




जोगिंद्रनगर में प्रदेश बिजली बोर्ड के कर्मचारी व पेंशनर धरना-प्रदर्शन करते हुए।

## भद्रवाड़ में कर्मियों ने टूल डाउन स्ट्राइक की धमकी दी



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ द्वारा शुक्रवार को तीन मुख्य मुद्दों पर सब डिवीजन भद्रवाड़ में प्रदेश सचिव अतुल की अध्यक्षता मे सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों की सेलरी बहाल कर हर महीने एक तारीख को वेतन देने, ओपीएस और नई भर्ती इसी महीने बहाल करने की मांग की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने टूल डाउन स्ट्राइक की धमकी भी दी। इस धरने में जिला मंडी उपाध्यक्ष मनोज कुमार, डिवीजन सचिव पवन कुमार, उपप्रधान नवनीत, पेंशनर्स प्रधान नाथू राम, उपप्रधान बद्री, जूनियर इंजीनियर बलवंत, चरण सिंह, अतुल शर्मा तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी शामिल रहे।

# ब्यास में पांचवें दिन मिला पांगणा के ट्रेवलर चालक का शव

## घटनास्थल से 300 मीटर दूर मिली गंगा सिंह की डेड बॉडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

ओवरटेक को लेकर शुरू हुई झड़प के बाद ब्यास नदी में समाए दूसरे चालक का शव भी शुक्रवार को बरामद हो गया है। एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के जवानों ने यह शव खोज निकाला है। शव की पहचान गंगा सिंह निवासी करसोग पांगणा के रूप में हुई है। घटनास्थल से करीब 300 मीटर दूर गंगा सिंह का शव मिला है। बता दें कि पंजाब नंबर की फार्चूनर व हिमाचल नंबर की ट्रैवलर के चालक के बीच ओवरटेक को लेकर पहली जनवरी शाम करीब 7:30 बजे हाथापाई हो गई थी। इस हाथापाई के दौरान दोनों चालक ब्यास नदी में गिर गए थे। सोमवार शाम नौ बजे से ही इनका सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया था। इस सर्च ऑपरेशन में एसडीआर व एनडीआर के साथ ड्राइविंग एसोसिएशन सुंदरनगर के ड्राइवरों ने अहम भूमिका निभाई है। वहीं सदर थाना प्रभारी सकीनी कपूर, पुलिस जवान, क्यूआरटी व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर डटे रहे। बुधवार को जालंधर निवासी अमनदीप सिंह का शव बरामद हुआ था। वहीं शुक्रवार सुबह करीब सवा 11 बजे गंगा सिंह का शव घटनास्थल से करीब 300 मीटर दूर बरामद हुआ है। सदर थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। चार दिन से भी ज्यादा चले इस सर्च आपरेशन में एसडीआरएफ के 18 व एनडीआरएफ के 24 जवानों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। एसडीआरएफ की टीम घटना के ढेड़ घंटे बाद मौके पर पहुंच गई थी। वहीं एनडीआरएफ की टीम ने पहली जनवरी की रात 11 बजे मोर्चा संभाला था। एनडीआरएफ 14 जीडी इंस्पेक्टर नीरज भारती ने बताया कि ब्यास नदी की हाड कंपा देने वाली सर्दी में सर्च ऑपरेशन पूरी टीम के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था।



गंगा सिंह के शव को स्ट्रेचर पर ले जाते एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जवान।

### पेंडिंग मेडिकल बिलों का जल्द करें भुगतान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को सेवानिवृत्त संगठन इकाई के अध्यक्ष लाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन के एरियर व पेंडिंग पड़े मेडिकल बिलों का जल्द से जल्द भुगतान नहीं किया तो आने वाले लोकसभा चुनावों में सेवानिवृत्त कर्मचारी व उनके परिजन वर्तमान सरकार के विरुद्ध काम करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि गत दो माह से होमगार्ड पुलिस के साथ दिन रात काम करते है उनको दो माह से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है जो कि चिंता का विषय है। लाल सिंह ने समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को नए पे स्केल के आधार पर मिल रही पेंशन के लाभ के बारे में बताया और विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि खातों से पैसे कटने शुरू हो गए है लेकिन पेंशन का कोई एरियर सरकार द्वारा पेंशनर को नहीं दिया जा रहा है। गत दो वर्षों से जो मेडिकल बिल भेजे गए है उनका भी आज तक भुगतान नहीं हुआ। अपनी अनदेखी के कारण कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। सेवानिवृत्त संगठन ने प्रशासन व पुलिस से मांग की है कि जो प्रवासी व्यवसाय कर रहे है उनकी पूरी छानबीन की जाएबैठक में रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक ओमकार सिंह, निरीक्षक चेत सिंह, रमेश राणा, जय सिंह उपस्थित रहे।

### अलाथू स्टेडियम में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे नेता

**मंडी।** पन्नालाल रक्षा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने मंडी के होटल राजमहल में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अलाथू में बनने जा रहे स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडी के नेता और विभाग कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स स्टेडियम का यह कार्य कई वर्षों से अधूरा पड़ा है और मंडी के अलाथू में यह स्पोर्ट्स स्टेडियम पिछले कई वर्षों पहले बनना प्रस्तावित हुआ था। इस स्टेडियम के लिए डीपीआर भी बनकर लगभग तैयार हो गई थी, लेकिन कुछ नेताओं और विभाग द्वारा इस कार्य में ढील बरती जा रही है। इस कारण अभी तक यह स्पोर्ट्स स्टेडियम नहीं बन पाया है।






### तैयारियां शुरू

**करसोग।** करसोग के तत्तापानी में मनाए जाने वाले लोहड़ी मकर संक्राति मेले की तैयारियां तेज हो गई है। मेले को आर्कषक बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गई है। खंड विकास अधिकारी चुराग की देखरेख में मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित लोगों के भी सुझाव लिए जा रहे हैं।






# मजदूर कामगारों की समस्या को 'एनफीटू' करवाएगा हल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,मंडी**



दिनेश कुमार।

हिमाचल प्रदेश में कामगार श्रमिकों व मजदूरों के हक के लिए अब न तो धरना-प्रदर्शन होगा न ही नारेबाजी व चक्का जाम होगा बल्कि सीधे तौर पर समस्याओं के निदान के लिए सरकार से वार्ता होगी। इसके लिए नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन डीएचएन भारत सरकार से मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन ने हिमाचल प्रदेश में भी श्रमिकों के हितों के लिए कार्य करना शुरू कर दिया है।

संगठन ने प्रदेश में श्रमिकों को किसी भी क्षेत्र में पेश आ रही परेशानियों का खाका बनाना भी शुरू कर दिया है। इस बारे में आयोजित पत्रकार वार्ता में विस्तार नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि संगठन ने प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्तियां शुरू कर दी हैं।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन है जो देश भर में मजदूरों कामगारों आदि की समस्याओं को उचित मंच पर सरकार के साथ वार्ता कर सुलझाने में विश्वास रखता है। यह पूरी तरह से गैर राजनीतिक संगठन है जो अब हिमाचल प्रदेश में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। दिनेश कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में मौजूदा समय में आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर व रेहड़ी-फड़ी वाले बुरे दौर से गुजर रहे हैं। इन्हें इनका हक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को उचित न्यूनतम मानदेय भी नहीं मिल रहा है, जिसके लिए आने वाले समय में सरकार के साथ वार्ता कर इन समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

**समस्या** सेरी बाजार में की जा रही अनदेखी, अक्षर भी मिटे

# मंडी में धूल फांक रही उद्घाटन पट्टिकाएं

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**





मंडी में विभिन्न जगहों पर बेअदबी की शिकार उद्घाटन पट्टिकाएं।

हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदेश में शिलान्यास पट्टिकाओं की तोड़फोड़ करने पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। बात तो सही है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन शिलान्यास पट्टिकाओं की बेअदबी पर कोई कार्रवाई न होना अपने आप में ही सवाल है। जब शिलान्यास होता है तो चमचमाती हुई पट्टिका कार्यक्रम में स्थापित की जाती है, लेकिन जिन योजनाओं में बजट का उचित प्रावधान नहीं होता या राजनीतिक इच्छाशक्ति उस पर अमल न करने की न हो तो ये पट्टिकाएं कूड़े के ढेर से ढकने के कगार पर पहुंच रही हैं। इससे चमचमाती पट्टिकाओं पर दर्ज मौहतवीरों के नाम भीधूल फांकते नजर आ रहे हैं। बता दें कि यहां सेरी बाजार में चानणी के नीचे लगभग डेढ़ दशक से एक पट्टिका ऐसी है जिस पर पीतल के 90 फीसदी अक्षर मिट चुके हैं। यह किस विभाग का शिलान्यास या उद्घाटन है कोई पता नहीं चलता। यही नहीं ऐतिहासिक चौहटा बाजार में डीपीआरओ कार्यालय के बाहर शहर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से संबंधित करोड़ों की योजनाओं की चमचमाती हुई शिलान्यास पट्टिका के चबूतरे की नींव सार्वजनिक वाटर कूलर से बहते पानी के कारण गंदगी में खड़ी प्रतीत हो रही है। भीऊली में एनजीओ भवन के सामने सड़क के नीचे दो दशकों से सब्जी मंडी की शिलान्यास पट्टिका धूल फांक रही है। यह कूड़े से ढकने के कगार पर है। हालांकि यह सब्जी मंडी यहां से चार किलोमीटर दूर कांगणी में बनकर तैयार हो गई है और वहां पर चमचमाती हुई शिलान्यास व उद्घाटन पट्टिकाएं दीवार पर चस्पा कर दी गई हैं लेकिन भीऊली में यह पट्टिका बेअदबी का शिकार है। इसी तरह से मोतीपुर में करोड़ों रुपए खर्च कर बनें संस्कृति सदन की शिलान्यास पट्टिका माता चामुंडा मंदिर परिसर में झाड़ियों में बेअदबी की शिकार है। हालांकि यहां भी पचास फुट की दूरी पर नई चमचमाती पट्टिका लगा दी गई है। चौहटा, भीऊली व मोतीपुर तीनों जगह तत्कालीन मुख्यमंत्रियों के नाम वाली इन शिलान्यास पट्टिकाओं की दशा अपने आप में ही हैरानीजनक है। (अनंत ज्ञान)




## हर हाथ अनंत ज्ञान


सनोटी गांव के निवासी राकेश कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


पंचायत रजेरा निवासी महेंद्र कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


धड़ोग निवासी सूरज कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सुल्तानपुर वार्ड निवासी रितविक आहीर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


पंचायत साहो निवासी सोनू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


खान टी स्टॉल के मालिक राशन खान अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# डीसी ऑफिस के बाहर भूख हड़ताल

## छोऊ गांव के युवक की मौत मामले पर परिजनों और ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, प्रशासन झुका

**एमएम डैनियल, चंबा**


प्रदर्शनकारियों से बातचीत करते एसडीएम चंबा अरुण शर्मा व डीएसपी हेडक्वार्टर चंबा जितेंद्र चौधरी।

चंबा जिला मुख्यालय निकटवर्ती छोऊ गांव के अजय कुमार नामक युवक की गत माह हुई मौत के मामले को लेकर पीड़ित परिवार सदस्यों ने अधिवक्ता एवं भाजपा प्रदेश सचिव जय सिंह की अगुआई में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर के बाहर भूख हड़ताल व आत्मदाह करने का प्रदर्शन किया। युवक के पीड़ितों ने जिला व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

हालांकि प्रदर्शन के आगाज में जहां नारेबाजी होती रही वहीं जिला प्रशासनिक अधिकारी अपने रोजमर्रा के कामकाज में रूटीन की तरह व्यस्त रहे, लेकिन जब प्रदर्शन कवरेज को लेकर मीडिया कर्मी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शन के कुछ वीडियो क्लिप जैसे ही वायरल हुए वैसे ही जिला प्रशासन व पुलिस हरकत में आए। प्रदर्शन पर बैठे अधिवक्ता एवं भाजपा प्रदेश सचिव जय सिंह व पीड़ित परिवार को मनाने, समझाने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठकें हुई। दोपहर बाद आखिरकार जिला व पुलिस प्रशासन को प्रदर्शनकारियों की मांग के आगे झुकना पड़ा।

जिसमें जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम चंबा अरुण शर्मा व पुलिस प्रशासन की ओर से डीएसपी हेडक्वार्टर चंबा जितेंद्र चौधरी सहित एसएचओ चंबा सदर संजीव कुमार ने मौके पर पहुंच आश्वस्त किया कि उनकी मांग को मान लिया है। जिसमें आरोपी तीन युवकों के खिलाफ पीड़ित के पिता के बयान अनुसार अधिनिधियम के तहत उचित कार्रवाई अमल में लाने सहित मामले की नए सिरे से निष्पक्षता से जांच की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### नए सिरे से होगी जांच

जितेंद्र चौधरी डीएसपी हेडक्वार्टर चंबा का कहना है कि उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा द्वारा संयुक्त बैठक लेकर पंचायत सरोल अधीन गांव छोऊ निवासी अजय कुमार मौत मामले को नए सिरे से जांच करने का निर्णय लिया है। जिसमें पीड़ित परिवार व अन्य ग्रामीणों की हत्या मामले की धारा के तहत जो मामला दर्ज करने की मांग है उस पर गौर फरमाया गया है। जिसमें प्रदर्शनकारियों की मांग को स्वीकार करते हुए नए सिरे से मामले की निष्पक्ष जांच व मृतक युवक के पिता के बयान मुताबिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## होमगार्ड जवानों को दी जाएं सुविधाएं



**डलहौजी।** होमगार्ड जवानों का दर्द भी सरकार समझे और अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं प्रदान की जाएं। यह बात हिमाचल प्रदेश गृह रक्षक कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय गृह रक्षक कल्याण संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह चौहडिया ने कही। उन्होंने कहा कि होमगार्ड जवानों के हालत यह हैं कि पुलिस व दमकल विभाग जवानों की तरह सेवा देने के बावजूद सुविधा से वंचित है। होमगार्ड अपनी मांगें सरकार के समक्ष कई बार रख चुके है, लेकिन इनका दर्द किसी भी सरकार ने नहीं समझा है। जबकि होमगार्ड का जवान हर क्षेत्र में नियमित कर्मचारियों के बराबर सेवा प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में सरकार का गृह रक्षक स्वयंसेवकों के प्रति उदासीन रवैया गृह रक्षक जवानों के मनोबल को कमजोर कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बनीखेत में शराब के ठेके का निरीक्षण किया



बनीखेत में शराब के ठेके का निरीक्षण करते आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

**डलहौजी।** आबकारी निरीक्षक बनीखेत रश्मि द्वारा देसी शराब ठेका बनीखेत का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें शराब ठेके में रखा स्टॉक रजिस्टर्ड, लेनदेन रजिस्टर और स्टॉक पास इत्यादि का निरीक्षण किया गया जो कि जांच करने पर सही पाया गया। आबकारी निरीक्षक बनीखेत रश्मि ने बताया कि विभाग ठेकों का समय-समय पर निरीक्षण करता रहता है ताकि लापरवाही एवं मनमानी करने वालों पर कानूनी शिकंजा कसा जा सके।

### बनीखेत में आज बंद रहेगी बिजली

**डलहौजी।** उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत छह जनवरी को 33/11 केवी सब-स्टेशन डलहौजी के अंतर्गत 11 केवी बनीखेत फीडर और रूलर फीडर की एचटी एवं एलटी लाइन की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव किया जाएगा। इसके चलते शनिवार सुबह नौ बजे से शाम साढ़े 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक समस्त बनीखेत बाजार, पद्दर, कंडा, पुखरी, वैकुंठ नगर, ज्वाला माता मंदिर, बडेरू ढलोग, सुदली,बगढार, रंगड़ समलेऊ एवं खैरी में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### सिल्लाघ्राट में खोली जाए बैंक की शाखा

**चंबा।** सिल्लाघ्राट पंचायत में किसी भी बैंक की शाखा न होने से लोगों को पैसों के लेन-देन के लिए भागदौड़ करनी पड़ रही है। बैंक न होने से सिल्लाघ्राट पंचायत की हजारों की आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार हर कार्य के लिए लेन-देन बैंकों के माध्यम से कर रही है। गैस सब्सिडी से लेकर अन्य कई विभागों की सब्सिडी सीधे लोगों के खातों में पड़ती है। मनरेगा की पेमेंट का भुगतान भी बैंक खातों के माध्यम से हो रहा है। इस कारण लोगों को बैंक से संबंधित कार्य के लिए काफी किलोमीटर पैदल सफर तय कर चंबा या जडेरा जाना पड़ता है। एसबीआई या पीएनबी बैंक से संबंधित कार्य पड़ने पर लोगों को 25 से 30 किलोमीटर का सफर तय कर चंबा आना पड़ता है। इस कारण लोगों का पूरा दिन बैंक से संबंधित छोटे से कार्य के लिए बर्बाद हो जाता है। स्थानीय लोगों संजय कुमार, बालकृष्ण, कैलाश, जगदीश, नरेंद्र कुमार, अजय कुमार, मनोज, गौरी दास, केहर सिंह ने बताया कि बैंक सुविधा न होने से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सिल्लाघ्राट में बैंक की शाखा खुलती है तो हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी। लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द सिल्लाघ्राट में बैंक की शाखा खोली जाए। लोगों ने प्रशासन से इस बारे में जल्द कदम उठाने का आग्रह किया है ताकि क्षेत्र के लोगों को जल्द राहत मिल सके।

## हैलरा गांव में तीन दिन से पसरा अंधेरा, लोग परेशान

**आजम डार, तीसा**

- चोर काट कर ले गए बिजली की तार, खंभे भी चोरी

चुराह उपमंडल की मंगली पंचायत के भोड़ास गांव से हैलरा के लिए बिछाए गए 11 केवी बिजली लाइन के तार चोर काटकर ले गए हैं। करीब 100 मीटर तार के साथ चोर लोहे के दो खंभे भी ले गए हैं। बिजली के तार चोरी होने के बाद हैलरा गांव में तीन दिन से अंधेरा पसरा हुआ है।

गांव के लिए बिछाई गई लाइन की जांच करने पहुंचे लोगों को तार चोरी होने की बात पता चली। उन्होंने इसकी सूचना बिजली बोर्ड को दी। इसकी शिकायत बोर्ड प्रबंधन ने तीसा थाना में करवाई है। ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि बिजली के तार चोरी करने वालों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

चुराह उपमंडल की सेईकोठी पंचायत का हैलरा आखिरी गांव है। यह दुर्गम क्षेत्र है। ग्रामीण सड़क सुविधा से भी वंचित हैं। गांव में चार परिवार बीते तीन दिन से अंधेरे में हैं।

बिजली बोर्ड ने हैलरा गांव के लिए मंगली पंचायत के भोड़ास गांव से 11 केवी बिजली लाइन बिछाई थी। वीरवार रात को चोर बिजली के तार ही चुराकर ले गए हैं। बोर्ड के कर्मचारी बार-बार ट्रांसफार्मर में फ्यूज डाल रहे थे, लेकिन यह बार-बार उड़ जा रहा था। ग्रामीण ट्रांसफार्म का फ्यूज चेक करने के लिए पहुंचे तो देखा कि बिजली का तार ही गायब था। इसकी शिकायत बोर्ड प्रबंधन ने तीसा थाना में करवाई है। उधर, विद्युत बोर्ड के अधिशाषी अभियंता परवेश कुमार ने बताया कि मामला ध्यान में लाया गया है। इस बाबत संबंधित सहायक अभियंता से बात की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# लोकसभा चुनाव के लिए कस लें कमर

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में विधायक नैय्यर का कार्यकर्ताओं से आह्वान

**आरके रांगड़ा, चंबा**


शुक्रवार को आयोजित ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य।

होटल आशियाना चंबा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा की जनरल हाऊस बैठक सदर विधायक नीरज नैय्यर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता चंबा जगदीश हांडा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सदर विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि सरकार को बने अभी एक वर्ष का समय हुआ है।

इस छोटे से कार्यकाल में मुख्यमंत्री सुक्खू ने मेडिकल कॉलेज चंबा के लिए 150 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिससे मेडिकल कॉलेज के काम मे तीव्रता आई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मेडिकल कॉलेज चंबा के नए भवन में ओपीडी शुरू की जाएगी। जिसका विधिवत लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। इसलिए हर कांग्रेस कार्यकर्ता को चुनावों के लिए अपनी कमर कस लेनी चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना के तहत उदयपुर पंचायत मे चयनित की गई 50 बीघा भूमि पर अंग्रेजी मीडियम स्कूल का शिलान्यास किया जाएगा। चंबा विधानसभा क्षेत्र के लायक 42 नई सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रखा है। जिसके तहत अधिकतर सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है।

उन्होंने कहा कि चंबा में जल्द फैब्रीकेटिड इंडोर खेल परिसर बनाया जाएगा। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी चंबा वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमेश पुरी, जिला कांग्रेस महासचिव नरेश राणा, महासचिव लियाकत अली, महासचिव कपिल भूषण, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव भानू प्रताप सिंह, महासचिव राम सिंह बिजलवान, ब्लॉक महासचिव दीपक कुमार,महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू कुमारी, जितेंद्र सूर्या, ओम प्रकाश, सुभाष शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, रविकांत चौधरी, नवलीन,अशोक मांडला, धर्मेंद्र शर्मा, आत्मा राम, मान सिंह ठाकुर, मुकेश बेदी, राकेश बेदी, राहुल बडौत्रा, चमन सिंह, शाकिर अली, हेमा पुरी, सुरेश ठाकुर, ओम ठाकुर, मुकेश शर्मा, राकेश कुमार, देवराज शर्मा, मनोज काशव, जितेंद्र मैहरा, यशपाल, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र, सोनू ठाकुर, खालिद मिर्जा, सीमा कुमारी, जीवन सलारिया, भावना गुलाटी, हसन अली, निशा , मनोज दिओड़, केवल, विजय मैहरा, विशाल, जीवन सलारिया, एससी बनवाल मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# चंबा में प्रबंध निदेशक का पुतला फूंका

## विद्युत बोर्ड मंडल कार्यालय के कर्मियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**


हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी एवं अभियंताओं तथा पेंशनरों के संयुक्त मोर्चा के कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी एवं अभियंताओं तथा पेंशनरों के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर विद्युत बोर्ड मंडल कार्यालय चंबा में लगातार चौथे दिन अल्प सूचना पर भोजनावकाश के दौरान प्रबंध निदेशक का पुतला जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव मुकेश कुमार जाट एवं पूर्व मुख्य सलाहकार अनिल वर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड को पिछले नौ माह से एक अस्थायी प्रबंध निदेशक द्वारा चलाया जा रहा है। जिसके कारण बोर्ड का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिसके चलते बोर्ड कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जनवरी को वेतन और पेंशन नहीं मिल पाई। मोर्चा नेतृत्व ने कहा कि आज इस बिजली बोर्ड से 50 हजार परिवार जुड़े हुए हैं और वर्तमान प्रबंध निदेशक की कार्यशैली का खामियाजा उनके परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आईएएस हरिकेश मीणा को बोर्ड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है, जबकि उनके पास पहले से ही दो विभागों का प्रभार है, इसलिए कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शासन से गुहार लगाई है कि सरकार बिजली बोर्ड में स्थायी प्रबंध निदेशक नियुक्त करे। मोर्चा ने बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन बहाली में हो रही देरी पर चिंता जताई और इसे लागू करने की मांग की। यदि राज्य सरकार समय रहते मांगों का समाधान नहीं करती है तो मोर्चा छह जनवरी को राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगा।

वहीं धरना प्रदर्शन में कर्मचारी संघ से चंबा इकाई के प्रधान अशोक कुमार, सचिव प्रताप चौहान, पावर इंजीनियर एसोसिएशन से ई. तेजू राम, हंस राज, नरसिंह विद्युत बोर्ड से पेंशनर फॉर्म, रावत, आत्मा राम शर्मा, सोभिया राम, जगदीश, पेंशनर एसोसिएशन से मुकेश बेदी, आत्मा राम परिहान, दलीप चौणा, विनीत ठाकुर, नवचंद्र ,ई. एसोसिएशन से साजिद खान, सहित अन्य कई कर्मचारी एवं पेंशन भोगियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा प्रदर्शन का समर्थन किया।

## द्रमण पंचायत के घांघणी गांव के रास्ते और मंदिर संवारे



सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर समर्पण के चौथे दिन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि चौथे दिन सर्वप्रथम स्वयंसेवक दीक्षा कुमारी और जश्नदीप द्वारा तीसरे दिन की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत द्रमण के अंतर्गत गांव घांघणी में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा गांव के रास्तों की सफाई, झाड़ियां काटी, कूड़ा कर्कट हटाया, मंदिर परिसर की सफाई की गई।

स्वयं सेवियों द्वारा गांव में पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे लगाते हुए एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वयंसेवियों द्वारा लोगों को सफाई के लिए जागरूक भी किया। प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि समुदाय की सेवा के साथ ही व्यक्तित्व विकास एवम चरित्र निर्माण होता है।

# किड्स कैंप स्कूल के मेधावी नवाजे

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**


समारोह के दौरान छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शुक्रवार को किड्स कैंप वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल चुवाड़ी के सिल्वर जुबली एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस संस्थान द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न बहु आयामी गतिविधियों में भी हिस्सा लेने के लिए किड्स कैंप पब्लिक स्कूल बच्चों को प्रेरित कर रहा है। भटियात विधानसभा क्षेत्र का अपने संबोधन में जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में ही सरकार ने शिक्षकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा है। उन्होंने कहा कि जल्द यहां जल शक्ति विभाग का मंडलीय कार्यालय, वन विभाग का डीएफओ कार्यालय, पुलिस विभाग के तहत डीएसपी कार्यालय तथा सिविल कोर्ट खोला जाना भी प्रस्तावित है। 250 करोड़ की राशि से आपदा न्यूनीकरण से संबंधित कार्यों के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे को प्रोत्साहित करने के लिए 21000 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानाचार्य सीमा ठाकुर ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शालू शर्मा, स्कूल प्रबंधन अध्यक्ष सुरेश मेहता, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुरेंद्र चाढक, एसडीएम पारस अग्रवाल, थाना प्रभारी रमन चौधरी, अधिशाषी अभियंता विद्युत अंग्रेज सिंह, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, स्कूल विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

**बैठक** जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# निश्चित अवधि में उपलब्ध करवाया जाए राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**


जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी।

जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में किया गया। बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला में कार्यरत 512 उचित मूल्य की दुकानों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से जून से नवंबर माह 2023 तक 36 करोड़ 28 लाख 72 हजार 902 रुपए की खाद्य वस्तुएं राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध करवाई गई हैं।

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि नियमित रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह निर्देश भी जारी किए की सभी पात्र लोगों को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप निश्चित अवधि में राशन की उपलब्धता सुनिश्चित बनाई जाए। उपायुक्त ने बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर थोक भंडारण केंद्रों, आटा मिलों, उचित मूल्य की दुकानों से सैंपल एकत्रित किए गए।

उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान 23 सैंपल लेकर निदेशालय को जांच के लिए भेजे गए, जिनमें से 22 नमूने पास हुए और एक नमूने की जांच रिपोर्ट प्रतीक्षित है। उन्होंने बताया कि जिला में कार्यरत नौ गैस एजेंसियों के पास कुल एक लाख 49 हजार 300 एलपीजी उपभोक्ता पंजीकृत है। जिला में पांगी घाटी के अतिरिक्त सभी उचित मूल्य की दुकानों में पीओएस के माध्यम से राशन कार्ड उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी का कार्य 66 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा शेष बचे उपभोक्ता 31 जनवरी 2024 तक अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकानों में जा

कर ई- केवाईसी करवा सकते है। बैठक में सार्वजनिक वितरण समिति द्वारा जिला के विकास खंडों में सात उचित मूल्यों की दुकानें आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। ग्राम पंचायत मंजीर के स्थान समोगा तथा ग्राम पंचायत फागड़ी के स्थान पर सिरेना में नई उचित मूल्य की दुकानों के लिए सभी संबंधित से आवेदन पत्र आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत गैहरा के स्थान पर भटवाडा, ग्राम पंचायत रायपुर के स्थान पर मराड एवं ग्राम पंचायत पियुहरा के स्थान पर पियुहरा में नई उचित मूल्य की दुकान जनहित में खोलने के लिए जनसंख्या मापदंडों में छूट के लिए मामला सरकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, क्षेत्रीय प्रबंधक यश पाल, प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम जगत राम, सचिव एव जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता मामले पुरुषोत्तम सिंह, डीएम स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक जितेंद्र जमवाल सहित सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं सुरजीत सिंह उपस्थित रहे।

### पांगी भेजा राशन

डीसी ने बताया कि जनजातीय क्षेत्र पांगी उपमंडल के राशनकार्ड धारकों के लिए राशन का अग्रिम कोटा प्रेषित किया जा चुका है तथा भरमौर क्षेत्र के लिए अग्रिम राशन कोटा मार्च 2024 तक भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि जून से नवंबर- 2023 तक खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 764 निरीक्षण किए गए और इस अवधि के दौरान विभिन्न 27 अनियमितताओं के पाए जाने पर एक लाख 22 हजार 826 रुपए का जुर्माना वसूला गया है।

# बिजली कर्मचारियों का तीसरे दिन भी प्रदर्शन

## भोजन काल में सरकार और प्रबंधन के खिलाफ जमकर लगाए नारे

**विक्रम ढटवालिया, मट्टनसिद्ध**


भोजन काल के समय प्रदर्शन करने बैठे बिजली बोर्ड के कर्मचारी।


बड़सर में प्रदर्शनकारी पुतला जलाते हुए।

हिमाचल प्रदेश स्टेट बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन ने शुक्रवार को भी लंच के समय जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मट्टनसिद्ध में किया गया जिसमें काफी बड़ी तादाद में अलग-अलग संगठनों के लोग इकट्ठे हुए उनकी मांग थी कि नहीं तो चौथे दिन वेतन दिया गया है और न ही पेंशनर की पेंशन डाली गई है।

इलेक्ट्रिसिटी दफ्तर के प्रांगण में गेट मीटिंग में गेट मीटिंग के इस अवसर पर कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन पर उनके हितों की रक्षा करने में मुकम्मल तौर पर असमर्थ रहा है शुक्रवार को पांच तारीख हो गई है लेकिन वेतन नहीं डाले जाने का मतलब यही है कि व्यवस्था में कहीं न कहीं जबरदस्त खोट है।

जिस कारण तमाम कर्मचारी और उनके परिजन परेशानी में हैं, मानसिक पीड़ा अलग से झेल रहे हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि बेहतर काम करने के बावजूद बोर्ड प्रबंधन और सरकार का रवैया उनके प्रति नकारात्मक क्यों हो रहा है? इसके अलावा इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति तुरंत की जाए इस कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव मनीष कुमार, जोनल सचिव राहुल कपिल, डिप्लोमा यूनियन से महासचिव मनोहर लाल और संयुक्त यूनियन के विनोद कालिया भी मौजूद थे। वहीं, जिला के बड़सर उपमंडल मुख्यालय पर भी इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। वहां पर एक अधिकारी का पुतला भी जलाया गया। उसके खिलाफ नारेबाजी की गई। कर्मचारी नाराज थे कि बड़े अधिकारी मौन धारण करके बैठ गए हैं। कर्मचारियों की किसी को परवाह नहीं है। इस प्रदर्शन में बड़सर में लगभग सभी यूनियन के सदस्य शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

### जो हालात पैदा हुए हैं उसका दें जवाब

**उन्होंने** कहा कि जो हालात पैदा हुए हैं उसका जवाब दें। प्रबंध निदेशक को अभी तक भी बोर्ड से हटाया नहीं गया है। यह कारगुजारी बोर्ड के अस्तित्व पर ही खतरा मंडरा रही है, इसलिए हिमाचल प्रदेश स्टेट बिजली बोर्ड कर्मचारी एवं अभियंता संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि प्रबंध निदेशक को तुरंत हटाया जाए नहीं तो आने वाले दिनों में संयुक्त मोर्चा कोई कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर हो जाएगा।

# हमीरपुर में गर्मियों में नहीं रहेगी पानी की किल्लत

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

**नाबार्ड के अंतर्गत 85.74 करोड़ की परियोजनाएं की गई स्वीकृत**


विजय कुमार ढटवलिया

जल शक्ति विभाग हमीरपुर जोन के मुख्य अभियंता विजय कुमार ढटवलिया ने कहा कि नाबार्ड के तहत हमीरपुर जोन में 85 करोड़ 74 लाख रुपए की जल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई हैं। जिसमें 13 वाटर सप्लाई और आठ इरीगेशन और फ्लड कंट्रोल स्कीम स्वीकृत हुई हैं। जोन के तीन जिलों हमीरपुर ऊना और मंडी को इन परियोजनाओं का लाभ मिलेगा।

मुख्य अभियंता ने कहा कि हमीरपुर जोन के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 180 स्कीमें स्वीकृत हुई हैं जिनकी लागत लगभग 1651 करोड़ है। इसमें से लगभग 1280 करोड़ अब तक खर्च हो चुके हैं और 344 करोड़ खर्च होने बाकी हैं। हमीरपुर के हर घर नल लग चुका है। 180 स्कीमों में से 55 पूरी तरह पूरी हो चुकी हैं व शेष को मार्च माह तक पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में लोगों को इस बार गर्मी के मौसम में पीने के पानी को लेकर हाहाकार नहीं मचेगा।

विभाग ने अभी से ही पेयजल स्कीम को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। जल शक्ति विभाग पेयजल स्कीमों को अंतिम रूप देने में लगा है, ताकि मार्च तक सभी स्कीमों को पूरा किया जा सके। इसके अलावा हर घर नल के तहत भी पात्र लोगों को हर घर नल स्कीम से जोड़ा जा रहा है, ताकि लोगों को घरद्वार साफ व स्वच्छ पानी पहुंचा जा सके। (अनंत ज्ञान)

# उपराष्ट्रपति का हमीरपुर आना गर्व की बात

**हमीरपुर।** भाजपा भाजपा की जिला इकाई की एक जरूरी बैठक देशराज शर्मा की पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को हुई, जिसमें कई कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और अगले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हमीरपुर आना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भाजपा युवा सम्मेलन करने जा रहा है। इसी तरह 22 जनवरी को एक बहुत बड़ा कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में होना है। जिस तरह 14 वर्ष का वनवास काट कर प्रभु श्रीराम अयोध्या वापस आए थे, इस तरह अब 500 वर्षों के बाद श्री राम प्रभु अपने घर अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं। इसी तरह 24 जनवरी को भाजपा मतदाता दिवस मनाएगी और इस दिन नव मतदाता युग सम्मेलन का कार्यक्रम होगा। इस सभी कार्यक्रमों के ऊपर जिला अध्यक्ष ने विस्तृत चर्चा पदाधिकारीगण के साथ की।

# चरोट और जलाड़ी में दिया नशा निवारण का संदेश


नाटक के जरिए लोगों को जागरूक करते कलाकार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा आरंभ किए गए नशा निवारण अभियान के तहत शुक्रवार को सुजानपुर ब्लॉक की डेरा पंचायत के चरोट और नादौन की जलाड़ी पंचायत में मां ज्वाला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला कल्याण अधिकारी गीता मरवाहा ने बताया कि इन कार्यक्रमों में सांस्कृतिक दल नटराज कला मंच के लोक कलाकारों ने गीत-संगीत और लघु नाटक के माध्यम से आम लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए तथा हर स्तर पर नशे का कड़ा विरोध करने की अपील की। चरोट में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सुजानपुर की तहसील कल्याण अधिकारी सिमरो शर्मा, प्रधान सोनिया रांगड़ा और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

उधर, जलाड़ी में कार्यक्रम में नादौन की तहसील कल्याण अधिकारी सरोज कुमारी, कनिष्ठ कार्यालय सहायक मोनिका रानी, मां ज्वाला आईटीआई के चेयरमैन राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# हमीरपुर, बड़सर व भोरंज की मतदाता सूचियां प्रकाशित

**हमीरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर, बड़सर व भोरंज की मतदाता सूचियां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। एसडीएम एवं हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष सोनी, बड़सर के डॉ. रोहित शर्मा व भोरंज के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि एक जनवरी की अहर्ता तिथि के आधार पर तैयार की गई मतदाता सूचियां संशोधनों की सूची सहित प्रकाशित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि इन सूचियों की एक-एक प्रति एसडीएम कार्यालय हमीरपुर, बड़सर, भोरंज, तहसीलदार कार्यालय हमीरपुर, बड़सर व भोरंज और प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी के पास 12 जनवरी तक आम लोगों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# रैली निकाल दुकानदारों से मादक पदार्थ न बेचने का किया आह्वान


स्काउट्स और गाइड्स का स्थानीय दुकानदारों से मादक पदार्थ न बेचने का आह्वान।

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

आधुनिक समाज में नशीले पदार्थों का व्यापक प्रयोग हो रहा है जो कि स्टूडेंट्स और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य पर बुरा असर डाल रहा है। सामाजिक चेतना, जागृति और एकजुटता के प्रयास से इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है। शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट गाइड हिमाचल प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे निश्चय प्रोजेक्ट व्यसनों से परे 'एक नशा-मुक्त दृष्टि' की मुहिम ने भी इस अति-गंभीर मुद्दे पर मोर्चा संभाल रखा है। मंजिल तक पहुंचाने के लिए राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के स्काउट मास्टर सतीश राणा और गाइड कैप्टेन कुसुम लता के मार्ग-दर्शन में दृढ़ संकल्प हैं। इसी कड़ी में जहां आज स्थानीय बाजार में एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें दुकानदारों से आग्रह किया कि बच्चों को किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ न बेचें। इस पर उनकी प्रतिक्रिया भी सकारात्मक देखने को मिली, वहीं पाठशाला में चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# सीखने की कोई उम्र नहीं होती

**हमीरपुर।** क्लासरूम मैनेजमेंट टीचिंग लर्निंग का एक अभिन्न हिस्सा है तथा एक कुशल अध्यापक को अपनी क्लास को अच्छे से मैनेज करना आना चाहिए। अतः अध्यापकों को मन लगाकर यहां सीखना है। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। यह बात डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत एआरओ एवं ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर और कलटर हेड वीके यादव ने कही। इस वर्कशॉप में एचपी जोन-डी के प्राइमरी, मिडल और सेकेंडरी लेवल के नौ स्कूलों के 150 अध्यापकों ने भाग लिया। डीएवी हमीरपुर के प्रिंसिपल विश्वास शर्मा ने कहा कि इस कार्यशाला में आए अध्यापक नई तकनीकों को सीखेंगे ही साथ ही साथ अपने अनुभवों को भी साझा करेंगे। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुरेश शर्मा, प्रिंसिपल सुनील ठाकुर और डीएवी हमीरपुर के प्रिंसिपल विश्वास शर्मा उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं के लिए अनुराग की एक और नई पहल



**टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हर वर्ग के लिए कोई न कोई योजना धरातल पर चलाए हुए हैं, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल या रोजगार के क्षेत्र से हो। अर्चना चौहान ने कहा कि खेल महाकुंभ की तर्ज पर अब हमीरपुर जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में महिला मंडलों की बहनों के बीच लोकगीत, देश भक्ति गीत व भजन के माध्यम से रोमांचक मुकाबले करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में यह आयोजन पहले मंडल स्तर पर चलेंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में चार-चार सेक्टर बनाए गए। पांचों विधानसभा क्षेत्र में 20 टीमें बनाई जाएंगी। हर सेक्टर से दो टीमें चुनी जाएंगी। इस प्रकार से जिला के 20 सेक्टरों से 40 टीमें चुनी जाएंगी। चुनी हुई टीमों का जिला स्तर पर आपस में सुपर मुकाबला होगा।

### बिजली बोर्ड कर्मियों की मांगों को लेकर बैठक संपन्न

**टौणी देवी।** बिजली बोर्ड कर्मचारियों के वेतन व पेंशन का भुगतान न होने से खफा बिजली कर्मचारियों व इंजीनियरों ने संयुक्त मोर्चा खोल दिया है और जगह-जगह धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज टौणी देवी में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें बिजली बोर्ड के ज्वलंत मुद्दों जैसे बिजली बोर्ड के अस्थायी प्रबंध निदेशक को हटाना व स्थायी प्रबंध निदेशक का प्रबंध करना, वेतन व पेंशनरों की पेंशन बहाल करना आदि पर चर्चा की गई। इस बैठक में प्रधान सुभाष चंद्र, उपप्रधान सतीश कुमार, सचिव अजय कुमार, प्रेस सचिव रमेश चंद, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, संगठन सचिव राम लाल, मुख्य सलाहकार जय राम आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. गोपाल गौतम ने मेधावी स्टूडेंट्स नवाजे


मुख्यातिथि को सम्मानित करता स्कूल प्रशासन।

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में आज वार्षिक पारितोषक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. गोपाल गौतम मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान उनके साथ प्रदेश सरकार के मीडिया को-ऑर्डिनेटर यशपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के पीए बीरवल राव आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने मुख्यातिथि के समक्ष स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान मुख्यातिथि द्वारा स्कूल में पढ़ाई एवं वार्षिक गतिविधिओं मे अव्वल रहे मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया।

### कोसड़ में लगाया वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर



कोसड़ में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर में उपस्थित लोग।

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा भोरंज स्थित तरक्वाड़ी की ओर से गांव कोसड़ में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बैंक अधिकारी रोहित कुमार के द्वारा की गई। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक अधिकारी रंजू बाला, अशोक कुमार तथा अन्य अपनी उपस्थित रहे।

### शिक्षकों ने कार्यशाला में लिया दक्षता निर्माण प्रशिक्षण

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में ईईडीपी शिक्षकों के लिए दो दिवसीय दक्षता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ रीजनल ट्रेनिंग सेंटर एचपी जोन-डी वीके यादव, आरओ, ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर, क्लस्टर हेड के दिशा-निर्देश में स्कूल के प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में प्रिंसिपल डीएवी बागनी एमआर राणा, प्रिंसिपल डीएवी धर्मशाला विपिन जिटशू, प्रिंसिपल डीएवी भड़ोली सुरजीत कुमार राणा उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में नर्सरी से दूसरी कक्षा को पढ़ाने वाले अध्यापकों में डीएवी पालमपुर, डीएवी धर्मशाला, डीएवी लाजियानी, डीएवी कांगू, डीएवी हमीरपुर, डीएवी भड़ोली, डीएवी बागनी डीएवी नरवाना ने भाग लिया। कार्यशाला में अध्यापकों ने कक्षा में आने वाली समस्याओं को आपस में साझा किया और उनका समाधान किया।

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में सात को बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में सात जनवरी को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते उपायुक्त कार्यालय, गांधी चौक, पीडब्ल्यूडी कालोनी, पूल्ड कालोनी, अणुकलां, गांधी चौक, अपर बाजार, नादौन चौक, बस स्टैंड, प्रतापनगर, बराड़ बल्ह, पुलिस स्टेशन और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक बिजली बंद रहेगी। इसी दिन दोसड़का, पीएनबी आरसेटी, बाईपास, लाहड़, जसौर, बारल, दुगनेड़ी, कुटिया, प्रताप गली, घनाल, डुग्घा, फायर स्टेशन, सब-जेल, सीएमओ आफिस, हथली और साथ लगते क्षेत्रों में भी दोपहर 12 से सायं तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। एसडीओ सौरभ राय ने बताया कि जरूरी मरम्मत के चलते ऐसा किया गया है।

### महाष्टमी और गोवर्धन पूजा पर रहेगी छुट्टी

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला में इस वर्ष 11 अक्तूबर शुक्रवार को महाष्टमी और दो नवंबर शनिवार को गोवर्धन पूजा के मौके पर स्थानीय अवकाश रहेगा। डीसी हेमराज बैरवा ने इस संबंध में दोनों छुट्टियों की अधिसूचना जारी कर दी है।

# 80 आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नादौन**


सम्मानित सीनियर पेंशनर्स पदाधिकारियों के साथ सामूहिक चित्र में।

रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन द्वारा सीनियर पैंशनर्स सम्मान समारोह का आयोजन यशपाल साहित्य सदन नादौन में किया गया, जिसमें 80 से 100 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनर्स को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी शर्मा ने की। एसोसिएशन के महासिचव विजय चौधरी ने बताया कि इस समारोह में बलवीर राणा, सुभाष बस्सी, प्रीतम चंद सहित करीब 80 पेंशनर्स ने भाग लिया। समारोह में एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी शर्मा ने एसोसिएशन की ओर से सभी सम्मानित सीनियर पेंशनर्स की लंबी आयु की कामना की। महासचिव विजय चौधरी ने कहा कि एसोसिएशन पेंशनर्स की समस्याओं व मांगों को सरकार तक पहुंचाने व उनके समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है। उन्होंने सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करवाना। कार्यक्रम में पांच सदस्यों के निधन पर रखा दो मिनट का मौन रखा।

# डॉ. गौतम ने किया बलडूहक में सड़क का निरीक्षण

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**


सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए डॉ. गोपाल गौतम।

मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. गोपाल गौतम ने उपमंडल नादौन के बलडूहक में खतूरे गांव के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही संपर्क सड़क का आज विशेष रूप से निरीक्षण किया एवं लोक निर्माण विभाग को अतिशीघ्र इस संपर्क सड़क का काम पूरा करने के आदेश दिए। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री के पीए बीरबल राव के अतिरिक्त कांग्रेस मंडलाध्यक्ष कैप्टन पिरथी चंद, महेंद्र सिंह रानू राम, राज कुमार, मनोज कुमार आदि विशेष रूप से शामिल थे। गौर हो कि खतूरे गांव के लोगों द्वारा इस संपर्क सड़क के निर्माण के लिए काफी लंबे समय से मांग की जा रही थी। लोगों कि इस मांग को अधिमान देते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस सड़क के निर्माण के लिए 50 लाख कि बजट राशि स्वीकृत की है और लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका काम भी शुरू कर दिया गया।

# नशा माफिया के खिलाफ गठित की जाए टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**


अभाविप के सदस्य डीसी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

हमीरपुर जिले में बहुत से ऐसे स्थान हो गए हैं, जहां पर लड़के-लड़कियां नशा करते हैं। लड़कियां भी नशे में घिरती जा रही है। जल्द से जल्द नशा माफिया के खिलाफ टीम गठित की जाए और चिल्ड्रन पार्क में पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की जाए। यह बात एबीपीपी के उपाध्यक्ष अनिकेत ने नशा माफिया के खिलाफ डीसी हेमराज बैरवा के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कही है।

उन्होंने कहा कि जिला में नशा माफिया सक्रिय रूप से युवा पीढ़ी को नशे का शिकार बनती जा रही है और चिल्ड्रन पार्क में बहुत से युवा नशा करते हैं। परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार आग्रह किया है कि जल्द से जल्द नशा माफिया के खिलाफ कमेटी गठित की जाए।

# हमीरपुर के पांच विधानसभा क्षेत्रों में 4,13,046 मतदाता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के तहत हमीरपुर जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों भोरंज 36, सुजानपुर 37, हमीरपुर 38, बड़सर 39 और नादौन की 40 मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशन के बाद इनकी प्रतियां संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के एसडीएम और तहसीलदार कार्यालयों के अलावा सभी बूथ लेवल अधिकारियों को भी उपलब्ध करवा दी गई हैं, जहां ये आम जनता के निरीक्षण के लिए 12 जनवरी तक उपलब्ध रहेंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के बाद जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 4,13,046 हो गई है, इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 2,09,524, पुरुष मतदाताओं की 2,03,517 और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या पांच है। भोरंज में कुल 82341 मतदाता हैं, जिनमें 41969 महिलाएं और 40372 पुरुष हैं। सुजानपुर में 74547 मतदाता हैं, जिनमें 38264 महिलाएं और 36283 पुरुष हैं। हमीरपुर विस में कुल 75603 वोटर हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या 38055 और पुरुषों की 37547 है। बड़सर में कुल 86387 मतदाताओं में 43923 महिलाएं और 42463 पुरुष हैं, जबकि नादौन में 94168 मतदाता हैं, जिनमें महिलाएं 47313 और पुरुष 46852 हैं। इस क्षेत्र में थर्ड जेंडर के तीन और हमीरपुर तथा बड़सर में एक-एक मतदाता पंजीकृत है।

# वार्षिक पारितोषिक समारोह के लिए कर्नल ने दिए 21 हजार


कर्नल विनय कुमार के साथ स्कूल प्रबंधक।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज के धमरोल गांव के कर्नल विनय चंद्र ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के सफल आयोजन के लिए 21 हजार रुपए दिए है। प्रधानाचार्य डॉ. राजगीर सिंह ठाकुर ने बताया कि स्कूल का वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह सफल रहा है। उन्होंने कर्नल विनय चंद्र का स्कूल स्टॉफ व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों की ओर से आभार प्रकट किया है।

**परेशानी** | मामला सेप्टिक टैंक में गिरने से हुई बच्चे की मौत का

# परिजनों ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**निर्माण कंपनी को बताया आरोपी, कंपनी के खिलाफ लापरवाही का दर्ज हो मामला**


डीसी से मिलता प्रतिनिधिमंडल।

जिला के खगल गांव में सेप्टिक टैंक में गिरने से हुई सात वर्षीय बच्चे की मौत पर परिजन बेहद परेशानी में हैं। उन्होंने शुक्रवार को जिला प्रशासन से मिलकर न्याय की गुहार लगाकर संबंधित कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण कंपनी ही इस सारे मामले की जड़ है। उन्हीं के खिलाफ मामला दर्ज हो, क्योंकि उन्हीं की लापरवाही की वजह से बच्चे की जान गई है।

परिजनों का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम और डीसी से मिला। उन्होंने फोरलेन का काम कर रही कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले तो बिना नोटिस दिए ही उनके घर व सेप्टिक टैंक के लेंटर को तोड़ दिया। फिर कंपनी ने सेप्टिक टैंक को उखाड़ा तक नहीं और ऊपर से खुला छोड़ दिया। जिसकी वजह से उनके सात वर्षीय बच्चे की खुले टैंक में गिरने से मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा कि यह कंपनी की लापरवाही से हुआ है और कंपनी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि दोषियों को सजा दी जाए।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में नेरी पंचायत के प्रधान विपन कुमार, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, हमीरपुर युवा मोर्चा महामंत्री अजय शुक्ला, नादौन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अक्षय कुमार सहित गांव के कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# डीसी साहब! हमारा स्कूल बाग चम्यारा शुरू कर दो

## डीसी कार्यालय में पहुंचकर बच्चों व अभिभावकों ने स्कूल बंद करने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के तहत सिकरोहा पंचायत के राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाग चम्यारा के नन्हे बच्चे और उनके अभिभावक शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचे।

जहां उन्होंने उनके स्कूल को बंद करने का कड़ा विरोध किया। उन्होंने उपायुक्त के समक्ष मांग रखी कि उनके स्कूल को न बंद किया जाए। क्योंकि, दूसरे स्कूल के लिए नन्हें बच्चों को करीब तीन से चार किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा। यहां न तो सड़कों की हालत ठीक है और न ही बस की कोई सुविधा उपलब्ध है। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बच्चों और अभिभावकों को आश्वासन दिया है कि इस विषय को गंभीरता से लिया जाएगा। बच्चों के साथ आए अभिभावकों का कहना है कि सरकार और विभाग का स्कूल को बंद करने का निर्णय सरासर गलत है। इससे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने सरकार और विभाग को चेताया है कि यदि स्कूल को बंद करने के निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो वह कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के मजबूर होंगे।



बाग चम्यारा स्कूल के स्टूडेंट्स व उनके अभिभावक स्कूल को बंद करने के विरोध में मांग रखते हुए।

### विधायक रणधीर शर्मा ने भी किया विरोध

वहीं, नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने भी स्कूल को बंद करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि सरकार जनता को सुविधाएं देने के बजाए उन्हें दुखी करने का काम कर रही है। भाजपा इसका कड़ा विरोध करती है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द स्कूल को बंद करने के निर्णय को वापस लिया जाए। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान निशा देवी व अभिभावक देवेंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चौथे दिन प्रेस 11 ने हेल्थ 11 को पांच विकेट से हराया



आईसीएल प्रतियोगिता के चौथे दिन प्रेस इलेवन की टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में आईसीएल प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला मैच एजुकेशन इलेवन और हेल्थ फॉरेस्ट 11 के मध्य खेला गया। फॉरेस्ट 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट पर 90 रन बनाएं।

फॉरेस्ट 11 इलेवन की तरफ से डेनिश ने 14, रोहित 40 और सतपाल ने 11 रनों का योगदान दिया। एजुकेशन 11 की ओर से विक्रम ठाकुर ने 3 हिमांशु मोंगा ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते उतरी एजुकेशन 11 की ओर से राजेंद्र सिंह ने 56 और हिमांशु मोंगा ने 25 रनों के बदौलत 11वें ओवर में ही मैच जीत लिया। राजेंद्र सिंह को शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मैच एसपी 11 और जल शक्ति एवं पीडब्ल्यूडी 11 के मध्य खेला गया। जल शक्ति एवं पीडब्ल्यूडी 11 ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 113 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसपी 11 की ओर से ललित ने 29 और एसपी बिलासपुर ने 26 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया। दिन का तीसरा मैच प्रेस 11 और हेल्थ 11 के मध्य खेला गया।

प्रेस 11 ने टॉस जीतकर हेल्थ 11 को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। हेल्थ 11 की ओर से निशांत ने शानदार सात रन बनाएं निशांत के अलावा कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। प्रेस 11 की ओर से प्रकाश ठाकुर ने 3 विकेट और शुभम ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेस 11 की ओर से कप्तान विजय चंदेल ने 17 गेंद में ताबड़तोड़ 32 रन बनाए, शुभम रही ने 17 और सौरव ने 15 रन बनाए। प्रेस 11 ने 11.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रकाश ठाकुर को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# चारों विस क्षेत्रों की मतदाता सूचियां प्रकाशित

**बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी की अहर्ता तारीख के आधार पर विधानसभा क्षेत्र 46-झंडूता (अजा), 47-घुमारवीं, 48-बिलासपुर तथा 49-श्री नयना देवी जी की फोटो युक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को कर दिया गया है।

जिला बिलासपुर के चारों विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम प्रकाशित फोटो युक्त मतदाता सूचियां-2024 में कुल तीन लाख दो हजार 916 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 66 हजार 38 पुरुष मतदाता व एक लाख 63 हजार 873 महिला मतदाता व पांच तृतीय लिंग शामिल हैं। उन्होंने आमजनता से आह्वान किया कि हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष लोकसभा के सामान्य चुनाव होने हैं, अतः मतदाता सूची में अपने नामों के दर्ज होने की पुष्टि अवश्य कर लें। उन्होंने बताया कि उक्त फोटो युक्त मतादाता सूचियां जिला बिलासपुर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित प्रत्येक मतदान केंद्र पर तथा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एसडीएम), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (तहसीलदार, नायब तहसीलदार) के कार्यालयों में जन साधारण के लिए निशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी नए नामों को सम्मिलित करने, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने तथा विद्यमान प्रविष्टियों के शुद्धिकरण की प्रक्रिया जारी रहेगी। अतः सभी पात्र नागरिकों से अपील की जाती है कि मतदाता सूचियों को सही और अद्यतन बनाने हेतु अपना सहयोग दें।

# अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के लिए दिया प्रशिक्षण



बचत भवन में पुलिस पदाधिकारियों के एकदिवसीय प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मध्य नजर जिला मुख्यालय के बचत भवन में सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन निर्भीक व स्वच्छ मतदान करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सेक्टर अधिकारियों को उनके दायित्वों, कार्य क्षेत्र व कार्यप्रणाली से विस्तार से अवगत करवाते हुए कहा कि चुनाव के कार्यों का उचित रूप से निष्पादन करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान वलनरेबिलिटी मैपिंग से संबंधित सभी प्रपत्रों को सही तरीके से भरने की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र का नाम, दीवार लेखन, भवन की स्थिति, बिजली, पानी (पेयजल), शौचालय, रैंप, उपस्कर, मार्गीय सुविधा, दूर संचार आदि की संपूर्ण मैपिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन कार्य की महत्ता को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यों के सफल निष्पादन सुनिश्चित करें।

# चैहड़ में 18 अप्रैल को दंगल, साफ-सफाई की शुरू

**घुमारवीं।** घुमारवीं के साथ लगते चैहड़ में हर साल की भांति इस वर्ष भी 18 अप्रैल को दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल कमेटी के महासचिव कमल ठाकुर ने बताया कि दंगल अखाड़े की साफ-सफाई शुरू करवा दी गई है।

**राजेश धर्माणी के आदेशों से कार्य किया शुरू**

इसमें उन्होंने कार्यकारी अधिकारी पंकज धीमान, अध्यक्ष रीता सहगल, पार्षद कपिल शर्मा व कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी, जिनके आदेशों से यह साफ-सफाई का कार्य शुरू किया गया है। उनका समस्त दंगल कमेटी की तरफ से धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि दंगल को आगे की व्यवस्थाओं को लेकर दंगल कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में जल्द ही बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# शिविर में 24 युवाओं ने किया रक्तदान, 40 का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्यास फाउंडेशन अवाहदेवी के सौजन्य से द छत गांव सेवा सहकारी सभा भेड़ाघाट छत में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 24 युवाओं ने रक्तदान किया, जबकि करीब 40 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी गई।

शिविर में बिलासपुर से आए डॉ. राकेश कुमार व डॉक्टर अदिति चौधरी, टेक्नीशियन विपिन, स्टाफ नर्स ज्योति माल्विका व डॉक्टर देवेश सांख्यान, लैब टेक्नीशियन आशीष, कुशुमलता व संजीव कुमार ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर यूको बैंक बरठीं शाखा के शाखा प्रबंधक राहुल गुप्ता व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विपिन कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को फल वितरित किए। इस अवसर पर द छत गांव सेवा सहकारी सभा सीमित भेड़ाघाट के सचिव हरिपाल शर्मा, सहसचिव राजेश कुमार, क्लर्क चमन लाल, सभा के प्रधान नंदलाल, राजेंद्र सिंह, ऋषि राम, गोरख सिंह, जोगिंद सिंह, रमेश कुमार, अमी चंद, दिनेश, सुरेंद्र व राजेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

### इन्होंने किया महादान

रक्तदाताओं में छत गांव के राजेश कुमार, पंकज कुमार, कुलदीप सिंह, संडयार गांव के मुकेश, रमेश, शक्ति, हिम्मत सिंह व केशव कुमार, अंदरोली गांव के जोगिंद्र सिंह, अनिल, केशव, पवन, जोगिंद्र ने रक्तदान किया। इसके अलावा मौंहीं गांव के संजीव कुमार, मुच्छ्वाण गांव के कमल कुमार, स्योथा गांव के राजेंद्र पाल, लुरहाणी गांव के राजेश कुमार व प्रवीण कुमार, बरोट के प्रीतम चंद, रोहिण के राजकुमार, घोडी गांव के विश्वंभर सिंह ने रक्तदान किया।

# स्टूडेंट्स ने मिट्टी के बर्तन बनाने सीखे

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठठल के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल की अन्य गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं। प्री-वोकेशनल कक्षा छठी से आठवीं के स्टूडेंट्स के लिए मिट्टी के बर्तन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मिट्टी से बर्तन बनाने सीखे।

पोटरी कलाकार गंगा राम ने विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी मिट्टी के बर्तन बनाने की बारीकियां सिखाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को बताया कि मिट्टी के बर्तन प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक तरीका है। मिट्टी के बर्तनों में भोजन पकाने से भोजन की पौष्टिकता, स्वाद और गुणवत्ता बढ़ती है। बच्चों ने चाक पर कुल्हड़, दीये, गुल्लक बनाना सीखे। वहीं, इस अवसर पर सुमन प्रजापति ने बताया कि हस्तकला हुनर बच्चों में आत्मनिर्भरता के गुण को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। विद्यार्थी जीवन में बच्चों को स्वावलंबन के साथ मनोबल बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का होना आवश्यक है, जो बच्चों को भविष्य में जीवन के फैसले लेने के लिए दृढ़ संकल्प बनाने में मदद करते हैं। शिक्षक रमेश कुमार ने बताया कि बच्चों ने कुम्हार के चाक को घूमता हुआ देखकर काफी रोमांचित और उत्साहित हुए। इस मौके पर गिरधारी लाल, संदीप शर्मा और उर्मिला मौजूद रहे।



ठठल स्कूल के स्टूडेंट्स मिट्टी के बर्तन बनाना सीखते हुए।

# जमीन मालिकों के दावों पर आपत्तियां दर्ज, जल्द दूर करने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- घुमारवीं बस स्टैंड एग्जिट रोड के लिए बनाई कमेटी ने की बैठक
- मंत्री धर्माणी के प्रस्ताव को बढ़ाने के लिए प्रशासन तैयार

एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी की अध्यक्षता में घुमारवीं बस स्टैंड एग्जिट रोड के लिए बनाई गई कमेटी की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें इस रोड के निर्माण कार्य में आने वाली जमीन के मालिकों के साथ जमीन अधिग्रहण मामले पर बातचीत की गई। कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी की ओर से बस स्टैंड घुमारवीं से होकर प्रस्तावित एग्जिट रोड निर्माण की संभावनाएं तलाशे जाने के आदेशों के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था।

कमेटी की ओर से इस प्रस्तावित एग्जिट रोड में आने वाली जमीन के मालिकों के साथ जमीन अधिग्रहण पर बातचीत करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन सभी जमीन मालिकों को बुलाया गया था, जिनकी जमीन इस प्रस्तावित रोड के तहत आने वाली है। पहले दौर की इस बातचीत में जमीन मालिकों से जमीन संबंधी कागज कमेटी के सामने पेश करने के आदेश दिए गए थे। साथ ही इस बात को भी जांचा गया कि प्रस्तावित रोड में आने वाली जमीन में किसी प्रकार का कोई भी मामला न्यायालय के अधीन तो नहीं है।

बैठक में कुछ एक जमीन मालिकों के दावों पर कुछ आपत्तियां दर्ज की गईं, जिन्हें जल्द दूर करने के आदेश जमीन मालिकों को दे दिए गए हैं, ताकि अगली बैठक में जमीन अधिग्रहण के लिए आने वाली जमीन मालिकों के साथ नेगोशिएशन की जा सके। इस प्रस्तावित एग्जिट रोड के लिए कुछ समय पहले उपायुक्त बिलासपुर की ओर से भी निरीक्षण किया जा चुका है तथा इस योजना को अंतिम रूप देने की बात कही गई थी। इसके बाद इस प्रस्तावित एग्जिट रोड के बनने की संभावनाएं तेज हो गई थी। क्योंकि बस स्टैंड से बसों के अंदर और बाहर जाने के लिए एक ही रास्ता होने की वजह से परेशानी उठानी पड़ती है, जिस कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है।

> घुमारवीं बस स्टैंड से निकलने वाले एग्जिट और रोड के निर्माण में आने वाली जमीन मालिकों के साथ एक बैठक रखी गई थी, ताकि जमीन मालिकों से जमीन अधिग्रहण पर बातचीत हो सके। लेकिन अभी कुछ आपत्तियां दर्ज की गई हैं, जिन्हें दूर करने के आदेश जमीन मालिकों को दिए गए हैं ।
> **गौरव चौधरी, एसडीएम, घुमारवीं।**

# इंडोर स्टेडियम की घोषणा का स्वागत : महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में इंडोर स्टेडियम खुलने से युवाओं और खिलाड़ियों को नए अवसर प्राप्त होंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की ओर से घुमारवीं में इंडोर स्टेडियम खोलने की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के नए मौके मिलेंगे। भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के समापन कार्यक्रम में लाखों रुपए के पुरस्कार प्रदान करने से युवाओं में नया जोश और उत्साह पैदा होगा। इससे युवा अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करके प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाएंगे। 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेलों में अब तक सबसे ज्यादा पदक जीत कर खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बढ़ाया है।



### युवाओं को खेलों के प्रति किया प्रेरित

कबड्डी, क्रिकेट व हैंडबाल में उपलब्धियां अर्जित करके युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया है। सांसद खेल महाकुंभ में हजारों की संख्या में प्रतिभागी खिलाड़ियों की संख्या से साबित हुआ है कि युवा सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपने आपको खेलों से जोड़कर अपनी प्रतिभा का लोहा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनवाने में सफल हो रहे हैं। घुमारवीं में इंडोर स्टेडियम खुलने और विधानसभा अनुसार खेल आयोजनों से हजारों युवा लाभान्वित होंगे।

# बिजली कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

**बरठीं।** पावर इंजीनियर एसोसिएशन व पेंशन फोरम की ओर से पेंशन व वेतन न मिलने की एवज में यहां गेट मीटिंग की और सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया। बिजली उपमंडल बरठीं में भोजनावकाश के दौरान बिजली कर्मचारियों ने अपना धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रखा। कर्मचारियों में इस दौरान भारी रोष देखने को मिला।

इस धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता पावर इंजीनियर की तरफ से सहायक अभियंता हरबंस लाल शर्मा व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपप्रधान शम्मी खान ने की। प्रधान ने कहा कि वेतन व पेंशन न मिलने से कर्मचारियों की आजीविका पर गहरा असर पड़ा है। सरकार की ओर से 125 यूनिट बिजली लोगों को निःशुल्क दी जा रही है, जिसका भुगतान राज्य सरकार बिजली बोर्ड को राजकोष से करती है, लेकिन तीन महीनों से सरकार ने बिजली बोर्ड को अदा नहीं किया है, जिससे बिजली कर्मचारियों के वेतन व पेंशन का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। कर्मचारियों ने सरकार व बोर्ड प्रबंधन को चेतावनी दी है कि अगर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान जल्द नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी बोर्ड प्रबंधन की होगी।

# जेसीसी की बैठक बुलाकर मांगों का किया जाए निपटारा



पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन शहरी इकाई घुमारवीं की बैठक में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन शहरी इकाई घुमारवीं की बैठक प्रधान हरि सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में घुमारवीं के निजी होटल में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश महासचिव हुकम सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि खंड प्रधान लेखराम शर्मा और महासचिव नरोतम दत धीमान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में सभी वक्ताओं ने एवं सदस्यों ने सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया कि पेंशनर्स की ओर से सरकार से कई बार आग्रह करने के बावजूद उनके काफी समय से लटके वित्तीय लाभों की अदायगी नहीं की जा रही है। उनके मेडिकल बिल भी काफी समय से लंबित पड़े हुए हैं। सभी पेंशनर्स ने सरकार से आग्रह किया है कि उनकी जेसीसी की जल्द से जल्द बैठक बुलाकर उनकी इन सभी मांगों का निपटारा किया जाए। इस अवसर पर मुख्य सलाहकार निक्का राम, उपप्रधान हेमराज महाजन, सचिव बृजेंद्र नाथ, नरसिंह दास, लेखराम कौल, रविंद्र चौहान, जगर नाथ शास्त्री, रण सिंह, बुद्धि सिंह सहित अन्य पेंशनर्स ने भाग लिया।

**आरोप** 12 महीने में सुक्खू सरकार ने लिया 12 हजार करोड़ का कर्ज, बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को वेतन नहीं

# सुक्खू सरकार की टीम में दो नॉन प्लेइंग प्लेयर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सुक्खू सरकार की टीम में दो नॉन प्लेइंग प्लेयर हैं। यह दो प्लेयर अपनी बारी के इंतजार में लगे हुए हैं। यह बात बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में नयना देवी विस क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि 12 महीने के भीतर कांग्रेस सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया है, लेकिन कर्ज लेने के बावजूद सरकार बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को तनख्वाह व पेंशन देने में असमर्थ हो रही है। नए साल के उपलक्ष्य पर सुक्खू सरकार ने कर्मचारियों को यह तोहफा दिया है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की 10 गारंटियों के लिए इंतजार बढ़ता जा रहा है। इसी तरह चेयरमैनों की नियुक्तियों पर भी लंबा इंतजार करने के संकेत दिए गए हैं।



बिलासपुर में प्रेसवार्ता करते विधायक रणधीर शर्मा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक भी मंत्री बनने का इंतजार करते रहे, परंतु साल खत्म होने के उपरांत मंत्री तो बन गए, अब विभागों का इंतजार कर रहे हैं।

विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस जन विरोधी सरकार का, जनता को इंतजार करने वाली सरकार का और गारंटी वादे देकर चुनाव जीतने वाली सरकार का विरोध करती है। इन सभी मुद्दों को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे। रणधीर शर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार ने मंत्रियों के आवास पर ही चार करोड़ रुपए खर्च कर दिए, जिससे यह साफ है कि कांग्रेस सरकार आम जनता के लिए नहीं, बल्कि अपने सुख के लिए कार्य कर रही है।

### आपदा के समय अपने लोगों को दिया ज्यादा फायदा

आपदा के समय भी कांग्रेस सरकार ने अवसर ढूंढे हैं। आपदा से प्रभावित लोगों को कम, जबकि अपने लोगों को इस सरकार ने ज्यादा फायदा दिया है। सरकार को पूरे प्रदेशभर में जांच करनी चाहिए कि आपदा के समय में किस-किस को राशि दी गई है और इस राशि का क्राइटेरिया क्या रहा है। रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी गारंटियों को पूरा करने में फेल साबित हुई है। इसका नतीजा यह है कि प्रदेश में ओपीएस अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं हो पाया है और कर्मचारियों को इसका लाभ मिलने में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसके साथ ही विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार की ओर से छह-छह सीपीएस नियुक्त कर उन पर लाखों रुपए महीने का खर्च करने व मंत्रियों की कोठियों की मरम्मत पर करोड़ों रुपए खर्च कर फिजूलखर्ची करने के चलते ही अब प्रदेश के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाने की बात कही है। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा भी मौजूद रहे।

# बिजली बोर्ड के पास नहीं मीटर घुमारवीं में लटके 400 आवेदन

## लोगों को बिजली कनेक्शन के लिए करना पड़ रहा है लंबा इंतजार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बिजली बोर्ड के पास बिजली के मीटर की कमी का खामियाजा बिजली उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। हालत यह है कि लोगों को घरों में बिजली का कनेक्शन लेने के लिए बाजार से मीटर खरीदना पड़ रहा है।

घुमारवीं बिजली बोर्ड के पास भी करीब ऐसे 400 मामले लंबित पड़े हैं। यहां पर मीटर न होने के कारण लोगों को नए कनेक्शन नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। बिजली बोर्ड घुमारवीं की बात करें, तो विभाग के पास आवेदनों के ढेर लगे हुए हैं, लेकिन कनेक्शन देने के लिए बोर्ड के पास मीटर ही नहीं है और यह समस्या बीते करीब एक साल से भी अधिक समय से आ रही है।

राज्य बिजली बोर्ड डिविजनों में मीटर की सप्लाई करने में असफल रहा है, जबकि बोर्ड की ओर से उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन लेने के लिए बाजार से स्वयं मीटर खरीद कर लाने के लिए कहा जा रहा है।

### बाजार में तीन हजार का मिल रहा मीटर

उपभोक्ताओं को बाजार में बिजली का मीटर करीब तीन हजार का मिल रहा है, जबकि यदि बोर्ड स्वयं मीटर उपलब्ध करवाता है, तो उपभोक्ता को प्रतिमाह बिजली बिल के साथ इसका किराया देना पड़ता है। इस व्यवस्था से उपभोक्ता को ज्यादा आर्थिक बोझ नहीं पड़ता है, जबकि आम आदमी पर बाजार से बिजली मीटर खरीदने पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। क्योंकि बाजार से खरीदे गए बिजली मीटर के खराब होने पर उपभोक्ता को दोबारा मीटर खरीदना पड़ता है, जबकि अगर मीटर बोर्ड की ओर से लगाया गया हो, तो खराब होने पर बोर्ड ही उसे बदलता है।

> घुमारवीं सबडिवीजन के पास इस समय बिजली के मीटर उपलब्ध न होने से बिजली के कनेक्शन के करीब 400 मामले लंबित पड़े हैं, जिस वजह से लोगों को कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। परंतु जो लोग बाजार से खुद मीटर खरीद रहे हैं, उन्हें बोर्ड कनेक्शन दे रहा है।
> **कर्ण चंदेल अधिशाषी अभियंता, बिजली बोर्ड घुमारवीं।**

# अमृत भारत से बदलेगी अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन की सूरत

## स्टेशन को रिडेवलप करने का काम जारी, जल्द दिखेगा नया लुक, 20.74 करोड़ आएगी लागत

### क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी

यह स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें रूफ प्लाजा, वेटिंग रूम, एग्जीक्यूटिव लाउंज, लिफ्ट, एक्सलेटर, फूड कोर्ट और शॉपिंग कांप्लेक्स जैसी सुविधाओं का प्रावधान होगा। स्टेशन पूरी तरह से दिव्यांग फ्रेंडली होगा। इस स्टेशन की बिल्डिंग के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति और वास्तुकला की झलक दिखेगी।

### दो रेलवे प्लेटफार्म

वर्तमान में इस स्टेशन में दो प्लेटफार्म हैं। पेसेंजर्स को एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुटओवर ब्रिज की सुविधा है। इसके अलावा पेसेंजर्स के लिए वेटिंग रूम और कैंटीन की सुविधा है।



स्टेशन की पार्किंग हो रही रिडेवलप।



सर्कुलेटिंग रोड की एक लेन तैयार, दूसरी का काम जारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**हिमाचल** के प्राइम रेलवे स्टेशन अंब-अंदौरा का लुक जल्द ही बदला सा दिखाई पड़ेगा। इसे अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है, जिसके तहत उक्त स्टेशन को रिडेवलप करने का काम तेजी से चल रहा है। फिलवक्त स्टेशन से सर्कुलेटिंग रोड बन रहा है, जिसकी एक लेन तैयार हो गई है। अब दूसरी लेन को बनाने का कार्य जारी है। स्टेशन के बाहर व्हीकल पार्किंग बनाई जा रही है, जिसका लगभग 70 फीसदी काम पूरा हो गया है। इसके अलावा स्टेशन के प्रवेश द्वार को नया लुक देने के लिए फाउंडेशन बेस तैयार किया जा रहा है। इस पूरे कार्य पर लगभग 20.74 करोड़ की लागत आएगी। स्टेशन के रिडेवलपमेंट वर्क को मार्च माह तक मुकम्मल करने का टारगेट है। इसके मुकम्मल होने के बाद अंब-अंदौरा स्टेशन का कायाकल्प हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश भर के 1309 स्टेशनों को रीडेवलप किया जाना है। पहले चरण में 508 स्टेशन रिडेवलप होंगे, इनमें हिमाचल का अंब अंदौरा स्टेशन भी शामिल हैं। छह अगस्त, 2023 को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखी थी। इस स्टेशन को अब तेजी से रिडेवलप किया जा रहा है।



स्टेशन के प्रवेश द्वार की मोडिफिकेशन बन रहा फाउंडेशन बेस।

### तेजी से हो रहा काम

उत्तरी रेलवे के सेक्शन इंजीनियर संदीप चौहान ने कहा कि इस स्टेशन को रिडेवलप करने का काम तेजी से चल रहा है। पार्किंग और सर्कुलेटिंग रोड बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के मुख्य द्वार की मोडिफिकेशन के लिए फाउंडेशन तैयार की जा रही है। सभी कार्यों को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

### नई दिल्ली के वंदे भारत ट्रेन

**इस** स्टेशन से जुलाई, 2011 में रेल सेवा शुरू हुई थी। मौजूदा समय में इस स्टेशन से तीन ट्रेनें चलती हैं और इसकी देश की राजधानी दिल्ली से सीधी रेल कनेक्टिविटी है। इस स्टेशन से नई दिल्ली के लिए सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत शुक्रवार को छोड़कर प्रतिदिन अप-डाउन करती है। अंबाला कैंट के लिए प्रतिदिन एमईएमयू ट्रेन अप-डाउन करती है। हजूर साहिब नांदेड वीकली एक्सप्रेस जो प्रति वीरवार को चलती है। इसके अलावा दौलतपुर चौक से जनशताब्दी एक्सप्रेस, हिमाचल एक्सप्रेस और अंबाला कैंट डीईएमयू ट्रेन इसी स्टेशन से होकर गुजरती है।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए अंब की पार्षद अंजलि सूद।



अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए अंब के मनोज कौशिक।



भाजयुमो अंब के अध्यक्ष निखिल राणा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए टकरला से राहुल शर्मा।



बंगाणा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए अजय कुमार।



पूर्व भाजपा विधायक व वर्तमान भाजपा जिला ऊना अध्यक्ष बलबीर सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



भाजपा जिला ऊना महामंत्री शाम मिन्हास व श्री चिंतपूर्णी मंडल महामंत्री कुलदीप सिंह ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए टीचर करें विशेष प्रयास : अग्निहोत्री

## सलोह में वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**स्टूडेंट्स** के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यापक विशेष प्रयास करें, ताकि प्रतिस्पर्धा के दौर में स्टूडेंट्स अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकें। यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वन बिहारी नंद ब्रह्मचारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्टूडेंट्स को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्थाएं कर रही है। बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ स्टूडेंट्स के समुचित विकास के लिए खेल तथा अन्य गतिविधियो को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह हरोली विधासभा क्षेत्र का केंद्र बिंदु है, जिसका अपना ही महत्व और आकर्षण है।

उन्होंने कहा कि स्कूल के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में स्कूल में लगभग 400 स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनके लिए पर्याप्त शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान करते हुए कहा कि स्टूडेंट्स की शिक्षा में गुणात्मक सुधार होना चाहिए। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रावमापा सलोह प्रदेश का पहला ऐसा स्कूल है, यहां पर डिजिटल कक्षाएं शुरू की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### पिछले 20 वर्षों में हरोली विस क्षेत्र में आया क्रांतिकारी बदलाव

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विस क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों में लगातार क्रांतिकारी बदलाव आया है। वर्तमान में हरोली विस क्षेत्र शिक्षा का हब बन चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 33 रावमा पाठशालाओं के माध्यम से स्टूडेंट्स घरद्वार पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। हरोली कॉलेज का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। केंद्रीय विद्यालय सलोह का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है, जबकि आईटीआई पंडोगा का भवन बनकर तैयार है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमकैप्स कॉलेज बढेड़ा में लॉ तथा नर्सिंग कॉलेज चलाया जा रहा है। कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करके निकले स्टूडेंट्स देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही पालकवाह स्थित कौशल विकास केंद्र ट्रिपल आईटी सलोह द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पालकवाह में आधुनिक तकनीक से लैस चंडीगढ़ की तर्ज पर एक भव्य ऑडिटोरियम भी बनाया गया है।



इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, ओबीसी सेल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू के अतिरिक्त जसपाल जस्सा, महासचिव बलदेव, बीडीसी सदस्य परवेश जसवाल, एसएमसी प्रधान ममता जसवाल, हिमकैप्स कॉलेज अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह, स्कूल के स्टाफ सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# कुटलैहड़ में शिक्षा का स्तर प्रदेश में ऊंचा करना उद्देश्य : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र के किसी भी सरकारी संस्थान में कोई राजनीति की बात नहीं होगी। कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर स्कूल में स्टूडेंट्स को उच्च शिक्षा एवं खेलों के प्रति रुझान ओर अध्यापकगण केवल स्टूडेंट्स को अच्छे संस्कार पढ़ाई और खेलों की तरफ फॉक्स करवाएं, ताकि हमारा उद्देश्य जो कुटलैहड़ को शिक्षा के क्षेत्र में नंबर बन बनाने का है, वह जल्द पूरा हो। ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चूल्हडी एवं घरवासडा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के बाद कहे।

विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल जन सेवा करना है। बीते एक वर्ष में हमने गांव गरीब परिवारों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान किया है। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, स्थानीय प्रधान नीरज ठाकुर प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी असैा अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



बच्चों को सम्मानित करते हुए कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो।

### बीडीसी सदस्य आर्य ने विधायक को दिया मांग पत्र, समस्या हल करने का किया आग्रह

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तनोह लठियाणी वार्ड के पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो को नए बस रूट तथा बस समस्या को लेकर ज्ञापन दिया। पंचायत समिति बंगाणा के सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने बंगाणा से धर्मशाला के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस रूट चलाया जाने की मांग को उठाया, ताकि शिक्षा बोर्ड व शीतकालीन राजधानी को जाने के लिए सुविधा मिल सके या ऊना से धर्मशाला बाया अंब से जाने वाली बसों को बंगाणा से किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को भी लाभ मिल सके। वही ऊना के लिए एक बस चलाई जाए, जो ऊना से दिल्ली जाने वाली जनशताब्दी के समय पर ऊना यात्रियों को पहुंचा सके। ऊना से जनशताब्दी दिल्ली के लिए सुबह पांच बजे चलती है। इस दौरान हमीरपुर से ही कोई बस सेवा नहीं है। अतः ऊना के लिए बस चलाई जाए, ताकि लोगों को टैक्सी के लिए धन का खर्च करना पड़े और सुविधा मिल सके।

### डिप्टी डायरेक्टर ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**अंब।** डिप्टी डायरेक्टर ऊना देवेंद्र चंदेल की अगुआई में जिला ऊना के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इसी के अंतर्गत अंब की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेहरिया में औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें स्कूल में पढ़ाई खेलकूद और प्रशासनिक गतिविधियों का जायजा लिया और स्कूल में चल रहीं गतिविधियों और रिकॉर्ड को जांचा। मुख्यत: उन्होंने स्वच्छता, एमडीएम, शौचालय, पीने के पानी की जांच की और निर्देश दिए कि स्टूडेंट्स की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। विद्यालय की प्रगति के लिए उचित व निश्चित कदम उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने स्टूडेंट्स के बीच जाकर मिड-डे मील भी जांचा। इसी बीच उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ शिक्षा संवाद किया और आगामी परीक्षाओं की तैयारियों में जुट जाने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी स्कूलों के अध्यापकों से मिलकर उनकी समस्याओं, विचारों और मांगों को भी सुना और आश्वासन दिया कि जिला ऊना में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन का माहौल तैयार किया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जरनैल सिंह, प्रधानाचार्य व्यास देव, प्रवक्ता चंचल कुमार, निशा शर्मा, नरेश कुमार, रविंद्र, बामदेव, नीतू, कमला, अनीता, नीलम, इकबाल, अधीक्षक अनुभव शर्मा, रमेश, वनिता, कुसुम, सविता, युसुफ, हनीफ, नरेश, सलीम, लितेश उपस्थित रहे।

### डीसी ने किया पंडोगा में गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्र भवन का उद्घाटन

**ऊना।** पंडोगा में डीसी राघव शर्मा ने शुक्रवार को नवनिर्मित गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्र भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में अध्यापन और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही शिक्षा सुधार समिति के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राघव शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए 36 गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से लगभग 1800 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों में उच्च शिक्षित अध्यापक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। बच्चों को मिड-डे मील भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्रों में शिक्षा संबंधी गुणवत्ता के साथ संस्थानों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने प्रवासी बच्चों की शिक्षा में योगदान के लिए शिक्षा सुधार समिति के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर पंडोगा के प्रधान गुलविंद्र सिंह गोल्डी, जगत राम शास्त्री, अवधेश यादव, केजे भारद्वाज, सूरज पाठक और वेद प्रकाश उपस्थित रहे।

### बिजली बोर्ड के तकनीकी कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर जताया रोष

**ऊना।** बिजली बोर्ड के तकनीकी कर्मचारियों को डेडलाइन के बाद भी वेतन नहीं मिल सका है, जिस पर शुक्रवार को बिजली बोर्ड के तकनीकी कर्मचारी सड़क पर आ गए। उन्होंने प्रदेश संयोजक सुनील शर्मा की अध्यक्षता में गेट मीटिंग कर अपना रोष जाहिर किया। सुनील ने कहा कि तकनीकी कर्मचारियों को बोर्ड द्वारा हर माह की पहली तारीख को वेतन दे दिया जाता था, लेकिन इस बार उन्हें पांच जनवरी तक वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि वेतन के मामले को लेकर बोर्ड अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की गई थी। इसमें पांच जनवरी दोपहर तक कर्मचारियों का वेतन देने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को फिर भी उनका वेतन नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों को मजबूरन अपना रोष प्रदर्शन करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कर्मचारी दिन-रात लोगों की सेवा करते हैं, लेकिन सरकार द्वारा उनके प्रति उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है, जो सहन नहीं होगा।

### नशा रोकने के लिए विद्यार्थी परिषद ने डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

**ऊना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नशा माफिया को रोकने के लिए जिला संयोजक चंदन सेखड़ी के नेतृत्व में डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन दिया, जिसमें सरकार से ऊना जिला में बढ़ते नशा माफिया पर रोक लगाने की मांग की गई है। सेखड़ी ने कहा कि युवा नशे के चुंगल में फंस रहे हैं, चिंतनीय विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार को प्रदेश में बढ़ते नशा माफिया के खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

**खुशखबरी** | अत्याधुनिक हार्ट इंस्टीट्यूट में सोमवार से शुरू होगी ओपीडी, 50 बेड की मिलेगी सुविधा

# ऊना में दिल के रोगियों का होगा इलाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**अब** हार्ट के रोगियों को इलाज के लिए चंडीगढ़, जालंधर या लुधियाना नहीं जाना पड़ेगा। उनका ऊना में ही बेहतर इलाज हो सकेगा। इसके लिए इंदिरा स्टेडियम के नजदीक देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट स्थापित किया गया है, जिसमें हार्ट की बीमारी का अत्याधुनिक उपकरणों से इलाज की सुविधा रहेगी। पत्रकारों से बातचीत में इंस्टीट्यूट के प्रबंधक डॉ. हरजिंद्र सिंह और मोनिका सिंह ने बताया कि सोमवार से ओपीडी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम हार्ट के रोगियों का चेकअप करेगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में ओपीडी शुरू की जा रही है। अगले दो माह में हाईटेक इंस्टीट्यूट को फंक्शनल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट में 50 बेड की सुविधा होगी, जिसे बढ़ाकर 70 बेड का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोगियों को आधुनिक कैथ लैब में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। सीसीयू और आईसीयू में 24 घंटे इमरजेंसी सर्विस उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि ऊना और आसपास के जिलों को हार्ट के बेहतर इलाज की सुविधा मिले, इसके लिए इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट में लगभग 70 लोगों को रोजगार मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट में बेहतरीन सुविधा उपलब्ध होगी। हमारा उद्देश्य बहुमूल्य जिंदगी को बचाने का है।



### मेजर पिता से मिली प्रेरणा

**डॉ.** हरजिंद्र ने कहा कि उनके पिता सेना में मेजर के पद पर रहे हैं, जिनसे चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर करने की प्रेरणा मिली है और पिता की एक सोच और सपना रहा है, जो अब पूरा हो रहा है।

### कैशलेस उपचार की सुविधा

**डॉ.** हरजिंद्र ने कहा कि इंस्टीट्यूट में कैशलेस उपचार की सुविधा रहेगी। उन्होंने कहा कि इंश्योरेंस कंपनियों से लेकर आयुष्मान भारत और हिमकेयर का रोगियों को जल्द लाभ मिलेगा, साथ ही पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस स्कीम को लाना भी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट में वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस सर्विस इमरजेंसी के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी, जिसमें पैरामेडिकल स्टाफ और डॉक्टर रहेगा।

### फाउंडेशन लगाएगी जागरूकता कैंप

**अद्वैता** फाउंडेशन की अध्यक्ष मोनिका सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास लोगों को हार्ट की बीमारी को लेकर जागरूक करने का रहेगा। इसके लिए दूरदराज क्षेत्र में मुफ्त कैंप लगाए जाएंगे।

## होली-उतराला सड़क मार्ग आखिर कब होगा पूरा?

**होली-उतराला** सड़क मार्ग का मसला एक बार फिर सुर्खियों में है। करीब चार दशक से यह मार्ग अधर में लटका है। इस मार्ग के बनने से कांगड़ा और चंबा जिलों की दूरी कम होनी थी और उन्हें आने जाने की सुविधा मिलनी थी। साथ ही समय और पैसे की बचत भी होनी थी, लेकिन सामरिक और सांस्कृतिक महत्व वाला यह मार्ग इतने लंबे अर्से के बाद भी कंप्लीट नहीं हो पाया। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि काम शुरू होने के थोड़े से अंतराल के बाद इस मार्ग का निर्माण बार-बार बंद हो जाता है। इसे राजनीतिक कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। एक ही काम बार-बार किया जाता है और जिस काम के लिए पैसा मिलता है, वह कहीं और ही खर्च हो जाता है। पक्के मार्ग को दोबारा पक्का किया जाता है और आगे के निर्माणधीन मार्ग को तवज्जो नहीं दी जाती। सड़क के निर्माण कार्य का मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने विभागीय अधिकारियों के साथ बकलूड में जाकर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस प्रक्रिया से दोबारा आस बंधी है कि शायद काम में तेजी आ जाए। होली-उतराला सड़क लोगों की वर्षों पुरानी मांग है और सड़क के बनने से उतराला से होली की दूरी कम हो जानी थी। अगर यह मार्ग कंप्लीट हो जाता है, तो पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर भी पैदा किए जा सकते हैं। सड़क के कुल क्षेत्र का साढ़े 32 किलोमीटर क्षेत्र बैजनाथ लोक निर्माण मंडल के अधीन में आता है, जबकि शेष भाग भरमौर लोक निर्माण मंडल में आता है। कांगड़ा जिले की सीमा में 13.200 किलोमीटर से आगे 20 किलोमीटर तक पहले चरण में सड़क का निर्माण होना तय हुआ है तथा शेष कार्य दूसरे चरण में पूरा करवाया जाएगा। 13 से 20 किलोमीटर के बीच में एक बड़े पुल का निर्माण बोना नाला पर होना है। दोनों जिलों के लोग बार-बार दिए जा रहे लॉलीपॉप से अब तंग आ चुके हैं। गुस्साए लोगों ने अब संघर्ष समिति के साथ मिलकर होली-उतराला रोड की कहानी, मेरी जुबानी अभियान जनजातीय क्षेत्र भरमौर से शुरू कर दिया है। अब लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। संभावना यह भी है कि यह मसला चुनावों में भी जोर-शोर से गरमाएगा। संघर्ष समिति ने भरमौर स्थित लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंप कर 15 जनवरी तक का अल्टीमेटम भी दे दिया है, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखी। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में निवास कर रहे लोगों का आर्थिक और पर्यटन की दृष्टि से विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक होली-उतराला सड़क का निर्माण कंप्लीट नहीं हो जाता। सड़क के अभाव में यदि किसी व्यक्ति ने बैजनाथ से होली जाना होता है, तो उसे करीब तीन सौ किलोमीटर का लंबा सफर तय करना पड़ता है। यदि यह सड़क बन जाती है तो यही सफर महज सत्तर किलोमीटर ही रह जाता है। कांगड़ा जिले के उतराला, देओल, फटाहर, झिकली भेठ तथा चंबा के होली, नयाग्रां, भरमौर, गधेरन और लाके वाली माता क्षेत्रों के लोगों की आपस में रिश्तेदारियां भी हैं। यदि कोई शादी समारोह हो या किसी की मृत्यु हो जाए तो लोगों को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचने में कई दिक्कतें पेश आती हैं। इन इलाकों के लोग नौ महीने तक बर्फ के आगोश में रहते हैं और जब ठंड बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, तो वे निचले क्षेत्रों चले आते हैं। इस तरह से उन्हें घुमंतू जीवन जीने पर भी मजबूर होना पड़ता है, लेकिन सड़क के बनने से दोनों जिलों के लोगों को सुविधाएं मयस्सर होंगी तो उनका जीवन भी काफी हद तक संवर जाएगा। भौगोलिक परिस्थितियों के चलते स्वास्थ्य सुविधाओं का इस क्षेत्र में अभाव है और शैक्षणिक सुविधाओं के लिए गद्दी जनजाति के लोग पालमपुर और बैजनाथ का रुख करते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि सड़क का निर्माण जल्द कंप्लीट हो जाए।

# सुविधाओं का अभाव, स्कूली खेलों पर प्रभाव

**एसजीएफआई को इस दिशा में छात्रों की भलाई व बेहतरी के लिए कड़ा संज्ञान लेना होगा व असफल आयोजनकर्ताओं के पूरे पैनल को भविष्य में दो तीन वर्षों तक प्रतिबंधित करना चाहिए नहीं तो यही लोग एक दो वर्षों में राष्ट्रीय स्कूली खेलों का अस्तित्व खत्म कर देंगे। किसी भी राज्य के टीम कोच या मैनेजर से कोई फीडबैक नहीं ली गई, फिर एसजीएफआई तक प्रतियोगिता के सफल आयोजन की संस्तुति कौन व कैसे करेगा-संदेहास्पद है? नियमानुसार सभी राज्यों के कोच व मैनेजर से फीडबैक ली जानी चाहिए, ताकि असलियत सबके सामने आए। कमेटी तक के सदस्य सार्वजनिक नहीं किए गए। खेलों में प्रयुक्त टाई ब्रेक सार्वजनिक रूप से प्रतियोगिता हॉल में प्रदर्शित नहीं किए गए। खिलाड़ी वर्ग को खेलने का उचित माहौल व खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना एसजीएफआई का उत्तरदायित्व है। निर्भीक, स्वतंत्र व राजनीति से मुक्त वातावरण में ही निष्पक्ष रूप से आगे बढ़े खिलाड़ी व उनके प्रशिक्षक मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज न हो। नियमों की अनुपालना के लिए निष्पक्ष संबंधित खेल विशेषज्ञों को बतौर पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाए और उनकी गोपनीय रिपोर्ट के साथ कोच व मैनेजर की प्रतियोगिता के आयोजन के बारे में टिप्पणियां साथ संलग्न करके एसजीएफआई को संप्रेषित की जाए।**



लेखक
हंस राज ठाकुर
प्रवक्ता : भौतिक शास्त्र
बग्गी, बल्ह,
जिला मंडी।



हमारा देश विविधताओं से परिपूर्ण देश है। अनेकता में एकता के सूत्र के तहत अनेक विलक्षण विभूतियों से सुसज्जित है। ये विभूतियां वैश्विक विज्ञान, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, खेल व अन्य विविध प्राकृतिक संसाधनों से विभूषित हैं। बस जरूरत है तो इन नैसर्गिक संसाधनों को मूलभूत आवश्यक और सही पोषण की। फिर यह पोषण मनोवैज्ञानिक हो या भौतिक। भ्रष्टाचार की जड़ें जब तक सिंचित होती रहेंगी। देश की प्रतिभाएं प्रभावित होती रहेंगी वैश्विक स्तर पर देश को हर क्षेत्र में आगे लाने की पहल में, विकासशील योजनाओं को धरातल पर लाने और उनका सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। आजकल देश में स्कूली खेलों की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं चल रही हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी अत्यंत महत्व है। इसी दिशा में विभिन्न राज्य सरकारों व शिक्षा विभागों की ओर से हर साल स्कूली स्तर पर ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक स्कूली खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने और उभारने का अवसर प्रदान किया जाता है।

कोच व खिलाड़ी वर्ष भर खून पसीना एक करते हैं, ताकि देश-प्रदेश के हर हिस्से में छुपी खेल प्रतिभा को आगे बढ़ने का और अपना भविष्य संवारने का उचित अवसर मिल सके। हर खेल क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय खेल मानको के अनुरूप विभिन्न खेलों में खेल के मानक भी तय किए गए हैं, लेकिन उन मानकों की सुनिश्चितता पर भी एसजीएफआई व राज्यों के शारीरिक शिक्षा खेल विभागों के अधिकारियों को ध्यान देना होगा अन्यथा यह खेल मात्र औपचारिकता बनकर रह जाएंगे। खेल आयोजनों में अव्यवस्था धन की कमी से है या प्रबंधन के स्तर पर है। हाल ही में राष्ट्रीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता तमिलनाडु के वेल्लूर शहर में संपन्न हुई। जहां व्यवस्था के नाम पर एसजीएफआई ब्रोसर में तीन खिलाड़ियों को एक कमरा, दो कोच को एक कमरा (तीन सितारा सुविधायुक्त) व चीफ डी मिशन को अलग कमरे का प्रावधान था, लेकिन मगर धरातल पर 15 खिलाड़ियों व चार कोचों को स्कूल के एक कमरे में मात्र आठ-नौ मेट्रस ही उपलब्ध करवाए गए।

अंडर-14, 17 व 19 (छात्र व छात्रा) तीनों वर्गों के टूर्नामेंट एक ही स्थान पर दे देना महज खानापूर्ति साबित हुई। सहायक कोच व सुरक्षा की दृष्टि से ड्यूटी पर तैनात अन्य ऑफिशियल्स को वेन्यू से बाहर कर दिया गया और अपने खर्चे पर ठहरने की व्यवस्था के फरमान सुनाए गए। लंबी दूरी की यात्रा तय करके पहुंची टीमों को प्रतियोगिता से पहले के दो दिनों की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ी। जलीय कहर के चलते अधिकतर टीमों की निर्धारित वापसी की ट्रेनें रद्द हो गईं। इसके बावजूद टीमों को प्रतियोगिता समाप्त होते ही प्रतियोगिता स्थल से बाहर निकलने को बाध्य किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य व सुरक्षा से आयोजनकर्ता कन्नी काटते नजर आए, जिससे कोच व मैनेजरों का बच्चों के प्रति चिंतित होना स्वभाविक था।

प्रतियोगिता स्थल से रेलवे स्टेशन तक टीमों को छोड़ने के दायित्व से भी आयोजनकर्ता विमुख होते नजर आए और 18 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर बच्चे ऑटो के जरिए रेलवे स्टेशन पहुंचे। तमिलनाडु जैसे राज्य में, जहां गत वर्ष विश्व शतरंज का सबसे बड़ा आयोजन 'चैस ओलिंपियाड' भारत ने यादगार बनाया था। उस राज्य में सभी खिलाड़ियों, कोच व मैनेजर को अच्छी प्रतियोगिता की उम्मीद थी, लेकिन प्रतियोगिता के अंत तक सभी ऐसे राज्य को भविष्य में बड़े राष्ट्रीय स्तर के प्रायोजन न देने के हक में दिखे। सभी जानते हैं कि आयोजनों में बहुत सारी मेहनत छुपी होती है और कुछ कमियां रह जाती हैं, लेकिन यहां प्रतियोगिता संपन्न होने के अलावा हर तरफ अव्यवस्था का मंजर नजर आया। एसजीएफआई का कोई भी अधिकृत अधिकारी खिलाड़ियों की समस्या सुनने आगे नहीं आया, जिससे हर खिलाड़ी, कोच व मैनेजर का मनोबल गिरा है। सबसे बड़ी विडंबना इस प्रतियोगिता की यह रही है कि यह फीडे व एआईसीएफ के खेल नियमों के अनुरूप ही खेली जाती है। एआईसीएफ के ब्रॉशर में भी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बोर्ड प्राइज देना सुनिश्चित था, लेकिन आयोजक इस बात पर मुखर हो गए कि ऐसा नहीं होगा। जिन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए इतने बड़े आयोजन किए जाते हैं और उन्हें अपनी, अव्यवस्था या विफलता के चलते हतोत्साहित करना देश की खेलों व खिलाड़ियों के हित में नहीं है। खेलो इंडिया सहित तमाम बड़ी खेल प्रतिस्पर्धा को खिलाड़ी स्कूली स्तर से ही उपलब्ध होते हैं। यदि वे यहां से ही निरुत्साहित हो जाएंगे, तो भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद करना बेमानी होगी। क्या आयोजनकर्ताओं को फंड की कमी या कुछ और, यह अलग जांच का विषय है? मगर खिलाड़ियों को बोर्ड प्राइज से वंचित रखना बेहद शर्मनाक है।

एसजीएफआई को इस दिशा में छात्रों की भलाई व बेहतरी के लिए कड़ा संज्ञान लेना होगा व असफल आयोजनकर्ताओं के पूरे पैनल को भविष्य में दो तीन वर्षों तक प्रतिबंधित करना चाहिए नहीं तो यही लोग एक दो वर्षों में राष्ट्रीय स्कूली खेलों का अस्तित्व खत्म कर देंगे। किसी भी राज्य के टीम कोच या मैनेजर से कोई फीडबैक नहीं ली गई, फिर एसजीएफआई तक प्रतियोगिता के सफल आयोजन की संस्तुति कौन व कैसे करेगा-संदेहास्पद है? नियमानुसार सभी राज्यों के कोच व मैनेजर से फीडबैक ली जानी चाहिए, ताकि असलियत सबके सामने आए। कमेटी तक के सदस्य सार्वजनिक नहीं किए गए। खेलों में प्रयुक्त टाई ब्रेक सार्वजनिक रूप से प्रतियोगिता हॉल में प्रदर्शित नहीं किए गए। खिलाड़ी वर्ग को खेलने का उचित माहौल व खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना एसजीएफआई का उत्तरदायित्व है। निर्भीक, स्वतंत्र व राजनीति से मुक्त वातावरण में ही निष्पक्ष रूप से आगे बढ़े खिलाड़ी व उनके प्रशिक्षक मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज न हों। नियमों की अनुपालना के लिए निष्पक्ष संबंधित खेल विशेषज्ञों को बतौर पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाए और उनकी गोपनीय रिपोर्ट के साथ कोच व मैनेजर की प्रतियोगिता के आयोजन के बारे में टिप्पणियां साथ संलग्न करके एसजीएफआई को संप्रेषित की जाए। वार्षिक मीटिंग में आवश्यक खेल सुधारों को पारित करके, उनके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना राष्ट्रीय खेलों के उत्थान की एकमात्र उम्मीद है। तभी देश के नौनिहाल अपने हुनर को बेखौफ होकर प्रदर्शित कर पाएंगे अन्यथा जो खिलाड़ी, नहाने व यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं से ग्रसित हों। वे कभी भी अपना ध्यान खेलों पर सही ढंग से केंद्रित नहीं कर पाएगा। खेलो इंडिया के अंतर्गत हर राज्य में एक शतरंज खेल व प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना चाहिए, जिसकी हाल ही में केंद्रीय मंत्री ने 1000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की घोषणा की है। हर खेल विधा को खेलो इंडिया से जोड़ने की आवश्यकता है। भारत जैसे विविधता पूर्ण देश में युवा शतरंज प्रतिभाएं आर प्रगाननंदा, डी गुकेश, विदित गुजराती, आर वैशाली व कोनेरू हम्पी पहले ही इतिहास रच चुके हैं। विश्व कैंडिडेट्स में स्थान बनाकर कैंडिडेट्स के 16 खिलाड़ियों में पांच भारतीय शतरंज प्रतिभाएं शामिल हैं। भारतीय शतरंज के लिए यह एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। समय आ गया है कि राष्ट्रीय स्कूली खेलों में भी शतरंज खेल को अंतरराष्ट्रीय मानको के अनुरूप ही हर स्तर पर अपनाया जाए व स्कूली शतरंज खिलाड़ियों का मनोबल हर स्तर पर बनाए रखा जाए।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### फर्क

*जमीन और आसमान में*
*फर्क होता है,*
*झूठ और सच में*
*फर्क होता है।*
*मोहब्बत और नफरत में*
*फर्क होता है,*
*अपने और पराये में*
*फर्क होता है।*
*जीत और हार में*
*फर्क होता है,*
*दिमाग और दिल में*
*फर्क होता है।*
*जायज और नाजायज में*
*फर्क होता है।*
*हकीकत और कल्पना में*
*फर्क होता है।*



*गुरु और शिष्य में*
*फर्क होता है।*
*जीवन और मृत्यु में*
*फर्क होता।*
*आदि और अंत में*
*फर्क होता है।*



कवि
डॉ.राजीव डोगरा
गांव जनयानकड़
जिला : कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश
मो : 9876777233

## प्रेरक कथा



### सही दिशा

**एक** बार किसी रेलवे स्टेशन पर एक रेल गाड़ी रुकी। रेलगाड़ी से एक फौजी बड़ा सा ट्रंक और बिस्तर लेकर उतरा। स्टेशन से बाहर आकार उसने एक टैक्सी वाले से पूछा- भैया, कैंप ऑफिस जाना है, चलोगे ? टैक्सीवाले ने कहा, 'जरूर चलूंगा साहब, लेकिन 200 रुपए लगेंगे। फौजी ने कहा, 'अरे! 200 रुपए तो वहां के लिए बहुत ज्यादा है, कुछ कम करो।' टैक्सीवाला बोला, 'साहब इससे कम किराया नहीं होगा, चलना हो तो चलो। यह सुनकर फौजी ने अपना सामान उठाया और पैदल ही अपने गंतव्य की ओर चल पड़ा। लगभग 20 मिनट चलने के बाद वह थक गया और अपने आस-पास कोई साधन देखने लगा।' तभी उसे वही टैक्सीवाला आता हुआ दिखाई दिया, जिसने थोड़ी देर पहले उससे 200 रुपए मांगे थे। फौजी ने उसे हाथ दिया। टैक्सीवाले ने गाड़ी रोकी, फौजी ने कहा, 'ठीक है भाई, 200 रुपए ले लेना, कैंप ऑफिस चलो। यह सुनकर टैक्सीवाले ने कहा, 'साहब, अब तो 400 रुपए लगेंगे।' फौजी ने कहा, 'अब तुम मेरी हालत देखकर मुझे ब्लैकमेल करने लग गए ?' टैक्सीवाले ने कहा, 'नहीं साहब, आप तो फौजी आदमी है, भला आपको मैं ब्लैकमेल क्यों करूंगा। दरअसल, बात यह है कि आप कैंप ऑफिस से उल्टे रास्ते इतने दूर आ गए है कि अब आपको कैंप ऑफिस जाने के लिए उसी स्टेशन से गुजरना होगा, जहां से आप चलते हुए इतनी दूर तक आए हैं, इसीलिए आपका किराया अब ज्यादा होगा।' टैक्सीवाले कि बात सुनकर फौजी चुपचाप टैक्सी में बैठ गया। आप कितने भी अच्छे से तैयारी करके क्यूं न चले हो, अगर आपकी दिशा गलत है तो आप मंजिल तक कभी नहीं पहुंच पाएंगे।

# खेलों में सियासत, खेल और खिलाड़ी के लिए आफत

**कुश्ती** को लेकर मचे बवाल के बीच खिलाड़ी भी सियासी रंग में रंगे नजर आने लगे हैं। यह खेल और खिलाड़ी दोनों के भविष्य के लिए चिंताजनक है। खेलों में सियासत ठीक नहीं है। खेलों में पक्ष-विपक्ष की राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक है। खेलों में राजनीति गलत है। खेल साफ, स्वच्छ और पारदर्शी होने चाहिए। वर्तमान कुश्ती संघ और सियासती विवाद से दुनियाभर में भारत की बदनामी हो रही है। पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती को सियासत ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु सियासत के चलते ऐसा नहीं हुआ।

यह खेलों पर एक बदनुमा दाग, शर्म का विषय और त्रासदी है। देश के जो खिलाड़ी विदेशी सरजमीं पर तिरंगे का मान बढ़ाते आए, उन्हें अपने अधिकारों के लिए जंतर-मंतर पर धरना देना पड़ रहा है। क्या ऐसे देश खेलों में आगे बढ़ेगा? देश को मेडल दिलाने वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। पहलवान कुश्ती महासंघ से दो-दो हाथ करने उतरे हैं। आखिर इस खेल और सियासी लड़ाई का अंजाम क्या होगा? किसकी सरकार है या किसकी थी, यह मुद्दा नहीं है। सवाल यह है कि क्या महिला खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण होता है? या फिर यह सियासती मामला है। मुद्दा महिला खिलाड़ियों के सम्मान एवं मानसिक, शारीरिक सुरक्षा का है। अगर कुश्ती में बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई, तो महिला खिलाड़ियों में हर खेल के प्रति रुझान खत्म हो जाएगा। उनका मनोबल गिर जाएगा। महिलाओं की खेलों में भागीदारी कम हो जाएगी। देश की प्रतिष्ठा और महिला खिलाड़ियों की अस्मिता का सवाल है। क्या राजनीति के चलते दम तोड़ जाती हैं प्रतिभाएं? खेलों में राजनीति के सक्रिय होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को दबाया जाता है। खिलाड़ी हमेशा खेल अधिकारियों के दबाव में रहते हैं। खेलों में मेहनत करने वालों की प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं और आवाज उठाने पर खत्म कर दिया जाता है।



लेखक
डॉ. सत्यवान सौरभ
स्तंभकार, भिवानी, हरियाणा,
मो : 9466526148

**वर्तमान समय में सियासी दलों ने कुश्ती को अपने निजी लाभ के लिए उपयोग करने का दुष्प्रयास किया है, जिससे खिलाड़ियों और खेल समर्थकों को काफी बड़ा नुकसान हुआ है। सियासत का प्रयोग खेल और खिलाड़ियों के विकास में किया जाना चाहिए। निजी लाभ और निजी प्रकरणों का समायोजन खेल भावना से दूर होना चाहिए। खेलों को सियासी बनाने वाले मुद्दे आमतौर से विवादास्पद हो रहे हैं।**

इसका दुष्परिणाम यह है कि आज अभिभावक कुश्ती या अन्य खेल में अपनी बेटी का भेजते कई बार सोचेंगे। देश में अभिभावक पहले ही अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान को लेकर चिंतित रहते हैं, इस प्रकरण ने उनकी चिंता और बढ़ाई है। अब वे बेटी को खेल विशेषकर कुश्ती में भेजते हजार बार सोंचेंगे। हाल ही में सरकार ने नए चुनाव का भले ही रद्द कर दिया हो, किंतु लंबे समय से कुश्ती संघ में दबदबा कायम रखे राजनीतिज्ञ चुप बैठने वाले नहीं हैं। वे सरकार के इस निर्णय के विरुद्ध कोर्ट जाएंगे। इनका प्रयास होगा कि कुश्ती संघ की सियासत उनके हाथ से न जा पाए। भले ही सरकार ने नए चुनाव को रद्द करके यह संदेश देने का प्रयास किया है कि कुश्ती संघ को नियमों का पालन करना होगा, लेकिन खेल संघ से राजनीतिक लोगों को दूर रखने के लिए सरकार को काम करना चाहिए।

खिलाड़ी भी यदि राजनीति में आ जाए, तो उसे भी खेल संघ से बाहर ही रखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी खेल संघों में राजनीतिक दखल को लेकर चिंता जता चुका है और इसे जायज नहीं ठहराता। खेलों में सियासत का सकारात्मक प्रभाव समाज में एकात्मकता और सामाजिक समर्थन की भावना लेकर आता है और खिलाड़ियों को एक सकारात्मक पहचान बनाए रखने में मदद करता है, वहीं इस बात की अनदेखी भी की नहीं की जा सकती कि कई बार अमुक खिलाड़ी को मनचाहे स्थान पर पहुंचाने के लिए सियासी दबाव और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। सियासी हस्तक्षेप नेताओं के बीच जातिवाद धर्मनिरपेक्षता राजनीतिक असंतुलन लाता है और खेलों को प्रभावित करता है।

वर्तमान समय में सियासी दलों ने कुश्ती को अपने निजी लाभ के लिए उपयोग करने का दुष्प्रयास किया है, जिससे खिलाड़ियों और खेल समर्थकों को काफी बड़ा नुकसान हुआ है। सियासत का प्रयोग खेल और खिलाड़ियों के विकास में किया जाना चाहिए। निजी लाभ और निजी प्रकरणों का समायोजन खेल भावना से दूर होना चाहिए। खेलों को सियासी बनाने वाले मुद्दे आमतौर से विवादास्पद हो रहे हैं। सियासत की दखलंदाजी से खेल में समझौते, रैगिंग जैसे संभावनाएं बड़ी है, जिसका खामियाजा खिलाड़ियों को भुगतना पड़ता है। अब नौबत यहां तक आ गई है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल फेंकने तक का काम करना पड़ रहा है। खेल संघों में खिलाड़ी होने चाहिए। वे खेल और खिलाड़ी को ज्यादा समझते हैं। राजनेता नहीं। सियासत के चलते बेपटरी हुए कुश्ती संघ को पटरी पर लाने उसमें खिलाड़ियों और पहलवानों का विश्वास जमाने को बहुत कुछ करना होगा।

# बकरा खोलता है मंदिर के द्वार फिर होते हैं देव दर्शन



ब्लॉगर

लेखक
डॉ. कमल के प्यासा
प्ररूथी 108/6, समखेतर, जिला मंडी।

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**भटवाड़ी** मंडी जिले के द्रंग विधानसभा के ज्वालापुर क्षेत्र में पड़ता है। देव मंदिर, ज्वालापुर के देवखान नामक गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर नीचे की ओर भटवाड़ी गांव वाली सड़क के साथ ही पड़ता है। देवखान के लिए आसानी से एनएच-22 पर स्थित पनारसा नामक कस्बे से बस के जरिए पहुंच सकते हैं।

पनारसा से सुबह शाम दोनों समय बस सुविधा है। मंदिर भटवाड़ी गांव के ठीक बीचों-बीच सड़क के साथ ही स्थित है। तीन छत वाले पैगोड़ा शैली के इस मंदिर की सबसे ऊपर की छत छतरीनुमा (शंकु आकार) और नीचे की दोनों पिरामिडाकार छतें स्लेट चक्कों से छत्ती गई हैं। सबसे नीचे की छत सबसे बड़ी व सबसे ऊपर की तीसरी छत सबसे छोटी शंकु आकार में होती है। नीचे की दूसरी व तीसरी छत के निचले भागों को लकड़ी की सुंदर कारीगरी व देव आकृतियों के साथ उकेरे गए फूल-पत्तों से सजाया गया है। मंदिर का परिसर और प्रवेशद्वार भी अन्य पैगोड़ा शैली के मंदिरों की तरह ही स्लेट चक्कों से ढका देखा जा सकता है। यहां द्वार पर लकड़ी की नक्काशी का सुंदर काम देखने को मिलता है। परिसर प्रवेश द्वार से नीचे की ओर कुछ सीढ़ियां उतरने के बाद मंदिर के आंगन में प्रवेश होते हैं और फिर दाईं ओर चार-पांच सीढ़ियां चढ़कर मंदिर के सभा स्थल में प्रवेश करते हैं। यहीं से आगे मंदिर का गर्भगृह आ जाता है। गर्भगृह के तीनों ओर प्रदक्षिणा पथ की चौड़ाई लगभग पांच फीट और आगे का हिस्सा सभामंडप के साथ मिलकर कुछ खुला हो जाता है। पैगोडा शैली के इस समस्त मंदिर व तीनों छतों का सारा भार कुल मिलाकर 16 लकड़ी के मजबूत स्तंभों पर टिका है। मंदिर के छोटे से गर्भगृह के द्वार का आकार अढ़ाई फीट 2.5 गुना अढ़ाई फुट ही है और चौखट देवदार की मजबूत लकड़ी की बनी है, जिस पर सुंदर-सुंदर देव आकृतियां उकेरी गई हैं। मंदिर के गर्भगृह का आकार पांच फुट गुणा पांच फीट देखा गया है और इसमें कई प्रतिमाएं रखी गई हैं, जिनमें द्वार के ठीक सामने देव गणेश, देवी जयंती व ऋषि पराशर की प्रतिमा देखी जा सकती हैं। इन तीनों पत्थर की प्रतिमाओं का आकार दो फुट गुना डेढ़ फीट का देखा गया है। इन्हीं तीनों के अतिरिक्त 12 अन्य छोटी-छोटी प्रतिमाएं भी देखी गई हैं, जो आकार में एक फुट गुणा आठ इंच की हैं और इन्हें कतलू अर्थात जोगणियों के नाम से जाना जाता है। देव गणेश के इस मंदिर का द्वार फागुन मास अर्थात 12 से 13 फरवरी को एक बकरा खोलता है और इसी दिन मेले का भी आयोजन किया जाता है। इस दिन सबसे पहले सुबह चार बजे के करीब गांव का एक ब्राह्मण व्यक्ति बिना किसी का मुंह देखे दूर किसी गांव से बकरे को लाकर भटवाड़ी के इस मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचता है और वही बकरा गर्भगृह के द्वार को अपना मुंह लगता है और द्वार खोल दिया जाता है। इस प्रकार बकरे द्वारा द्वार खुल जाने के बाद मंदिर दर्शनों के लिए खुल जाता है। बाद में बकरे की बलि चढ़ाकर उसका प्रसाद बांट दिया जाता है।

## आपका पत्र

**टेक्नोलॉजी** का उचित प्रयोग किया जाए, तो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक। डिजिटल इंडिया और अन्य हर क्षेत्र के लिए इंटरनेट का बहुत उपयोग है। इंटरनेट के जरिए घर बैठे हर तरह के बिलों की अदायगी की जा सकती है। युवा घर बैठे ही अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की तैयारी कर सकते हैं। आजकल मोबाइल दूरसंचार कंपनियों की आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण इंटरनेट उपभोक्ता कम दाम पर उपलब्ध हो रहे हैं, जिसने खासतौर युवा पीढ़ी को बहुत प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वो इसका प्रयोग अपने भविष्य को उज्ज्वल और अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रयोग करे, ताकि उनके लिए यह वरदान साबित हो। सोशल मीडिया को कुछ लोग मात्र टाइम पास का जरिया मानते हैं और शरारती तत्व इसका दुरुपयोग करते हैं, लेकिन इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार भी ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं। कुछ लोग फेक न्यूज या मनगढ़ंत तथ्यों को भी सोशल साइट्स पर शेयर कर देते हैं, जो गलत है। जो लोग अफवाहें या भ्रांतिया सोशल मीडिया पर फैलाते हैं, उन पर शिकंजा कसने के लिए भी सरकार को प्रयास करने चाहिए।

– रोनित कुमार, बिलासपुर।

## आपकी डायरी

बैठे-बैठे सोच रहे हैं
क्या-क्या कुछ,
दुनिया में हम देख चुके
हैं क्या-क्या कुछ।
दफ्तर, तनख्वाह,
बीमा, कर्ज और दवा
पढ़-लिखकर, अब रोग
लगे हैं क्या-क्या कुछ।



शायर
सतपाल 'ख्याल'
बद्दी, सोलन।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# टीम इंडिया के आगे अब इंग्लैंड की चुनौती

## पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से होगी शुरू
## तीन साल बाद भारत का दौरा करेगी इंग्लैंड की टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज ड्रॉ करने के बाद अब इंग्लैंड टीम 3 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज खेलने आएगी। इस बार सीरीज में 5 मुकाबले होंगे। 25 से 29 जनवरी को पहला टेस्ट, 2 से 6 फरवरी तक दूसरा टेस्ट, 15 से 19 फरवरी तक तीसरा टेस्ट, 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट और 7 से 11 मार्च तक पांचवां टेस्ट मैच खेला जाएगा।

इंग्लैंड के खिलाफ डब्ल्यूटीसी के लिहाज से भारत को चुनौती मिलेगी। 5 मैचों की सीरीज में मुकाबले टक्कर के होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट सीरीज अगस्त 2021 के दौरान इंग्लैंड में हुई थी। 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। भारत में दोनों के बीच आखिरी सीरीज फरवरी 2021 में हुई थी, 4 टेस्ट की इस सीरीज को भारत ने 3-1 से जीता था। वहीं, भारत के बाद इंग्लैंड आगे वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज खेलेगा।



## ऑस्ट्रेलिया ने छीना भारत का नंबर वन का ताज

**दुबई।** केपटाउन में सात विकेट की जीत से दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला ड्रॉ कराने के बावजूद भारत को शुक्रवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान से हटा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी सरजमीं पर चल रही तीन मैच की श्रृंखला में पाकिस्तान पर 2-0 की अजेय बढ़त बनाई हुई है, जिसकी मदद से टीम रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचने में सफल रही। श्रृंखला का तीसरा मैच सिडनी में खेला जा रहा है। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर नंबर एक टेस्ट टीम बनने में मदद की। पिछली बार ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत के बाद थोड़े समय के लिए शीर्ष पर रहा था। रैंकिंग में पिछले अपडेट में भारत के पास ऑस्ट्रेलिया के साथ 118 रेटिंग अंक बराबर होने के बावजूद ज्यादा अंक थे, लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर रहने के कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से पिछड़ गई। आईसीसी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर होने और आस्ट्रेलिया के पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच में जीत से पैट कमिंस की टीम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। विज्ञप्ति के अनुसार यह ऑस्ट्रेलिया के लिए साल की ताजा उपलब्धि है, उसने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जीत हासिल की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### मांड्या में आठ साल बाद आईटीएफ टूर्नामेंट की वापसी, शीर्ष खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**मांड्या (कर्नाटक)।** भारत के शशिकुमार मुकुंद सहित कुछ शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सात से 14 जनवरी तक यहां होने वाले आईटीएफ मांड्या ओपन टेनिस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। मांड्या में आठ साल बाद आईटीएफ टूर्नामेंट की वापसी हो रही है। मई 2015 के बाद यहां पहली बार हो रहे आईटीएफ टूर्नामेंट में 18 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसकी कुल इनामी राशि 25 हजार डॉलर है। शशिकुमार के अलावा यूक्रेन के एरिक वांशेलबोइम, दक्षिण अफ्रीका के क्रिस वान विक, ब्रिटेन के जाइल्स हसी और ऑस्ट्रेलिया के थॉमस फेनकट जैसे शीर्ष खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अगुआई करेंगी प्रतिभावान गोल्फर अवनि प्रशांत

**मेलबर्न।** प्रतिभावान गोल्फर अवनि प्रशांत इस महीने होने वाले प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी, जिसमें दो पुरुष और दो महिला गोल्फर शामिल हैं। पेशवर बनने की अपनी योजना को कुछ समय के लिए टालने वाली 17 साल की अवनि दोनों प्रतियोगिताओं में हीना कांग के साथ खेलेंगी, जबकि पुरुष वर्ग में संदीप यादव और रोहित चुनौती पेश करेंगे। भारतीय टीम सदर्न गोल्फ क्लब में नौ से 12 जनवरी तक होने वाले वार्षिक ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी, जिसके बाद चारों भारतीय गोल्फर 16 से 19 जनवरी तक होने वाली प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप में शिरकत करेंगे। अवनि शीर्ष 50 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं और कई मौकों पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह क्वीन सिरिकिट कप भी जीत चुकी हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की 'बैगी ग्रीन' कैप मिली, किया धन्यवाद

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को खुलासा किया कि उनकी 'बैगी ग्रीन' (ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट बल्लेबाज को मिलने वाली कैप) यहां रहस्यमयी तरीके से टीम होटल में मिल गई। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले वार्नर ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि उनकी दो बैगी ग्रीन कैप मिल गई हैं। वार्नर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में कहा कि सभी को नमस्कार, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद खुशी और राहत महसूस कर रहा हूं कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं। उन्हेंने कहा कि कोई भी क्रिकेटर जानता है कि वह टोपी कितनी खास है और मैं इसे जीवन भर संजोकर रखूंगा। मैं इसे ढूंढने में शामिल सभी लोगों का बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मेरे कंधों पर बोझ था, जो उतर गया है, इसलिए मैं इसकी सराहना करता हूं। इसमें शामिल सभी लोगों को धन्यवाद।

### दक्षिण अफ्रीका के एथलीट ऑस्कर पिस्टोरियस पैरोल पर हुए जेल से रिहा

**प्रिटोरिया (दक्षिण अफ्रीका)।** दक्षिण अफ्रीका के एथलीट ऑस्कर पिस्टोरियस को पैरोल पर जेल से रिहा कर दिया गया है और अब वह घर पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के सुधार विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।विभाग ने पिस्टोरियस की रिहाई के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। घोषणा सुबह लगभग साढ़े आठ बजे की गई, जिससे पता चलता है कि सुधार अधिकारियों ने ओलंपिक धावक को दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के अटेरिजविले सुधार केंद्र से सुबह रिहा कर दिया। पिस्टोरियस के दोनों पैर नहीं है और वह कृत्रिम पैरों के सहारे दौड़ते हैं। पिस्टोरियस ने 2013 में वेलेंटाइन डे के दिन अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकैंप की हत्या के लिए मिली 13 साल और पांच महीने की सजा में से लगभग नौ साल की सजा काट ली है।

## यूवेंटस क्वार्टर फाइनल में

### इटैलियन कप में सालेर्निटाना को छह-एक से दी करारी शिकस्त



**तुरिन ( इटली )।** यूवेंटस ने एक गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सिरी ए में अंतिम स्थान पर चल रहे सालेर्निटाना को 6-1 से हराकर इटैलियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। डिफेंडर फेडेरिको गेटी की गलती का फायदा उठाकर चुकवुबुइकेम इकवुमेसी ने 59वें सेकंड में ही सालेर्निटाना को बढ़त दिला दी थी। यूवेंटस ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए फाबियो मिरेती, आंद्रिया केम्बियासो, डेनियल रुगानी, केनान यिलडिज और टिमोथी वीह के गोल से आसान जीत दर्ज की।

सालेर्निटाना के डिफेंडर डाइलन ब्रोन ने आत्मघाती गोल भी दागा। अंतिम आठ में यूवेंटस की भिड़ंत फ्रोसिनोन से होगी, जबकि फायोरेनटिना को बोलोगना से भिड़ना है। अन्य क्वार्टर फाइनल में लाजियो का सामना रोमा, जबकि मिलान का अटलांटा से होगा। फ्रोसिनोन ने पिछले महीने सिरी ए चैंपियन नेपोली को 4-0 से हराया था।

## रिबाकिना-अजारेंका ब्रिसबेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में

**ब्रिसबेन।** दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर शुक्रवार को ब्रिसबेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था, जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा और माइरा आंद्रीवा के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। सेमीफाइनल में अजारेंका की भिड़ंत शीर्ष वरीय एरिना सबालेंका और पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी।

## गॉफ-नवारो क्वार्टर फाइनल में जीतीं

**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने वर्षा से प्रभावित क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फ्रांस की वारवरा ग्रेचेवा को सीधे सेट में हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीय और गत चैंपियन कोको गॉफ ने सिर्फ 52 मिनट में मुकाबला 6-1, 6-1 से जीता। कोको गॉफ ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है, जबकि पिछले साल भी खिताबी जीत के दौरान उन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया था। बारिश के कारण मुकाबले की शुरुआत में विलंब हुआ और बादलों के बीच मुकाबले में रुकावट की आशंका बन रही थी, लेकिन कोको गॉफ ने पांच ऐस के साथ जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत हमवतन अमेरिकी एम्मा नवारो से होगी, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की पेत्रा मार्टिच को 6-4, 6-3 से हराया।

# आमिर जमाल ने दिलाई बढ़त, ऑस्ट्रेलिया की जोरदार वापसी, पाकिस्तान के 67/7 रन

**एजेंसी, सिडनी**

**तेज** गेंदबाज आमिर जमाल ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को शुक्रवार को तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा।

ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने तीसरे दिन स्टंप से पहले के सत्र में 68 रन तक पाकिस्तान के सात विकेट चटकाकर उसे एक और संभावित हार की ओर धकेल दिया। जोश हेजलवुड नौ रन देकर चार विकेट चटका चुके हैं, जबकि मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में एक-एक विकेट आया।

पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रन की है। दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद रिजवान छह रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि जमाल ने अभी खाता नहीं खोला है।

पाकिस्तान की दूसरी पारी में सैम अयूब (33) और बाबर आजम (23) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए हैं।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पिछला टेस्ट 1995 में यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही जीता था।

जमाल ने इससे पहले 69 रन देकर छह विकेट चटकाए, जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 299 रन पर समेटकर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 10 रन जोड़कर गंवाए।

ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर, 2020 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में पहली पारी में बढ़त गंवाई है।

जमाल ने चाय के विश्राम के बाद मिचेल मार्श (54) को मिड ऑफ पर शान मसूद के हाथों कैच कराया। उन्होंने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा और फिर अपने अगले ओवर में लियोन (05) और हेजलवुड (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया।

जमाल ने इससे पहले उस्मान ख्वाजा (47) और हेड (10) को भी पवेलियन की राह दिखाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 116 रन से की थी। मार्नस लाबुशेन (60) ने 23 रन से आगे खेलते हुए अर्धशतक जड़ा, लेकिन स्टीव स्मिथ (38) और एलेक्स कैरी (38) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील करने में नाकाम रहे।

**हेजलवुड ने नौ रन देकर झटके चार विकेट और मिचेल स्टार्क नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में आया एक-एक विकेट**



## टाटा मुंबई मैराथन के 19वें सत्र का आगाज 21 जनवरी को

# मुंबई मैराथन का आकर्षण होंगे गत चैंपियन हेले लेमी बरहानु, एंचियालेम हेमानोट







- प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि 405000 डॉलर
- पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को 50 हजार डॉलर
- दूसरे स्थान पर आने वाले धावकों को 25 हजार डॉलर
- तीसरे स्थान पर रहने वाले को मिलेंगे 10 हजार डॉलर
- प्रतियोगिता का मौजूदा रिकॉर्ड तोड़ने वाले धावक को मिलेगा अतिरिक्त बोनस 15 हजार डॉलर

**मुंबई।** गत चैंपियन और प्रतियोगिता के रिकॉर्ड धारक इथोपिया के हेले लेमी बरहानु और एंचियालेम हेमानोट 21 जनवरी को होने वाली टाटा मुंबई मैराथन के 19वें सत्र का आकर्षण होंगे। मुंबई मैराथन विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है। पिछले साल बरहानु ने दो घंटे सात मिनट 32 सेकंड के समय के साथ खिताब जीता था। महिला वर्ग में हेमानोव ने पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए दो घंटे 24 मिनट 15 सेकंड के टूर्नामेंट के रिकॉर्ड समय के साथ खिताब अपने नाम किया था। हालांकि दोनों धावकों के लिए 2024 में फिर से खिताब जीतना आसान काम नहीं होगा। इस बार छह अन्य पुरुष तथा दो अन्य महिला धावक ऐसे हैं, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्तमान के मुंबई के कोर्स रिकॉर्ड से बेहतर है।

प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि चार लाख पांच हजार डॉलर है। पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को 50 हजार डॉलर की समान इनामी राशि मिलेगी, जबकि दूसरे स्थान पर आने वाले धावकों को 25 हजार डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाले धावकों के खाते में 10 हजार डॉलर की राशि आएगी। प्रतियोगिता का मौजूदा रिकॉर्ड तोड़ने वाले धावक को 15 हजार डॉलर का अतिरिक्त बोनस मिलेगा।

**भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बोलीं- ओलंपिक क्वालीफायर हमारे लिए करो या मरो का मुकाबला**

# हम चुनौती के लिए हैं तैयार : सविता

**एजेंसी, रांची**

**भारतीय** महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है और उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी।

ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन यहां 16 से 19 जनवरी तक किया जाएगा, जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश शीर्ष तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में सविता ने कहा कि टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं, जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है, जबकि मेजबान भारत अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में है। भारत की उपकप्तान निक्की प्रधान ने कहा कि टीम की हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहती है। यह उनका सपना है और इस सप्ताह की शुरुआत में रांची पहुंचने के बाद हमने मैदान पर कुछ अच्छे ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया है।

भारत अपने शुरुआती मैच में 13 जनवरी को अमेरिका से भिड़ेगा। उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा। सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

### त्रिभुवन विश्वविद्यालय के नवनिर्मित केंद्रीय पुस्तकालय का किया उद्घाटन, भारत सरकार की मदद से हुआ है निर्माण

# विदेश मंत्री ने पशुपतिनाथ मंदिर में की पूजा, रुद्राक्ष का पौधा रोपा

**एजेंसी, काठमांडू**

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने दो दिवसीय नेपाल दौरे के आखिरी दिन शुक्रवार सुबह की शुरुआत काठमांडू के विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के साथ की। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ पशुपतिनाथ परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा।

पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने पर भारतीय विदेश मंत्री का पशुपति क्षेत्र विकास कोष के कार्यकारी निदेशक लक्ष्मी पुन, सदस्य सचिव घनश्याम खतिवडा आदि ने जोरदार स्वागत किया। डॉ. जयशंकर ने इस मौके पर विशेष पूजा करने के साथ रुद्राभिषेक भी किया। वह करीब घंटे भर पशुपति मंदिर में रहे। इस मौके पर सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त किया गया। नेपाल दौरे के दौरान भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने त्रिभुवन विश्वविद्यालय के नवनिर्मित केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत सरकार के सहयोग से निर्मित कई पुनर्निर्माण कार्यों का भी उद्घाटन किया। इनमें 25 विद्यालय भवन और 32 हेल्थ पोस्ट शामिल हैं। कीर्तिपुर स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद के साथ संयुक्त रूप से केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया। तीन हजार व्यक्तियों के एक साथ बैठने की क्षमता वाले पुस्तकालय का निर्माण भारत सरकार की मदद से किया गया है। यह दिव्यांग मैत्री पुस्तकालय है। इसके अलावा एस जयशंकर ने भारत सरकार के आर्थिक अनुदान से निर्मित कई पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें 25 विद्यालय भवन और 32 हेल्थ पोस्ट शामिल हैं।





### नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से मिले जयशंकर

**काठमांडू।** भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर नेपाल दौरे पर हैं। उन्होंने काठमांडू में नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ मुलाकात का फोटो विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने लिखा कि मुझे नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से बातचीत कर खुशी हुई। मैंने उन्हें टी20 विश्व कप के लिए चुने जाने पर बधाई दी है। मैंने उन्हें विश्व कप की तैयारियों के लिए भारत के सहयोग का आश्वासन दिया है।

# एशिया के सबसे अमीर शख्स बने गौतम अडानी, मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

**एजेंसी, मुंबई**

मुकेश अंबानी को पछाड़ गौतम अडानी अब एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में गौतम अडानी 97.6 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 12वें स्थान पर हैं, जबकि अंबानी 13वें स्थान पर आ गए हैं। उनकी कुल संपत्ति 97 अरब डॉलर है।

बता दें साल 2024 की शुरुआत अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के लिए धमाकेदार रही। पिछले 4 दिन की कमाई में अडानी ने दुनिया के सभी अमीरों को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक इस साल अब तक अडानी की संपत्ति 13.3 अरब डॉलर बढ़ी है। इसमें से 7.67 अरब डॉलर तो वीरवार को ही बढ़ गई। अडानी-हिंडनबर्ग केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी उछाल है और अडानी की संपत्ति में इससे इजाफा हो रहा है। साल 2023 में जिन अरबपतियों पर डॉलर की बारिश हुई थी, इस बार उनके लिए 2024 की शुरुआत खराब रही। दुनिया के टॉप-10 अमीरों में केवल वॉरेन बफेट की ही संपत्ति में इस साल इजाफा हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में टॉप-10 में से 9 अरबपतियों की संपत्ति अभी लाल निशान में है। इनमें सबसे अधिक नुकसान वाले टॉप 3 हैं। बर्नार्ड अर्नाल्ट, एलन मस्क और जेफ बेजोस की कुल संपत्ति में 28 अरब डॉलर गंवा चुके हैं।



97.6 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 12वें स्थान पर

## वर्ल्ड न्यूज

### हिज्बुल मुजाहिद्दीन आतंकी की गिरफ्तारी के बाद खुले कई राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम द्वारा हिज्बुल मुजाहिद्दीन आतंकी जावेद मट्टू को गिरफ्तार किए जाने के बाद लगातार कई खुलासे हो रहे हैं। मट्टू से पूछताछ में सामने आया है कि जावेद और उसके छह साथी करीब डेढ़ दशक से भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल हैं। इन सभी को पाकिस्तान से ट्रेनिंग मिली थी। इसके छह साथियों में दो साथी बचकर पाकिस्तान भाग चुके हैं जबकि चार अलग-अलग समय में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। इसके साथियों के नाम भी सामने आए हैं।

### प्रधानमंत्री के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए एक करोड़ पंजीकरण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बातचीत कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के 7वें संस्करण के लिए शुक्रवार तक माईगॉव पोर्टल पर एक करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कक्षा 6 से 12वीं के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन एमसीक्यू प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी के बीच माईगॉव पोर्टल पर लाइव है। पांच जनवरी तक 90 लाख से अधिक छात्र, आठ लाख से अधिक शिक्षक और लगभग दो लाख अभिभावक अब तक पंजीकरण करा चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि यह देश भर के छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है, जो इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं।

### सोमालिया में हाईजैक हुए जहाज पर नौसेना का ऑपरेशन पूरा

**मुंबई।** अरब सागर में सोमालिया के तट के पास हाईजैक हुए जहाज पर भारतीय नौसेना का ऑपरेशन पूरा हो गया है। 15 भारतीयों समेत सभी 21 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। नौसेना के मार्कोस कमांडो ने जहाज की सर्चिंग की है। वहीं, समुद्री लुटेरे अब जहाज पर नहीं मिले हैं। हाईजैक किए गए जहाज को छुड़ाने के लिए नौसेना के जहाज आईएनएस चेन्नई को रवाना किया गया था। मामला 4 जनवरी का है, लेकिन इसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई। लाइबेरिया के फ्लैग वाले इस जहाज का नाम लीला नोर्फोर्क है। जहाज ने ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स पोर्टल पर एक संदेश भेजा था। इसमें कहा गया था कि 4 जनवरी की शाम को 5-6 सुमद्री लुटेरे हथियारों के साथ जहाज पर उतरे और हाईजैक कर लिया।

### दिसंबर में रिकॉर्ड संख्या में खुले डीमैट अकाउंट, शेयर बाजार से कमाई की होड़

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में साल 2023 के दौरान आई तेजी का असर निवेशकों की संख्या में बढ़ोतरी के रूप में भी नजर आ रहा है। दिसंबर 2023 में कुल 41.78 लाख डीमैट अकाउंट खोले गए। ये संख्या अभी तक किसी भी महीने में खुले डीमैट अकाउंट के मामले में सबसे अधिक है। डीमैट अकाउंट का उपयोग शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने के लिए किया जाता है। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस लिमिटेड,(सीएसडीएल) और नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) से मिले आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर महीने में खुले नए डीमैट अकाउंट्स के बाद देश में कुल डीमैट अकाउंट्स की संख्या 13.93 करोड़ से अधिक हो गई है।

### पंजाब में पूर्व जत्थेदार बलवंत सिंह का 80 साल की उम्र में निधन

**अमृतसर।** पंजाब के तख्त श्री दमदमा साहिब के पूर्व जत्थेदार बलवंत सिंह नंदगढ़ का 80 साल की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने श्री मुक्तसर साहिब के एक प्राइवेट अस्पताल में अंतिम सांस ली। जत्थेदार बलवंत सिंह नंदगढ़ मार्च 2003 से लेकर जनवरी 2015 तक तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार रहे। इससे पहले वे 1996 में एसजीपीसी के सदस्य भी चुने गए थे।

### संसद की सुरक्षा में सेंध का मामला, कोर्ट ने सभी आरोपियों की कस्टडी 13 जनवरी तक बढ़ाई

# पांच आरोपी 'पॉलीग्राफी' टेस्ट के लिए तैयार, नीलम ने किया मना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। एडिशनल जज हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की मांग पर आरोपियों की पुलिस कस्टडी को 13 जनवरी तक बढ़ा दिया है। मामले में 6 आरोपियों में से 5 का पॉलीग्राफ टेस्ट होगा। दो आरोपियों मनोरंजन और सागर ने नार्को एनालिसिस और ब्रेन मैपिंग टेस्ट के लिए कोर्ट में अपनी सहमति दी है। बाकी तीन आरोपी अमोल, ललित और महेश भी पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए तैयार हो गए। छठी आरोपी और संसद के बाहर नारे लगाने वाली नीलम आजाद ने पॉलीग्राफ टेस्ट कराने से मना कर दिया है। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया।

डिफेंस के वकील अमित शुक्ला ने दिल्ली पुलिस की पॉलीग्राफी टेस्ट की मांग पर कोर्ट से कानूनी सलाह के लिए 15 मिनट का समय मांगा। कोर्ट ने इसकी मंजूरी दी। इसके बाद उन्होंने आरोपी अमोल शिंदे, ललित झा, मनोरंजन डी, सागर शर्मा और महेश कुमावत से बात की, जिसके वह पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए तैयार हो गए। वकील अमित शुक्ला ने दिल्ली पुलिस से मनोरंजन और सागर के नार्को और ब्रेन मैपिंग टेस्ट कराने का कारण पूछा। स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अखंड प्रताप ने बताया कि इसकी सलाह एक एक्सपर्ट ने दी है और वे इससे बंधे हैं। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने मोबाइल डाटा रिकवर करने और जांच के लिए कोर्ट से पुलिस कस्टडी आठ दिनों तक बढ़ाने की मांग की। वकील अमित शुक्ला ने पुलिस कस्टडी का विरोध किया और कहा कि ज्यूडिशियल कस्टडी के दौरान डाटा से संबंधित पूछताछ की जा सकती है यहां तक कि न्यायिक हिरासत के दौरान पॉलीग्राफ टेस्ट भी किया जा सकता है। लोकसभा में 13 दिसंबर को सागर शर्मा और डी मनोरंजन नाम के शख्स कूदे थे। इन्होंने रंगीन धुआं छोड़ा था। संसद के बाहर इनके साथी नीलम और अमोल शिंदे नारे लगा रहे थे।



फाइल फोटो

### नीलम आजाद की याचिका हो चुकी है खारिज

बता दें कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 13 दिसंबर को संसद सुरक्षा चूक मामले में गिरफ्तार आरोपी नीलम आजाद की उस याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया था जिसमें उसने अपनी पुलिस हिरासत को अवैध बताकर रिहाई का अनुरोध किया था। संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर 2023 को 6 आरोपियों को सेंध लगाई थी। ये वहीं दिन था जब 2001 में संसद भवन पर आतंकी हमला किया गया था। घटना के 24 घंटे के बाद ही सभी मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने पर आज होगी सुनवाई

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक करने पर 6 जनवरी को सुनवाई होगी। शुक्रवार को जिला जज की कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन टलने के बाद शनिवार की तारीख दी गई। दरअसल, चारों वादी महिलाओं की अपील पर सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक करने के लिए सुनवाई पूरी हो चुकी है। जिला न्यायालय में दो दिन पहले यानी बुधवार को एक घंटे की बहस में अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें पेश की। हिन्दू पक्ष की ओर से याचिका दाखिल करने वाली महिलाओं और वकीलों ने रिपोर्ट की हार्ड कॉपी मांगी तो मुस्लिम पक्ष ने इसे मेल पर देने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। उधर एएसआई ने चार सप्ताह तक रिपोर्ट को सार्वजनिक न करने की अपील की। एएसआई के वकील ने हाईकोर्ट के आदेश और सीनियर डिवीजन एफटीसी में चल रहे केस में रिपोर्ट सौंपे जाने का हवाला दिया। हालांकि आज का दिन अहम है और सभी की निगाहें इस पर टिकी हुई हैं। हैदराबाद के साथ अमेरिका के वैज्ञानिकों की टीम ने कई दिनों तक 10 मीटर तक गहराई का गहन अध्ययन किया गया। फिर अमेरिका में 400 से लेकर 900 मेगा हर्ट्ज और उससे अधिक रेंज के राडार की मदद से रिपोर्ट बनाई गई।

# सिख रेजिमेंट ने साहसिक पंजाबी धुनों पर प्रदर्शित की शौर्य कला

### मध्य कमान में नो योर आर्मी फेस्टिवल का शुभारंभ



मध्य कमान में आयोजित तीन दिवसीय नो योर आर्मी फेस्टिवल के शुभारंभ पर सेना के हथियारों का अवलोकन करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय नो योर आर्मी फेस्टिवल का शुभारंभ किया।

उन्होंने रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है। पहली बार देश की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित हो रहे नो योर आर्मी फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समारोह के लिए लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड को चुना जाना गर्व की बात है। यह प्रदेश के युवाओं को नजदीक से भारतीय सेना को जानने और सेना के शौर्य और पराक्रम को नजदीक से पहचानने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने सिख रेजिमेंट के शौर्यकला प्रदर्शन को शानदार बताते हुए कहा कि ये भारत की प्राचीन कला है, जिसके जरिए हमारे पारंगत युवा आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देते थे।

### भारतीय सेना 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक : योगी

सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। सीएम योगी ने सेना के अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों की जानकारी भी ली।

# महेंद्र सिंह धोनी को करीबी दोस्त ने लगाया चूना, रांची में केस दर्ज

**एजेंसी, रांची**

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विशवॉश के खिलाफ रांची कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज कराया है। मिहिर दिवाकर धोनी के करीबी दोस्त रहे हैं, वहीं वह उनके बिजनेस पार्टनर भी रहे हैं।

मिहिर ने धोनी के साथ कई फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। दरअसल, मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए 2017 में महेंद्र सिंह धोनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे पर समझौते में बताई गई शर्तों का पालन नहीं किया। इस मामले में अरका स्पोर्ट्स को फ्रेंजाइजी का शुल्क भुगतान करना था। वहीं समझौते के तहत प्रॉफिट शेयर करना था पर समझौते के सभी नियम और शर्तों की धज्जियां उड़ाई गई। धोखाधड़ी सामने आने पर महेंद्र सिंह धोनी ने रांची कोर्ट में केस दर्ज करवाया है।



### धोनी को हुआ 15 करोड़ रुपए का नुकसान

महेंद्र सिंह धोनी ने 15 अगस्त, 2021 को अरका स्पोर्ट्स से अथॉरिटी लेटर वापस ले लिया। उनको धोनी की ओर से कई कई कानूनी नोटिस भेजे गए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद धोनी के वकील दयानंद सिंह ने दावा किया है कि अरका स्पोर्ट्स ने उनके साथ धोखाधड़ी की है, जिससे उन्हें 15 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।

# लंबे समय के बाद सामने आईं अजय देवगन की बेटी नीसा

वायरल वीडियो पर हुईं ट्रोल

**एजेंसी, मुंबई**

फिल्म अभिनेता अजय देवगन की बेटी नीसा देवगन लंबे समय बाद सामने आई हैं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ है।

नीसा को उनके एटीट्यूड और अजीबो-गरीब मेकअप की वजह से ट्रोल किया जा रहा है। हाल ही में जब वह एक नाइट क्लब में पहुंचीं तो पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद कर लिया, लेकिन वह कैमरे के सामने बिना मुस्कुराए सीधे रेस्टोरेंट के अंदर चली गईं। नीसा देवगन हाल ही में अपनी बेस्ट फ्रेंड ओरी की पार्टी में स्पॉट हुईं। उनका पार्टी में आने और बाहर निकलने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। उन्होंने कलरफुल स्किन टाइट वन पीस पहन रखा था। इसमें वह काफी डार्क मेकअप किए हुए नजर आ रही हैं। नीसा का ये लुक नेटिजन्स को तो पसंद नहीं आया। उन्हें ट्रोल किया गया। अब लंबे समय बाद मीडिया के सामने आने के बाद उन्हें फिर से ट्रोल किया जा रहा है।



### वीडियो देखने के बाद कमेंट सेक्शन बना चर्चा

नीसा के इस वीडियो को देखने के बाद कमेंट सेक्शन चर्चा का विषय बन गया है। उनके लुक पर मेकअप बहुत ज्यादा है, सब कुछ बिलकुल नकली लग रहा है, जैसे कमेंट आए हैं। हाल ही में अजय देवगन कॉफी विद करण ने बेटी की ट्रोलिंग पर कमेंट किया। ये बातें हमें और उसे भी पसंद नहीं हैं, लेकिन आप इसे बदल नहीं सकते। सिर्फ इसलिए कि कुछ लोग आपके बारे में बुरी बातें कहते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि हर कोई आपके बारे में ऐसा ही सोचता है। इसलिए ये बातें मायने नहीं रखतीं।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(6 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **शुभ मुहूर्तः** अभीजित 12:06 -12:47 दोपहर तक, **तिथि :** दशमी 00:44 रात्रि तक, **नक्षत्र :** स्वाति 09:23 रात्रि, **पक्ष :** कृष्ण, **राहुकाल :** 09:50-11:08 सुबह तक।

### विशेष दिन

- श्री पार्श्वनाथ जयंती आज।
- सफला एकादशी व्रत कल।

सूर्योदय : 07:14
सूर्यास्त : 05:38

**मेष :** अगर आज आप यात्रा कर रहे हैं तो आपको अपने सामान की अतिरिक्त सुरक्षा करने की जरूरत है। धन, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। मित्रों से सहयोग लेना पड़ सकता है।

**वृषभ :** आज आपको किसी रिश्तेदार यो विशेष व्यक्ति से कुछ मानसिक तनाव मिल सकते हैं। नौकरी और व्यवसाय में सहयोग से सफलता प्राप्त करेंगे। धन लाभ के अच्छे योग हैं।

**मिथुन :** आज बच्चों के साथ समय बिताना खास होगा। घर-परिवार के लिए समय निकालने की कोशिश करें। गलत संगति से बचने की कोशिश करें। प्रेम सम्बंधों में सफलता प्राप्त करेंगे।

**कर्क :** आज आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। शत्रु पक्ष प्रभावी रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में सहयोग से सफलता प्राप्त करेंगे। मन को शांत तथा प्रसन्न रखें। खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है।

**सिंह:** आज महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। पारिवारिक प्रतिष्ठा व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। प्रेम सम्बंधों में मधुरता आएगी। रोजगार के अवसर विकसित होंगे। व्यर्थ के खर्चों से बचने की कोशिश करें।

**कन्या :** आज का दिन अधिकांश समय खरीददारी और दूसरी गतिविधियों में जाएगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। करियर के लिहाज से आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ सकता है।

**तुला :** आज आपके विचारों में काल्पनिकता का समावेश हो सकता है। भावनात्मक तौर पर आप इस बात को लेकर अनिश्चित और बेचैन रहेंगे कि आप क्या चाहते हैं। धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज कोई शुभ समाचार मिल सकता है। अपने परिवार के हितों के खिलाफ काम न करें। कारोबार में वृद्धि होगी। आज के दिन आपकी योजनाओं में आखिरी पल में बदलाव हो सकते हैं।

**धनु:** यदि आज आप अपने लिए कुछ खास करना चाहते हैं तो यह समय एकदम उचित है। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरुरत है। माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** आज मानसिक उदासी और खिन्नता रहेगी। उत्साह भंग होगा। व्यावसायिक मामलों में जोखिम न उठाएं। संतान पक्ष से सहयोग प्राप्त होगा। महिला मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कुंभ :** आज अकस्मात व्यय से परेशानी होगी। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक लाभ की स्थिति है। शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास सार्थक होगा।

**मीन :** रचनात्मक प्रयास में इच्छित सफलता मिलेगी। नौकरी और व्यवसाय में स्थिति अच्छी बनी रहेगी। संबंधों में कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति है। आर्थिक योजना को बल मिलेगा।

**प्रदर्शन** ग्लोबल इकोनॉमिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद रशीद ने विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट की जारी

# 2024 में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**

2024 के लिए 6.2 प्रतिशत की अनुमानित विकास दर के साथ, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपने साथियों से बेहतर प्रदर्शन किया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में केवल 2.4 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। यह बात वैश्विक अर्थव्यवस्था की निगरानी करने वाले संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने कही है।

ग्लोबल इकोनॉमिक के निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद रशीद ने वीरवार को विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट (डब्ल्यूईएसपी) जारी करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देश के रूप में भारत ने लगातार 6 प्रतिशत से अधिक का विकास किया है और हमारा मानना है कि यह 2024 और 2025 में भी जारी रहेगा। रिपोर्ट में 2023 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 6.3 प्रतिशत बताई गई है, जो सितंबर में किए गए अनुमान से 0.5 प्रतिशत अधिक है, और इस वर्ष इसके 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 0.5 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले साल भारत की विकास दर बढ़कर 6.6 फीसदी होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास पैटर्न को मुख्य रूप से लचीली निजी खपत और मजबूत सार्वजनिक निवेश द्वारा समर्थित किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक विश्लेषण और नीति प्रभाग के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने संकेत दिया कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था में संभवतः अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। उन कारकों के बारे में पूछे जाने पर जो भारत को तेज वृद्धि से रोक रहे हैं, मुखर्जी ने हंसी के बीच कहा कि मुझे यकीन नहीं है कि 7.7 प्रतिशत, 6.3 प्रतिशत, 6.2 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत को वास्तव में कुछ रोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में, मुझे लगता है कि यदि आप भारत के आकार और जटिलता के साथ बहुत तेज गति से विकास करते हैं, तो एक तरह से अमूर्त अर्थ में किसी को भी अर्थव्यवस्था के अधिक गर्म होने का खतरा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि पिछले साल के अनुमानित 2.7 प्रतिशत से घटकर इस साल 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।



### भारत में घरेलू खर्च बढ़ा, रोजगार में भी सुधार

राशिद ने कहा कि हालांकि भारत के लिए मुद्रास्फीति अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन इसे दरों में उतनी वृद्धि करने की आवश्यकता नहीं है और मुद्रास्फीति काफी कम हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार को राजकोषीय समर्थन को बनाए रखने में मदद मिली जिसकी उसे जरूरत थी। उन्होंने कहा कि हमने भारत में महत्वपूर्ण राजकोषीय समायोजन या राजकोषीय छंटनी नहीं देखी। कुल मिलाकर घरेलू खपत बढ़ रही है, घरेलू खर्च बढ़ा है, रोजगार की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इसलिए हम निकट भविष्य में भारत की वृद्धि परिदृश्य को लेकर काफी आशान्वित हैं।